You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-149 ❒ सोमवार, 29 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



सपने केवल देखने के लिए नहीं होते, बल्कि उन्हें साकार भी किया जा सकता है। विकसित भारत-2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।
ज्योतिरादित्य सिंधिया

सूरत में पावर बैंक ब्लास्ट, यूट्यूबर का घर जलकर राख 11

'मन की बात' राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है: संजय सरावगी 12

### सपा अध्यक्ष सच में धार्मिक हैं तो श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर खुलकर बोलें मुख्यमंत्री

# अखिलेश जी, अयोध्या को रामभक्तों ने संवारा, आप पश्चाताप कर रामलला के दर्शन करिए : योगी

एजेंसी

हाथरस । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कड़ा प्रहार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। जिस समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया, कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों पर रोक लगाई और कांवड़ यात्रा तक प्रतिबंधित कर दी, वह आज अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस में हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद तीन विधानसभा क्षेत्रों में 548 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। वहीं लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्मार्ट फोन, युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉल के पास एक नन्ही बच्ची को चम्मच से दूध पिलाया, गोद में लेकर दुलार किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा अखिलेश यादव का बयान पढ़कर आश्चर्य हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, अरे, आप क्या धार्मिक नगरी बनाएंगे। पहले अपना इतिहास देखिए। आपकी ही समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या त्रेता युग की स्मृतियों को साकार करती दिखाई दे रही है। रामभक्तों के परिश्रम और पुरुषार्थ से अयोध्या विश्वभर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है। ऐसे में अब समाजवादी पार्टी को भी अयोध्या की याद आने लगी है।



❒ मुख्यमंत्री योगी ने हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 548 करोड़ रुपये की लागत से 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया

❒ सपा अध्यक्ष सच में धार्मिक हैं तो श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर खुलकर बोलें: मुख्यमंत्री योगी

❒ 2017 से पहले मंदिरों का पैसा कब्रिस्तानों में जाता था, हमने आस्था के केंद्रों के विकास में लगाया: मुख्यमंत्री योगी

❒ मोहर्रम पर 12 हजार जुलूस निकले, लेकिन कहीं भी दंगा, उपद्रव या कर्फ्यू नहीं

कब्रिस्तानों की नहीं, मंदिरों की आवश्यकता है

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने थानों और जेलों में होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम तक बंद करा दिए थे। कांवड़ यात्रा पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब हाथरस में 22 से अधिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया गया है, लेकिन यह कार्य समाजवादी सरकार में कभी संभव नहीं था। तब यही पैसा कब्रिस्तानों की बाउंड्रीवाल बनाने में खर्च होता था। हमने वही पैसा मंदिरों की ओर डायवर्ट किया है। कब्रिस्तानों की नहीं, मंदिरों की आवश्यकता है क्योंकि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं।

रामलला के दर्शन कर लो, शायद सद्बुद्धि आ जाए

मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव को सलाह देते हुए कहा कि वे अयोध्या की चिंता छोड़ दें क्योंकि अयोध्या अपनी पहचान के लिए किसी की मोहताज नहीं है। अखिलेश जी, अयोध्या को रामभक्तों ने सजाया और संवारा है। आप उसकी चिंता मत करिए। पश्चाताप कर एक बार रामलला के दर्शन कर लीजिए, शायद सद्बुद्धि आ जाए। सपा वास्तव में धार्मिक आस्था का सम्मान करना चाहती है तो उसे खुलकर मथुरा-वृंदावन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन चला था, उसी प्रकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए भी अभियान चलाने की बात समाजवादी पार्टी को खुलकर करनी चाहिए।

खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। लेकिन समाजवादी पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है क्योंकि ● शेष पेज 11 पर

## श्री अकाल तख्त के आदेश का अक्षरशः पालन करेंगे आज सभी मंत्री-विधायक होंगे पेश : भगवंत मान

एजेंसी

चंडीगढ़ । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख कौम की सर्वोच्च धार्मिक संस्था है और उसके प्रत्येक आदेश का पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब किए गए पंजाब विधानसभा के स्पीकर सहित सभी मंत्री और विधायक सोमवार को वहां उपस्थित होकर राज्य सरकार का पक्ष रखेंगे।श्री अमृतसर साहिब में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उनकी नकल करने वाले व्यक्ति की फर्जी वीडियो से संबंधित समस्त विवरण भी श्री अकाल तख्त साहिब को सौंपेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल इस मुद्दे को धार्मिक रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजनीति और धर्म को कभी भी एक-दूसरे के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से सिखों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपील की। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ''श्री अकाल तख्त साहिब प्रत्येक सिख के लिए सर्वोच्च आस्था का केंद्र और हमारी कौम का सर्वोच्च तख्त है। वहां से जारी प्रत्येक आदेश हमारे लिए पूरी श्रद्धा के साथ स्वीकार्य है और उसका अक्षरशः पालन किया जाएगा। हमारे सभी मंत्री, विधायक तथा पंजाब विधानसभा के स्पीकर, जिन्हें श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा तलब किया गया है, ● शेष पेज 11 पर



❒ मेरा मास्क पहनकर नकल करने वाले की फर्जी वीडियो भी पत्र के साथ अकाल तख्त साहिब को सौंपी जाएगी

## लखनऊ : पुलिस विभाग में तैनात आरक्षी सेवा से बर्खास्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट ने विभागीय अनुशासनहीनता और नियमों के लगातार उल्लंघन के दोषी पाए जाने पर आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से रविवार को दी गई जानकारी में बताया गया कि आरक्षी सुनील ने बीते मई माह में एक वीडियो सोशल मीडिया में सार्वजनिक किया था, जिसमें ये आरोप लगाए थे कि पुलिस विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर गार्ड कमांडरों तक रिश्वतखोरी की एक श्रृंखला सक्रिय है। अधिकारियों को 'काले अंग्रेज' बताते हुए पुलिसकर्मियों के शोषण के भी आरोप लगाए थे। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का संज्ञान लेकर एक जांच समिति बनाई गई थी। समिति ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए। आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला सहित सभी संबंधित व्यक्तियों को अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया। तथापि, आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में यह सिद्ध हुआ कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध न सिर्फ निराधार रूप से आरोप सार्वजनिक रूप से प्रसारित किए गये। अपितु विभाग की छवि को बिना साक्ष्य के धूमिल करने का प्रयास किया गया है। पुलिस बल में अनुशासनहीनता ● शेष पेज 11 पर

## महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में समृद्धि हाइवे पर दो वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत

मुंबई । महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले स्थित समृद्धि हाइवे पर रविवार को सुबह दो वाहनों की टक्कर में एक परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की छानबीन हाइवे पुलिस कर रही है। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने आज बताया कि चंद्रपुर शहर के बाबूपेठ इलाके में डी.एड. कॉलेज के पास रहने वाला जीवने परिवार रविवार को एक वैगनआर कार में एक फ़ेमिली फंक्शन के लिए अकोला के लिए निकला था। जैसे ही उनकी कार धामनगांव तहसील में समृद्धि हाइवे पर चैनल नंबर 106 के पास पहुंची, तो कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खड़े कंटेनर को टक्कर मार दी। इस घटना में कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### प्रशिक्षण विमान के प्रोपेलर से प्रशिक्षु पायलट के घायल होने की जांच शुरू

नई दिल्ली । नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कानपुर के चकेरी हवाई अड्डे पर प्रशिक्षण उड़ान के दौरान हुई दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। मामले में संबंधित फ्लाइट इंस्ट्रक्टर को जांच पूरी होने तक उड़ान प्रशिक्षण दायित्वों से हटा दिया गया है, जबकि घटना में शामिल विमान के संचालन पर रोक लगा दी गई है। डीजीसीए ने रविवार को बताया कि 26 जून को गर्ग एविएशन के फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (एफटीओ) का ट्विन इंजन टेक्नम पी2006टी विमान (वीटी-एनबीवी) चकेरी हवाई अड्डे पर रात्रिकालीन प्रशिक्षण उड़ान में लगा हुआ था। विमान में एक फ्लाइट इंस्ट्रक्टर और एक कैडेट पायलट सवार थे। विमान के उतरने के बाद प्रशिक्षु पायलट इंजन चालू रहने के दौरान विमान से उतर गई। इस दौरान वह विमान के प्रोपेलर की चपेट में आ गई, जिससे उसकी पीठ में चोटें आईं। घायल कैडेट को कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीजीसीए ने कहा कि घटना की परिस्थितियों, सुरक्षा प्रक्रियाओं के अनुपालन और संबंधित जिम्मेदारियों की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूरी होने तक संबंधित फ्लाइट इंस्ट्रक्टर को प्रशिक्षण उड़ानों से अलग कर दिया गया है। डीजीसीए ने निर्देश दिया कि घटना में शामिल विमान का उपयोग जांच पूरी होने तक नहीं किया जाएगा। डीजीसीए पूरे मामले की जांच कर रहा है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने बताया निराधार, आतंकी ढांचे पर कार्रवाई की नसीहत

नई दिल्ली। भारत ने कराची में हुई घटना को लेकर पाकिस्तान की ओर से लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया है। भारत ने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने यहां मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भारत ने कराची की हालिया घटना को लेकर पाकिस्तान की रिपोर्टें देखी हैं, जिनमें भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज

## फ्रांस में उड़ान भरते ही प्लेन क्रैश पायलट समेत सवार सभी लोगों की मौत

एजेंसी

फ्रांस। फ्रांस के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र टॉम्बलेन में रविवार को एक दर्दनाक विमान हादसा हो गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, एक नागरिक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार पायलट समेत सभी 11 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने बताया कि विमान में कुल 11 लोग सवार थे, जिनमें 1 पायलट, 5 पैराशूट प्रशिक्षण ले रहे छात्र, 5 प्रशिक्षक (इंस्ट्रक्टर) शामिल थे। हादसे में किसी के भी बचने की सूचना नहीं है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह विमान एक पैराशूट प्रशिक्षण स्कूल का था। विमान ने नैंसी-एसे एयरफील्ड से उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही टॉम्बलेन क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसे की वजह तकनीकी खराबी थी, मौसम या कोई अन्य कारण। हादसे के बाद पुलिस, दमकल और आपातकालीन सेवाओं की टीमें मौके पर पहुंच गईं।



प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे मेउर्थ-ए-मोसेल विभाग में स्थित दुर्घटनास्थल और एयरफील्ड के आसपास जाने से बचें, ताकि राहत और जांच कार्य में बाधा न आए। विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए फ्रांसीसी विमानन सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। जांच में विमान के तकनीकी रिकॉर्ड, उड़ान डेटा, मौसम की स्थिति और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों की जांच की जाएगी।फिलहाल मृतकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है और अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी जारी किए जाने का इंतजार है।

### असम : तिनसुकिया में आतंकी साजिश नाकाम, उल्फा (आई) से जुड़े दो और सहयोगी समेत चार गिरफ्तार

तिनसुकिया (असम) । असम पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) की एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया है। तिनसुकिया जिला पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अब तक कुल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। तिनसुकिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मयंक कुमार ने मीडिया को बताया कि 26 जून को केंद्रीय एजेंसियों और सुरक्षा बलों के सहयोग से लेखापानी थाना क्षेत्र के जागुन में चलाए गए खुफिया-आधारित अभियान के दौरान उल्फा (आई) के दो सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया गया था। उनकी पहचान स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट सियोर आसोम उर्फ हुमेनज्योति बरुवा (27) तथा स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट मनोज आसोम उर्फ पापु मोरान (30) के रूप में हुई है। दोनों वर्ष 2018 में संगठन में शामिल हुए थे और कई आतंकी घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। एसपी के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि वे तिनसुकिया शहर में नागरिकों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी और ग्रेनेड हमला करने की ● शेष पेज 11 पर

## जन आंदोलन बने नशा मुक्त भारत : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

बेंगलुरु । उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को बेंगलूरु में एक कार्यक्रम में कहा कि नशे की समस्या केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि शिक्षा, उत्पादकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय विकास के लिए भी गंभीर चुनौती है। उन्होंने आह्वान किया कि शैक्षणिक संस्थान, परिवार, स्वास्थ्यकर्मी, कानून प्रवर्तन एजेंसियां और नागरिक समाज मिलकर नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए कार्य करें तथा 'नो टू ड्रग्स' को एक राष्ट्रीय जन आंदोलन का स्वरूप दें। उपराष्ट्रपति बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरजीयूएचएस) के 31वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित 'नशा मुक्त भारत कॉन्क्लेव' में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन आरजीयूएचएस ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिशा बोध फाउंडेशन के सहयोग से किया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई व्यक्ति स्तर से शुरू होकर समाजव्यापी अभियान में बदलनी चाहिए। नशा मुक्त भारत का अर्थ केवल मादक पदार्थों की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, सही निर्णय लेने की क्षमता, सहयोगी परिवारों और मजबूत समुदायों का निर्माण भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन पर पूर्ण नियंत्रण रखना चाहिए क्योंकि जब नशा मन पर नियंत्रण कर लेता है तो व्यक्ति अपने जीवन पर नियंत्रण खो देता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नशे की लत के कारण बर्बाद होने वाला प्रत्येक युवा जीवन देश की क्षमता और भविष्य की क्षति है। उन्होंने छात्रों, विशेष रूप से भावी चिकित्सकों, नर्सों, फार्मासिस्टों, मनोवैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों से जागरूकता के दूत बनने का आह्वान किया। युवाओं को नशा उन्मूलन के लिए रोकथाम, उपचार, अनुसंधान और साक्ष्य आधारित नीतियों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।



उन्होंने नशा चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार विज्ञान और सामुदायिक हस्तक्षेपों पर अधिक शोध की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि नीतियों का आधार वैज्ञानिक प्रमाण होने चाहिए और अनुसंधान के निष्कर्षों को नीति निर्माण में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी, परामर्श सेवाओं और सहकर्मी सहायता नेटवर्क के प्रभावी उपयोग की भी वकालत की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह लंबे समय से नशा मुक्त शैक्षणिक परिसरों की आवश्यकता पर बल देते रहे हैं। तीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में उन्होंने लगातार ड्रग-फ्री कैंपस की वकालत की है। उन्होंने इस वर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय में शुरू किए गए 'ड्रग-फ्री कैंपस अभियान' और ई-प्रतिज्ञा मंच का उल्लेख करते हुए संतोष व्यक्त किया कि इस पहल ने परिसर में नशामुक्त वातावरण बनाने में सकारात्मक योगदान दिया है। राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय को स्वास्थ्य शिक्षा, अनुसंधान और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में ● शेष पेज 11 पर

# मन की बात: प्रधानमंत्री ने गिनाईं आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियां, जनभागीदारी को बताया देश की सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जून का महीना भारत के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, विमानन क्षेत्र की नई उपलब्धियों, योग की वैश्विक स्वीकार्यता, जनभागीदारी, सामाजिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे अनेक प्रेरणादायक प्रयासों का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे सकारात्मक बदलाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई शक्ति प्रदान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने रविवार को 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2026 का आधा समय पूरा होने जा रहा है और बीते छह महीनों के दौरान देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जून का महीना विशेष रूप से ऐसी सफलताओं और जनआंदोलनों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत की सामरिक क्षमता, तकनीकी दक्षता, सामाजिक चेतना और वैश्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों के बीच देशवासियों ने जिस जिम्मेदारी और जागरूकता का परिचय दिया है, वह भारत की सामूहिक शक्ति को दर्शाता है। सोने की खरीदारी सीमित करने, विदेश यात्राएं टालने, कार पूलिंग अपनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी उनकी अपील को लोगों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर देश एकजुट होकर कार्य करने के लिए सदैव तैयार रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनेक परिवारों ने विवाह जैसे आयोजनों में नया ● शेष पेज 11 पर



❒ मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रहा : गिरीश भंडूला

❒ मन की बात' में गूंजी मप्र के ब्यावरा की पर्यावरण क्रांति, प्रधानमंत्री ने बहनों के प्रयासों को सराहा

❒ मप्र के ब्यावरा की महिलाओं ने प्लास्टिक कचरे से बदली शहर की सूरत, 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने की तारीफ

### सेशेल्स की संसद में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन, भारत-सेशेल्स संबंध 256 वर्ष पुराने


विक्टोरिया (सेशेल्स) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल 50 वर्षों के नहीं बल्कि इनकी जड़ें अगस्त 1770 तक जाती हैं, जब 'थेलेमाक' नामक जहाज से पांच भारतीय पहली बार यहां पहुंचे थे। दुनिया भले ही सेशेल्स को हिंद महासागर स्थित छोटे-छोटे द्वीपों के समूह के रूप में देखती हो लेकिन भारत की नजर में सेशेल्स एक विशाल महासागरीय राष्ट्र है, जिसकी भूमिका हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि में अत्यंत महत्वपूर्ण है। तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह उनके लिए विशेष सम्मान का क्षण है। उन्होंने स्पीकर सिल्वेन लिबेआन, सरकारी कामकाज के नेता बर्नार्ड जॉर्जेस, विपक्ष के नेता, सांसदों और सेशेल्स की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वह भारत के 1.4 अरब लोगों की ● शेष पेज 11 पर

## राम मंदिर को लेकर अनर्गल आरोप माहौल खराब करने का प्रयास : विहिप

एजेंसी

नई दिल्ली । विश्व हिंदू परिषद का कहना है कि राम मंदिर को लेकर लगाए जा रहे अनर्गल आरोप माहौल खराब करने की साजिश है। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी के बीच विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस के संवाददाता सम्मेलन में लगाए गए 'हजारों करोड़ की चोरी' के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने इसे समाज में विद्वेष फैलाने की साजिश बताया। इसके साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के 'सियाराम धाम' बनाने वाले चुनावी वादे को भी आड़े हाथों लिया। आलोक कुमार ने कांग्रेस द्वारा राम मंदिर से कीमती सामान और हजारों करोड़ गायब होने के आरोपों पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि मंदिर का सारा सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान पूरी तरह सुरक्षित है। विहिप अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि जब सब कुछ सुरक्षित है, तो 'हजारों करोड़ गायब होने' का यह आंकड़ा कहां से आ गया? यह पूरी तरह से हवा-हवाई और समाज में असंतोष पैदा करने की कोशिश है। आलोक कुमार ने इसे सिर्फ एक राजनीतिक बयान न मानकर एक गंभीर दंडनीय अपराध बताया। उन्होंने जांच एजेंसियों और पुलिस से सख्त कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में अविश्वास, नाराजगी और आस्था को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही इस 'रूमर मोंगरिंग' (अफवाहबाजी) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। पुलिस को ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों को समन ● शेष पेज 11 पर



# बिजनौर में 13 करोड़ रुपये मूल्य की 1.360 हेक्टेयर सरकारी भूमि अतिक्रमणमुक्त

❒ नगर निगम दस्ते ने सरकारी जमीन पर बने अवैध बाउंड्रीवाल और प्लॉटिंग किये ध्वस्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को ग्राम बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 13 करोड़ रुपये मूल्य की 1.360 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। यह कार्रवाई अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) न्यायालय द्वारा 8 जून 2026 को पारित बेदखली आदेश के अनुपालन में की गई।

## नगर निगम और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान

नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर अंकित शुक्ला तथा प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान संचालित किया। कार्रवाई के दौरान गाटा संख्या 315 (तालाब), 401 (पुरानी परती), 406 (ऊसर), 490 (बंजर) तथा 378 (ऊसर) की सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

## जेसीबी से हटाए गए अवैध निर्माण

अभियान के दौरान सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्रीवाल तथा प्लॉटिंग को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त किया गया। इस दौरान थाना बिजनौर पुलिस और पीएसी का पर्याप्त बल तैनात रहा, जिससे पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## राजस्व एवं नगर निगम के अधिकारी रहे मौजूद

अभियान के दौरान तहसीलदार सुखवीर सिंह , नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव , राजस्व निरीक्षक प्रेम प्रकाश पाण्डेय , लेखपाल आलोक वर्मा सहित नगर निगम के तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय, नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार , राजस्व निरीक्षक प्रदीप गिरी , लेखपाल अनुपम कुमार एवं संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# अटल सरोवर तालाब के पास आरसीसी निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही, मिट्टी से रास्ता बंद

❒ मानक के विपरीत हो रही टएए ढलाई, भीषण गर्मी में तरावट न होने से फटने का खतरा

❒ स्थानीय लोगों ने डीएम प्रयागराज से गुणवत्ता जांच की मांग की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव , प्रयागराज । प्रयागराज जनपद के नगर पंचायत कोरांव के बहादुर शाह नगर में अटल सरोवर तालाब, थाना कोरांव के पीछे, लेडियारी-कोरांव मुख्य संपर्क मार्ग पर हो रहे निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही सामने आई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि टएए ढलाई के दौरान निकली मिट्टी को आसपास के घरों के सामने इस कदर रख दिया गया है कि लोगों के वाहन तक नहीं निकल पा रहे। जिम्मेदारों द्वारा मिट्टी को बाहर नहीं करवाया गया, जिससे छोटे-छोटे बच्चों को गुजरने में भी जान का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। भीषण गर्मी में टएए ढलाई के बाद तरावट तक नहीं कराई जा रही, जिससे ढलाई फटने का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## प्रयागराज में बोल्बो बस की टक्कर से महिला की मौत, मोटरसाइकिल चालक घायल

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित शिवकुटी थाना क्षेत्र में फाफामऊ पुल के समीप रविवार शाम बोल्बो बस की टक्कर लगने मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल चालक जख्मी हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने महिला के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि हादसे में अमेठी जनपद के पीपापुर थाना क्षेत्र के खड़हर गांव निवासी कमलेश कुमारी (55) पत्नी उमा प्रसाद मौर्य की मौत हुई है। हादसे में मोटरसाइकिल चालक सुधीर घायल हुआ है। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए भर्ती कराया है। डीसीपी नगर ने बताया कि कमलेश कुमारी झूंसी थाने में सिपाही के पद पर तैनात बेटी पूनम मौर्य के पास प्रयागराज आईं हुईं थीं। वह गंगा स्नान करके सुधीर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से जा रही थी। लेकिन वह फाफामऊ पुल के समीप रविवार को सड़क हादसे की शिकार हो गई। हादसे की सूचना परिवार को दे दी गई है। आगे की विधिक कार्रवाई परिवार की तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्यूबवेल की सफाई के दौरान करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित बारा थाना क्षेत्र में स्थित हर्दी गांव में रविवार को निजी ट्यूबवेल में साफ सफाई के दौरान रविवार को करंट लगने से पिता पुत्र की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों के शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में बारा थाना क्षेत्र के हर्दी गांव निवासी विनोद कुमार बिंद (65) पुत्र बिहारी लाल और उसके बेटे धनु कुमार (35) की मौत हुई है। घटना के संबंध जानकारी देते बताया कि खेत में लगी ट्यूबवेल की सफाई करते समय अचानक विनोद कुमार बिंद करंट की चपेट में आ गया और वहां मौजूद उसका 35 वर्षीय बेटा धनु कुमार पहुंचा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया तथा दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने से पिता पुत्र की मौत होना प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना और हत्या के प्रयास में पति गिरफ्तार

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बनकटा थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना एवं हत्या के प्रयास में फरार एक अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार किया है।उसकी निशानदेही पर कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथौड़ी बरामद की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित कुन्दन कुमार जायसवाल के विरुद्ध थाना बनकटा में दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज है। 27 जून को पीड़ित की मां ने थाना बनकटा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मामले में दर्ज गम्भीर धाराओं में परिवर्तित किया। इसके बाद आरोपितों की तलाश शुरू की गई। रविवार को एक सूचना पर पुलिस ने सोहनपुर अंडरपास के पास से आरोपित कुन्दन को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

## जिलाधिकारी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**उरई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को जिला महिला चिकित्सालय, उरई से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने नवजात शिशुओं के परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए सभी अभिभावकों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर पोलियो की खुराक पिलाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव, मोहल्ले अथवा घर-घर पहुंचें तो आमजन उनका पूरा सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित नियमित टीकाकरण एवं पल्स पोलियो अभियान के कारण देश में पोलियो नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।इसे पूरी तरह बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने बताया कि जनपद में अभियान के तहत 1,188 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां 2,16,833 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बूथ दिवस के बाद 29 जून से 3 जुलाई तक 590 घर-घर भ्रमण टीमें लगभग 3,31,360 घरों तक पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए 190 पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त 6 जुलाई को बी-टीम द्वारा उन बच्चों को भी दवा पिलाई जाएगी, जो किसी कारणवश अभियान से छूट गए हों। यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों को पोलियो की खुराक उपलब्ध कराने के लिए 41 ट्रांजिट टीमें भी सक्रिय रहेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी तथा जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों द्वारा लगातार पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अभियान शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. आनंद प्रकाश वर्माचिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे को गोली मारने वाला इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुरादाबाद ,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार पुलिस चौकी के सामने पीएसी के रिटायर्ड दरोगा के बेटे विवेक को गोली मारने वाला 25 हजार का इनामी अंकित यदुवंशी को पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपित अंकित के पैर में गोरी लगने से वह घायल हो गया, जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके एक साथी मनीष को भी पुलिस ने पूर्व में मुठभेड़ में ही गिरफ्तार किया था। उस पर भी 25 हजार का इनाम था। थाना सिविल लाइंस के कांशीराम नगर मऊ निवासी पीएसी से सेवानिवृत्त दरोगा धनीराम ने मझोला थाने में बीती 2 जून की रात रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि, उनके बेटे विवेक उर्फ सोनू के साथी आर्यन चौधरी का बुद्धि विहार गोल चक्कर पर नारियल के कारोबार को लेकर जीशान से विवाद हो गया था। उसी रात यह लोग लाइन पार चौकी में समझौता करने गए थे। समझौता करने के बाद विवेक और उसके साथी आर्यन व अन्य लोग अपने अपने घर लौट रहे थे। रात करीब पौने नौ बजे पुलिस चौकी के सामने ही मझोला के बैंक कॉलोनी निवासी वरुण ठाकुर, दीपक, अंकित, मनीष, संतोष और अमन ठाकुर ने घेर लिया और फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें विवेक के कंधे में गोली लगी थी और वह घायल हो गया था। घटना के बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह थाना मझोला पुलिस दिल्ली रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर की एक बाइक पर एक अज्ञात युवक आता हुआ दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग की। बचाव में पुलिस की तरफ से की गई जवाबी फायरिंग में बाइक सवार युवक पैर में गोली लगने से जमीन पर गिरकर घायल हो गया।

# भारत भूषण तिवारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मोहनलालगंज कस्बे में निकला विशाल कैंडल मार्च

❒ पत्रकार, अधिवक्ता, व्यापारी, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने एक स्वर में उठाई निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ। बिहार के भोजपुर जनपद के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित बिलौटी गांव निवासी समाजसेवी भरत भूषण तिवारी की 16 जून को हुई संदिग्ध मौत के विरोध में रविवार को मोहनलालगंज कस्बे में निगोहां प्रेस क्लब के बैनर तले विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च में पत्रकारों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और सैकड़ों युवाओं ने शामिल होकर दिवंगत समाजसेवी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि भरत भूषण तिवारी हमेशा समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहे और गरीबों, जरूरतमंदों तथा सामाजिक सरोकारों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। उनका कहना था कि 16 जून को पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई उनकी मौत ने पूरे देश के सामाजिक संगठनों, पत्रकारों और आम नागरिकों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना की निष्पक्ष जांच कर सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि देशभर में लगातार हो रहे धरना-प्रदर्शन, कैंडल मार्च और जनआंदोलन के दबाव के बाद संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा तो दर्ज किया गया, लेकिन अभी तक सभी जिम्मेदार लोगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने मांग की कि मामले की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कठोरतम सजा दी जाए।कैंडल मार्च की शुरुआत मोहनलालगंज कस्बे के कलवीर बाबा मंदिर परिसर से हुई। हाथों में मोमबत्तियां और न्याय की मांग लिखी तख्तियां लिए लोग शांतिपूर्वक कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरे। पूरे रास्ते लोगों ने भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए न्याय की मांग बुलंद की। मार्च का समापन पुनः मंदिर परिसर में हुआ, जहां सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि न्याय मिलने तक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों के विरुद्ध समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो देशभर में जनआंदोलन और तेज किया जाएगा।

कैंडल मार्च को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मोहनलालगंज पुलिस पूरे समय मुस्तैद रही। पुलिस बल ने पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के साथ यातायात को भी सुचारु बनाए रखा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री ललित मिश्रा, मान्यता प्राप्त पत्रकार योगेंद्र तिवारी, निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ललित दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार सरोज यादव, नवीन वर्मा, कृष्ण गोपाल मिश्रा, सनी पांडे, अनुराग तिवारी, अवनीश पांडे, राघवेंद्र सिंह, मुकेश मिश्रा,उमेश गुप्ता, सतेंद्र मिश्रा, सौरभ सिंह, सुजीत गुप्ता, आयुष द्विवेदी,अक्षत मिश्रा, हेरम दीक्षित, सत्यम सिंह, शिवांश सैनी, वंश वर्मा, शनि शुक्ला, विवेक अवस्थी, विशाल शुक्ला, सत्यम मिश्रारमेश द्विवेदी,सिसेंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष इमरान खान, महामंत्री वीरेंद्र शुक्ला 'सोनू', शिक्षामित्र संघ नेता प्रदीप सिंह, हामिद, संतोष बाथम, समाजसेवी मुरारी सिंह राठौड़, समाजसेवी पुष्पराज सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार, अधिवक्ता, व्यापारी, समाजसेवी एवं युवा मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक भरत भूषण तिवारी को न्याय नहीं मिलेगा और दोषियों को कठोर सजा नहीं मिलेगी, तब तक लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।

## दो मोटरसाइकिलें भिड़ीं, एक की मौत ,दो घायल

बलरामपुर । जनपद में तुलसीपुर थाना क्षेत्र के तुलसीपुर -बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर लगभग 3:30 बजे ग्राम निबोरिया स्थित इंडियन गैस एजेंसी के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय शमशाद और 20 वर्षीय इकबाल पुत्र जाहिद चौधरी पल्सर मोटरसाइकिल से तुलसीपुर की ओर आ रहे थे। दूसरी तरफ से ग्राम लाला जोत निवासी हरिराम पुत्र कुलदीप मौर्य अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल से जा रहे थे। ग्राम निबोरिया के पास दोनों में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पल्सर सवार इकबाल की बाइक अनियंत्रित होकर पहले बिजली के पोल से टकराई और फिर वहां खड़े एक ट्रक के नीचे जा घुसी। हादसे में इकबाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पल्सर सवार शमशाद और दूसरी बाइक के चालक हरिराम को स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से एंबुलेंस द्वारा तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया।

# आपका विधायक, आपके द्वार', जनसंवाद से जनसमाधान तक

❒ 173 सप्ताह से घर-घर पहुँच रही जनसेवा

❒ स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण इत्यादि के लिए कई जनकल्याणकारी पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा को घर-घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित आपका विधायक, आपके द्वार के 173वें संस्करण का आयोजन सरोजनी नगर दक्षिण प्रथम मंडल अंतर्गत राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के शांतिनगर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना गया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जनआवेदन प्राप्त कर उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विधवा पेंशन (1), साइकिल (11), आयुष्मान कार्ड (2), हैंडपंप (4), लैपटॉप (5), स्पोर्ट्स किट (1), वृद्धा पेंशन (2), मंदिर जीर्णोद्धार (1), जलभराव (1), मंदिर में टीन शेड (1), रोड एवं नाली (1) तथा सिलाई मशीन (1) से संबंधित आवेदन शामिल रहे। प्राप्त सभी आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ञ्चआपका विधायक, आपके द्वारङ्ख अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान उनके द्वार तक पहुँचकर सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनसेवा उनके सार्वजनिक जीवन का मूल उद्देश्य है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में विजन प्लस के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 35 नागरिकों ने नेत्र परीक्षण सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। साथ ही, 35 जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे।

युवाओं को खेलों एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यक्रम में 187वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत बच्चों को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल किट प्रदान की गई। वहीं 122वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर बालिकाओं को कैरम, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल किट वितरित की गईं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं तथा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए साइकिल प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य बच्चों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

# ताजिए के रास्ते पर विवाद के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने वाला मुख्य आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नवाबगंज थाने की पुलिस टीम ने ताजिए के मार्ग को लेकर हुए विवाद के दौरान पुलिस टीम हुए हमला मामले के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने रविवार को उसकी निशानदेही पर हमले प्रयुक्त औजार लोहे का बांका बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नवाबगंज के ठेगहा, आनापुर निवासी मो. सलीम है। आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का बांका भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा बढ़ाते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि ताजिए के मार्ग को लेकर हुए विवाद की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस दोनों पक्षों को समझाकर विवाद समाप्त कराने का प्रयास कर रही थी, लेकिन इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस बल पर हमला कर दिया, जिसमें चौकी प्रभारी आनापुर घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की और अब तक इस प्रकरण में 12 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। वारदात के मुख्य आरोपित मो. सलीम को भी रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 26/27 जून की रात ग्राम ठेगहा, आनापुर में ताजिए के रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम के साथ आरोपी मो. सलीम और उसके परिजनों ने अभद्रता करते हुए हमला कर दिया। जांच में यह भी सामने आया कि जिस रास्ते को लेकर आपत्ति जताई जा रही थी, उसका राजस्व विभाग पहले ही निरीक्षण कर चुका था और संबंधित सीढ़ी व रास्ता विद्यालय की भूमि पर पाया गया था। इसके अतिरिक्त वहां लगभग 10 फीट चौड़ा वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध था। नवाबगंज पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र स्थित आर.के. यदुवंशी इंटरमीडिएट कॉलेज के पास महुए के बाग से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का बांका बरामद किया गया। पुलिस ने मुकदमे में आयुध अधिनियम की धारा 4/25 की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपित को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की।

# महर्षि भारद्वाज चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के न्यासी मंडल की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । महर्षि भारद्वाज चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के न्यासी मंडल की बैठक रविवार की सायं पन्नालाल रोड, प्रयागराज में हुई। संगठन के गठनकर्ता सीए एस.सी. कक्कड़, संस्था के अध्यक्ष नवीन चंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, सचिव शिव भूषण पाठक तथा कोषाध्यक्ष पल्लवी जैन हैं।

संस्था अध्यक्ष वरिष्ठ सीए डॉ नवीन चंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रयागराज महर्षि भारद्वाज के नाम से आदिकाल से अध्ययन अध्यापन एवं शोध के लिए जाना जाता रहा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर संस्था के नाम में शामिल किया गया है। संस्थान का लक्ष्य चार्टर्ड एकाउण्टेंटों को अध्ययन एवं संवाद द्वारा अर्जित ज्ञान से राष्ट्र का विकास एवं लोक कल्याण किया जा सके। इस भाव को लेकर संस्था का गठन किया गया है। संस्था का ध्येय वाक्य 'परस्परम्‌ भावयंतः श्रेयः परमवाप्स्यथ' है। यह गीता के अध्याय 3 श्लोक 11 से लिया गया है।

उन्होंने कहा कि संस्था मुख्य रूप से सदस्य के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट को जोड़ेगी तथा परस्पर ज्ञान के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए सरकार की नीतियों को स्पष्ट करने के साथ-साथ उन्हें अधिनियमों का पालन करने के लिए नैतिक रूप से प्रेरित करेगी। भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और विश्व विभिन्न विषयों के लिए भारत की ओर देख रहा है। ऐसे में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका कई गुना बढ़ जाती है। संस्था सचिव शिव भूषण पाठक ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था की चार्टर्ड अकाउंटेंट राष्ट्र निर्माण के सहभागी हैं। अभी विगत दिनों भारत मंडपम्‌ मे बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट वित्तीय विश्वास के अभिरक्षक हैं। इस एसोसिएशन द्वारा विभिन्न उद्देश्यों हेतु समय-समय पर विचार गोष्ठी आयोजित कर उद्यमी व्यापारी एवं समाज को लाभान्वित किया जाएगा। सभा के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम्‌ के साथ समाप्त किया गया।

# इंजन बंद होने से पहले विमान से उतरी प्रशिक्षु पायलट, प्रोपेलर की चपेट में आकर घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में नाइट फ्लाइंग प्रशिक्षण के दौरान इंजन पूरी तरह बंद होने से पहले विमान से उतरना एक महिला प्रशिक्षु पायलट को भारी पड़ गया। चलते प्रोपेलर की चपेट में आने से उसकी पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल प्रशिक्षु का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना को गंभीर मानते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जांच शुरू कर दी है और संबंधित फ्लाइट इंस्ट्रक्टर को प्रशिक्षण ड्यूटी से हटा दिया है।

जानकारी के अनुसार यह हादसा 26 जून की रात चकेरी स्थित कानपुर एयरपोर्ट पर गर्ग एविएशन फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) के ट्विन इंजन विमान ड्डद्दद्बथ्द्व घ्2006ठ्ठ (ठ्ठ-गउठ्ठ) के साथ हुआ। विमान नाइट इंस्ट्रक्शनल फ्लाइंग मिशन पर था, जिसमें एक फ्लाइट इंस्ट्रक्टर और प्रशिक्षु पायलट सवार थे।

बताया गया कि विमान सुरक्षित रूप से रनवे पर उतर चुका था, लेकिन उस समय दोनों इंजन चालू थे और प्रोपेलर घूम रहे थे। इसी बीच प्रशिक्षु पायलट विमान से बाहर निकल गई और घूमते प्रोपेलर की चपेट में आ गई। हादसे में उसकी पीठ पर गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर मौजूद कर्मचारियों ने राहत कार्य शुरू किया और घायल प्रशिक्षु को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। डीजीसीए ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित फ्लाइट इंस्ट्रक्टर को जांच पूरी होने तक फ्लाइंग ट्रेनिंग ड्यूटी से अलग कर दिया है। साथ ही दुर्घटना में शामिल विमान के संचालन पर भी फिलहाल रोक लगा दी गई है। उधर, चकेरी एयरपोर्ट के निदेशक प्रदीप यादव ने मामले पर टिप्पणी करने से इनकार किया।

# शून्य से पांच वर्ष तक के 7.07 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य

❒ विधायक डॉ. नीरज बोरा ने बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय से किया गया। अभियान का उद्घाटन विधायक डॉ. नीरज बोरा ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर किया।

इस अवसर पर विधायक श्री बोरा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य पहल है। पोलियो जैसी गंभीर एवं आजीवन दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर पोलियो की खुराक पिलाना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह ने कहा कि सघन पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पोलियो की दो बूंदें पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और निःशुल्क हैं तथा बच्चों को आजीवन दिव्यांगता से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक एवं सामाजिक नेताओं तथा आमजन से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान ईंट-भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों, घुमंतू परिवारों तथा निर्माण स्थलों पर रहने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों तक विशेष रूप से पहुंच बनाई जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के 7.07 लाख बच्चों को मॉप अप राउंड के दौरान दवा पिलाई जाएगी । अभियान के प्रथम दिन जनपद के 2,783 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। सोमवार से स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। जो बच्चे दवा पीने से रह जाएंगे उन्हें छह जुलाई को माप अप राउंड में दवा पिलाई जाएगी।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए 131 मोबाइल टीमें, 227 ट्रांजिट टीमें, 593 सुपरवाइजर, 6,850 वैक्सीनेटर तथा 15 डिवीजनल अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, टैम्पो स्टैंड एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर ट्रांजिट बूथ स्थापित किए गए हैं, ताकि यात्रा कर रहे बच्चों को भी पोलियोरोधी दवा की खुराक दी जा सके। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान ने किया।

इस मौके पर डॉ एके सिंह जेडी परिवार कल्याण, डॉ. संजय दोहरे (प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक), वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव, सहायक शोध अधिकारी रिचा मौर्या, रितांशी शुक्ला, कनिष्ठ सहायक मृदुला पाण्डेय ,विजय बाजपेई जिला प्रतिरक्षण कार्यालय ,सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, नर्सिंग छात्र-छात्राएं तथा लाभार्थी उपस्थित रहे।

## जनजागरण यात्रा को लेकर शिक्षकों,कर्मचारियों सहित आम जनता में काफी उत्साह: विजय कुमार बन्धु

कैनविज टाइम्स संवाददात




लखनऊ । अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा पुरानी पेंशन की बहाली, निजीकरण की समाप्ति, टेट की अनिवार्यता को लेकर निकाली जा रही जनजागरण यात्रा द्वितीय चरण के रविवार को अयोध्या रोड स्थित इन्द्रा कैनाल बी.बी. डी. से शुरू होकर गोसाईगंज,गंगागंज, भीलवल, इलियासपुर, नवीनगर, खुजौली पहुंची।जनजागरण यात्रा को सम्बोधित करते हुए अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि अटेवा के जनजागरण यात्रा से शिक्षकों,कर्मचारियों समेत आम जनता में काफी उत्साह है। जनजागरण यात्रा के दौरान कई स्थानों पर जनता का उत्साह देखने लायक रहा। आज लगातार हो रहे निजीकरण से शिक्षक,कर्मचारी समेत आम जनता भी त्रस्त है। आम जनता भी चाहती है कि निजीकरण समाप्त हो। इसलिए अटेवा निजीकरण की समाप्ति और पुरानी पेंशन की बहाली,टेट की अनिवार्यता की समाप्ति होने तक संघर्ष जारी रखेगा।

जनजागरण यात्रा में प्रदेश महामंत्री नीरज पति त्रिपाठी,प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र राय, प्रदेश सलाहकार ओम प्रकाश कन्नौजिया, प्रदेश संगठन मंत्री रजत प्रकाश, प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य मौर्य, रेलवे के वरिष्ठ नेता राकेश कुमार वर्मा, जिला संयोजक सुनील वर्मा समेत कई अन्य पदाधिकारीगण भी जनजागरण यात्रा में सम्मिलित रहे।

## चिनहट के हिमालय कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग

❒ 14 दमकल वाहनों और ट्रक्टक ने पाया काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट , लखनऊ । राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत मटियारी, फैजाबाद रोड स्थित सनी टोयोटा शोरूम के निकट हिमालय कोल्ड स्टोरेज में रविवार सुबह भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना सुबह करीब 6:15 बजे पुलिस को मिली।

सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद फायर सर्विस की 14 गाड़ियां और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से युद्धस्तर पर आग बुझाने का अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और फायर सर्विस की संयुक्त कार्रवाई से आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया। घटना के दौरान आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई तथा यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया गया।

राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करते रहे। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए अग्निशमन विभाग एवं संबंधित विभाग जांच में जुटे हैं। पुलिस भी मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## अलीगंज में नगर निगम का सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान, 8,500 का जुर्माना वसूला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए रविवार को विशेष अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित इस अभियान का उद्देश्य प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराना था। अभियान के दौरान अवैध रूप से सड़क और फुटपाथों पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

### सीएम ग्रिड रोड पर हटाए गए ठेले, गुमटियां और अस्थायी दुकानें

जोन-3 के जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अलीगंज स्थित सीएम ग्रिड रोड पर व्यापक अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 20 अवैध काउंटर, 6 ठेले, 6 गुमटियां तथा 32 से अधिक अस्थायी दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। नगर निगम की टीम ने मौके पर सड़क और फुटपाथों को पूरी तरह खाली कराते हुए भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी।

### 8,500 का जुर्माना, अधिकारियों ने दोहराई सख्त कार्रवाई की चेतावनी

अभियान के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री प्रमोद गौतम, श्री पुष्कर पटेल, ईटीएफ की टीम तथा नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं से कुल 8,500 का जुर्माना भी वसूला गया।

## भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में व्यापारियों ने निकाला कैंडल मार्च, निष्पक्ष जांच की मांग



**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिहार के भोजपुर जिले में हुए चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर राजधानी के व्यापारियों में भी आक्रोश देखने को मिला। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय एवं चंद्रिका देवी मंदिर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अंशुमान बाजपेई के नेतृत्व में रविवार को दर्जनों व्यापारियों और पदाधिकारियों ने बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च में शामिल व्यापारियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि यदि जांच में किसी भी पुलिसकर्मी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है और किसी भी व्यक्ति की मौत से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच होना बेहद आवश्यक है। वहीं, अध्यक्ष अंशुमान बाजपेई ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए तथा पूरे घटनाक्रम की पारदर्शी जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जानी चाहिए।गौरतलब है कि, बिहार के भोजपुर जिले के बिलौती गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की 17 जून को पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए गंभीर आरोप लगाए, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। बढ़ते जनाक्रोश के बीच मामले की न्यायिक जांच की मांग लगातार उठ रही है।कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

## अलीगंज अग्निकांड:अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड-1 के पार्षद प्रतिनिधि ने प्रदान की आर्थिक सहायता



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** अलीगंज अग्निकांड में जान गंवाने वाली 23 वर्षीय अनुछा राई के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अनुछा अग्निकांड कोचिंग सेंटर में कार्यरत थीं और अपने परिवार की इकलौती कमाने वाली सदस्य थीं। उनके निधन के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। मृतका की मां कुमारी राई ने बताया कि अनुछा की आय से ही घर का खर्च चलता था। परिवार में दो बहनें और एक भाई हैं, जिनकी जिम्मेदारी भी अनुछा ही निभा रही थीं। अब परिवार के सामने आजीविका का कोई साधन नहीं बचा है। पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड-1 के पार्षद प्रतिनिधि ने शांतिनगर, अवध शिल्पग्राम, अंसल एपीआई स्थित उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने परिवार को 51 हजार रुपये का सहायता चेक सौंपा और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों ने सरकार और प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि परिवार ने अपना एकमात्र कमाने वाला सदस्य खो दिया है, इसलिए उन्हें तत्काल और दीर्घकालिक सहायता की आवश्यकता है। इस दौरान सपा के सांसद आर के चौधरी सपा के जिला अध्यक्ष पूर्व प्रधान बिनीश यादव आदर्श प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान अजयपाल यादव, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयसिंह जयन्त, जिला सचिव सब्बीर ख़ान समाज सेवी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## यूपी के हर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्रों की लड़ाई लड़ेगी एएसएपी : वंशराज दुबे

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व छात्र विंग के उत्तर प्रदेश प्रभारी वंशराज दुबे ने की, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सक्रिय साथियों ने भाग लिया। बैठक में छात्रों, युवाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश में छात्रों की आवाज़ को मजबूती से उठाने के लिए जल्द ही एएसएपी की नई जुझारू और सक्रिय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास की हत्या की साजिश नाकाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ । काकोरी पुलिस ने एक बड़ी वारदात को होने से पहले ही नाकाम कर दिया। पुलिस ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास की कथित हत्या की साजिश रच रहे एक आरोपी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में हत्या की साजिश, रेकी और अन्य साथियों की भूमिका को लेकर कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 27 जून 2026 की रात मुखबिर की सूचना पर काकोरी थाना पुलिस ने सकरा-बेलवा कठिंगरा रोड स्थित आम के बाग में घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से .315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम सिरीश पुत्र राम नरेश, निवासी ग्राम सकरा, थाना काकोरी बताया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि अखिल उर्फ अखिलेश नामक व्यक्ति ने उसे पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास की हत्या की साजिश में शामिल किया था। आरोपी के अनुसार, अखिल और उसके साथियों ने राम विलास की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रेकी की थी और मौका मिलने पर हत्या की योजना बनाई थी। इसी उद्देश्य से उसे तमंचा देकर आम के बाग में इंतजार करने के लिए भेजा गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद तमंचा, कारतूस और मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी के बयान के आधार पर फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। और पूरे षड्यंत्र की गहन जांच कर रही है। काकोरी पुलिस का कहना है। कि समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी आपराधिक घटना को टाल दिया गया है। मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व मे सुना गया मन की बात कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मैजेस्टिक होटल फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड में महर्षि नगर के शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 339 पर आयोजित माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात भारतीय जनता पार्टी के युवा हृदय सम्राट लोकप्रिय प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नीरज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं वरिष्ठजनो एवं स्थानीय नागरिकों के साथ श्रवण किया गया। प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचारों एवं राष्ट्र निर्माण के संदेशों से सभी को नई ऊर्जा एवं प्रेरणा प्राप्त हुई।

ऐसे संवाद समाज में जन भागीदारी, सकारात्मक सोच और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ करते हैं। बूथ संख्या 339 पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम के पश्चात आयोजित डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण में भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर नीरज सिंह ने सहभागिता की। युवा हृदय सम्राट यशस्वी लोकप्रिय प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नीरज सिंह द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बूथ संख्या 339 पर आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया एवं भारत की एकता, अखंडता के प्रखर पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद आदरणीय कुंवर भारतेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष सत्यदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य, नगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, विजय भुर्जी, फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड की लोकप्रिय पार्षद श्रीमती रश्मि सिंह, मंडल महामंत्री विनोद अवस्थी, दिनेश पाल, मंडल मंत्री गीतेश मिश्रा राहुल, मंडल उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी गुड़िया निगम, शक्ति केंद्र संयोजक एन के पांडेय, मंडल मंत्री श्रिया निगम, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## स्काई हिल्टन के पास बन रहे स्थायी वेंडिंग ज़ोन का जनता ने किया भरपूर समर्थन

❒ इसके निर्माण के पक्ष में चलाया व्यापक हस्ताक्षर अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । लखनऊ नगर निगम जोन 8 के अंतर्गत कानपुर रोड योजना के समीप स्काई हिल्टन होटल के सामने लखनऊ नगर निगम द्वारा बनाये जा रहे स्थायी वेंडिंग जोन के निर्माण के पक्ष में सैकड़ों लोग उतरे और वेंडिंग ज़ोन निर्माण स्थल पर पहुंचकर इस स्थायी वेंडिंग ज़ोन का भरपूर समर्थन करते हुए इसके पक्ष में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया।

भारी संख्या में मौजूद क्षेत्रवासियों ने इसे लखनऊ नगर निगम की एक अनूठी पहल बताते हुए इस बात पर ख़ुशी ज़ाहिर की कि देश के अन्य कई नगर निगम की भांति लखनऊ नगर निगम ने भी रेहड़ी पटरी दुकानदारों को आए दिन होने वाली समस्या से बचाते हुए उन्हें एक स्थायी वेंडिंग ज़ोन प्रदान करने के दिशा में जो कदम उठाया है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। इस वेंडिंग जोन के समर्थन में आए लोगों ने उन लोगों पर सीधा निशाना साधा, जो लोग इस स्थायी वेंडिंग ज़ोन के निर्माण में बाधा बन रहे हैं। बताते चलें कि समर्थन में आए हुए लोगों का बड़ा आरोप है कि कुछ ऐसे लोग, जो रेहड़ी पटरी दुकानदारों से अवैध वसूली करते थे, उन्हें इस स्थायी वेंडिंग ज़ोन का निर्माण सिर्फ इसलिए पसंद नहीं आ रहा है, क्योंकि उनकी अवैध कमाई के सारे रास्ते अब बंद हो जाएंगे। लोगों ने आरोप लगाया की इस वेंडिंग ज़ोन के निर्माण को रोके जाने के लिए जो चंद लोग बार-बार इसके निर्माण में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं, उनके किसी भी गलत मंसूबे को साकार नहीं होने दिया जाएगा।

हस्ताक्षर अभियान के दौरान लोगों ने कहा कि यह स्थायी वेंडिंग ज़ोन लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खारवाल की दूरदर्शिता का परिणाम है। लोगों का कहा कि उन्हें इस बात की बेहद ख़ुशी है कि महापौर सुषमा खर्कवाल ने रेहड़ी-पटरी दुकानदारों की सुविधा के बारे में सोचा और रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को आए दिन होने वाली समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए ऐसे स्थायी वेंडिंग ज़ोन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया। मौजूद लोगों ने कहा कि गरीब जनता को रोजी-रोटी मिलने की दिशा में निर्माण होने वाले ऐसे स्थायी वेंडिंग ज़ोन को रोकने का प्रयास करने वाले लोग अब अपनी काली कमाई को लेकर चिंतित हैं और इस वेंडिंग जोन के निर्माण को रोकने के लिए उन्होंने विपक्षी दलों का भी सहारा लिया है। लोगों का कहना है कि भाजपा की जनहित की नीतियों से सभी विपक्षी दल परेशान हैं और हर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करना विपक्षी दलों का काम है। लोगों ने खुलकर कहा कि इस स्थायी वेंडिंग ज़ोन के निर्माण को रोकने के लिए जहां एक तरफ वे लोग परेशान हैं, जिनकी काली कमाई अब बंद हो गई है, वहीं दूसरी तरफ अन्य विपक्षी दल भाजपा की विकास नीतियों को आगे नहीं बढ़ने देना चाह रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताते हुए यह कहा कि इस वेंडिंग जोन के निर्माण में पूरा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी एवं लखनऊ नगर निगम के साथ हैं। लोगों ने विश्वास जताया कि इस वेंडिंग जोन के निर्माण से अनेकों लोगों की रोजी-रोटी का उचित और नियमित प्रबंध होगा।

## खेत की मेड़ बनी खूनी जंग की वजह

❒ कुल्हाड़ी-बांका और लाठी-डंडों से भिड़े दो पक्ष, महिलाएं समेत कई घायल

❒ वीरसिंहपुर गांव में मेड़ विवाद ने लिया हिंसक रूप, दोनों ओर से चले धारदार हथियार, पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के रंजीतखेड़ा मजरा वीरसिंहपुर गांव में खेत की मेड़ को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच कुल्हाड़ी, बांका और लाठी-डंडों से जमकर हमला हुआ, जिसमें महिलाओं समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के हरीराम के अनुसार उनका बेटा लवकुश खेत की मेड़ बांध रहा था। इसी दौरान गांव के टिंकू, सरवन, पवन और गोलू ने उसे रोक दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद सभी लोग हथियारों से लैस होकर उनके घर पहुंचे और हमला कर दिया। हमले में हरीराम के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया, जबकि बीच-बचाव करने आईं उनकी बेटियां सुमन, रमन और चमन भी घायल हो गईं। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। दूसरे पक्ष के टिंकू ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि हरीराम और लवकुश उनके खेत की मेड़ काट रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी और बांका से हमला कर दिया। इस दौरान पवन कुमार के बाएं हाथ की दो उंगलियां कट गईं, जबकि श्रवण कुमार के सिर पर गंभीर चोट आई। टिंकू और उसकी बहन गुड़िया देवी भी मारपीट में घायल हो गए। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिम्मेदारों की चुप्पी ने खोली विकास कार्यों की पोल

❒ दो महीने से खेत में पड़ी लाखों की टीन शेड

❒ ढाई लाख की लागत से बना कूड़ाघर बना बदइंतजामी की मिसाल, आंधी में उड़ी टीन शेड आज तक नहीं लगी वापस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन ,सीतापुर। विकास कार्यों में सरकारी धन खर्च तो कर दिया जाता है, लेकिन उसकी देखरेख और गुणवत्ता की जिम्मेदारी कौन निभाएगा, इसका जवाब शायद किसी के पास नहीं है। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत रतनापुर में सरकारी लापरवाही का ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां करीब दो माह पहले तेज आंधी में गिरी कूड़ाघर की लाखों रुपये की टीन शेड आज भी खेत में पड़ी जंग खा रही है। जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि इसे देखने के बाद भी अनदेखा कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहर कोनसरऽमहाराजनगर मार्ग पर जल निगम की टंकी के पास करीब एक वर्ष पूर्व मनरेगा योजना के तहत लगभग ढाई लाख रुपये की लागत से कूड़ाघर का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए टीन शेड को मजबूत वेल्डिंग से जोड़ने के बजाय केवल हल्के एंगल और छोटे-छोटे नट-बोल्ट के सहारे खड़ा कर दिया गया। परिणामस्वरूप अप्रैल माह में आई तेज आंधी ने पूरे टीन शेड को उखाड़कर पास के खेत में पटक दिया।ग्रामीणों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद इसकी सूचना ग्राम प्रधान और ब्लॉक मुख्यालय को दी गई थी। बावजूद इसके दो माह बीत जाने के बाद भी न तो टीन शेड को दोबारा लगाया गया और न ही उसकी सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाया गया। खेत में पड़ी टीन शेड पर लगातार जानवर चढ़ते-उतरते हैं, जिससे वह और अधिक क्षतिग्रस्त होती जा रही है। बारिश और धूप के कारण लोहे में जंग लगने लगी है, जिससे सरकारी संपत्ति धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होती जा रही है। ग्रामीण सोबरन, अर्पित, मनोहर सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते टीन शेड को दुरुस्त करा दिया जाता तो सरकारी धन की बर्बादी रोकी जा सकती थी। उनका कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण लाखों रुपये की सार्वजनिक संपत्ति बर्बाद हो रही है, लेकिन किसी की जवाबदेही तय नहीं की जा रही।

## कोचिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया एवं आंगनवाड़ी संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज पांडेय से की मुलाकात

❒ बैठक के दौरान विक्रम सिंह ने जनपद में सील किए गए कोचिंग संस्थानों को आवश्यक मूलभूत कमियों की पूर्ति हेतु समय प्रदान करते हुए तत्काल संचालन की अनुमति दिए जाने की मांग उठाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कोचिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया, रायबरेली के जिलाध्यक्ष एवं आंगनवाड़ी संगठन के संरक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज पांडेय से मुलाकात कर दोनों संगठनों की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया। बैठक के दौरान विक्रम सिंह ने जनपद में सील किए गए कोचिंग संस्थानों को आवश्यक मूलभूत कमियों की पूर्ति हेतु समय प्रदान करते हुए तत्काल संचालन की अनुमति दिए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए कोचिंग संस्थानों को शीघ्र संचालित करने की अनुमति प्रदान की जानी चाहिए। वहीं आंगनवाड़ी संगठन की अध्यक्ष बीना सिंह, संगठन महामंत्री स्नेहा सिंह तथा कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं, विशेष रूप से सम्मानजनक मानदेय एवं अन्य लंबित मांगों को मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज पांडेय ने दोनों संगठनों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे इन सभी मांगों एवं समस्याओं को उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेने के लिए गंभीर है और दोनों संगठनों को शीघ्र ही शुभ समाचार मिलेगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. मनोज पांडेय को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं तथा उनके सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल की मंगलकामना की। अंत में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि सरकार शीघ्र ही कोचिंग संस्थानों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान करेगी।

## ग्रामीण विकास विषय पर लिखी गई पुस्तक का हुआ विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. रामशंकर पांडेय द्वारा ग्रामीण विकास विषय पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. रूचि द्विवेदी ने किया और कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर पुस्तकों का लेखन न केवल लेखकों के ज्ञान एवं अनुभव को समाज और विद्यार्थियों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है, बल्कि इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध होती है।

पुस्तक के सह-लेखक राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. विकास प्रधान हैं। डॉ रामशंकर पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने इस पुस्तक का लेखन कार्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीबी सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है।

विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण विकास जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर तैयार की गई यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने पुस्तक के लेखकों को बधाई देते हुए इसे अकादमिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। इस दौरान अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ. पूजा बाजपेई, डॉ. केके वर्मा, डॉ. रूपक श्रीवास्तव आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुस्तक के सफल लेखन पर लेखकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की कामना की।

### मुकदमें में वांछित अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 175/26 धारा 333/352/351(3)/109(1)उगष्ट व 25(1-बी) आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर, सीतापुर में वांछित अभियुक्त मनीष मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा नि0 बावन चुंगी थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### सड़क हादसे में मजदूर की मौत, पीड़ित परिवार के घर पहुंचे विधायक रोमी साहनी

गोला गोकरणनाथ खीरी। ग्राम लक्ष्मीपुर कुरैया लोहरना निवासी ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करने वाले ऋषिकुमार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पति-पत्नी मेहनत-मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रहे थे, लेकिन हादसे ने पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और मृतक की पत्नी नंदरानी को तत्काल 15,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान विधायक रोमी साहनी ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा, ''इस दुख की घड़ी में आप अकेले नहीं हैं। जब भी किसी प्रकार की जरूरत पड़े, बिना किसी संकोच के मुझे याद कर लेना। मैं हर संभव मदद के लिए हमेशा आपके साथ खड़ा हूं।'' विधायक के इस मानवीय कदम से शोकग्रस्त परिवार को कुछ राहत मिली। ग्रामीणों ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने की मांग की।

## अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने किशोरी के अपहरण व उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

बीती 02 जून को एक महिला ने थाना तिलहर पुलिस को तहरीर देकर इसी थाना क्षेत्र के गांव नजरपुर निवासी राज पुत्र गणेश और बन्टी पुत्र बब्लू के खिलाफ अपहरण व जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त दोनों उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए और थाने पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना तिलहर पुलिस ने अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद किया और मेडिकल रिपोर्ट व पीड़िता के बयानों के आधार पर दर्ज मुकदमें में फर्जी कागजात तैयार करने, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट आदि धाराओं में बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज थाना तिलहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त राज पुत्र गणेश को उसके घर नजरपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त राज को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के साथ उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार और रिक्रूट आरक्षी मंयक भाटी मौजूद रहे।

### सीमावर्ती तिकुनिया में नशे का नेटवर्क! बड़ी कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहे तस्करी के आरोप

लखीमपुर खीरी। भारत-नेपाल सीमा से सटे तिकुनिया क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को लेकर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में निघासन कोतवाली पुलिस ने 3 किलो 24 ग्राम अफीम के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसके बावजूद सीमावर्ती इलाकों में नशा तस्करी का नेटवर्क पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। क्षेत्र में चर्चा है कि दाराबोझी, टिब्बी और रन नगर समेत कई सीमावर्ती गांवों में नशे का अवैध कारोबार लंबे समय से सक्रिय है। लोगों का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई के बाद भी कई कथित तस्कर अब भी पकड़ से बाहर हैं और अवैध गतिविधियों में संलिप्त बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार छह आरोपियों के कब्जे से बरामद 3.024 किलोग्राम अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर खम्भेश्वर धाम में लगेगा विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ पुजारी देन महाराज ने की प्रसाद ग्रहण करने की अपील

बिसवां, सीतापुर। हर वर्ष की तरह इस बार भी ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर बाबा खम्भेश्वर नाथ महादेव धाम में स्वर्गीय श्री श्री 1008 आनद स्वरूप ब्रह्मचारी जी के द्वारा शुभारंभ किया गया 41 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। महमूदाबाद रोड बिसवां स्थित खम्भेश्वर धाम में सोमवार, 29 जून को भव्य भंडारा लगेगा।

मंदिर के पुजारी देन महाराज ने सभी भक्तों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित भंडारे में पहुंचें, बाबा का आशीर्वाद लें और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें। पुजारी देन महाराज ने बताया कि सोमवार को सुबह सबसे पहले बाबा खम्भेश्वर नाथ महादेव का विशेष पूजन और भोग लगाया जाएगा। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ होगा। भंडारे में पूड़ी-सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। देर शाम तक भक्त प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। खम्भेश्वर धाम में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भंडारे की परंपरा कई दशकों से चली आ रही है। मान्यता है कि इस दिन बाबा के दर्शन और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने से सारे कष्ट दूर होते हैं और मनोकामना पूरी होती है। हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराईच, गोंडा और बाराबंकी से यहां पहुंचते हैं। नगर के भक्तों ने भंडारे की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पानी और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बाबा खम्भेश्वर नाथ महादेव धाम बिसवां-महमूदाबाद रोड पर स्थित है। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर तक आने-जाने का रास्ता साफ कर दिया गया है। पुजारी देन महाराज ने कहा बाबा का दरबार सबके लिए खुला है। जो भी सच्चे मन से आएगा, उसकी झोली जरूर भरेगी। सभी भक्त सोमवार को पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लें।

## दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ दो बूंद से पोलियो पर प्रहार, डीएम अंजनी कुमार सिंह ने खुद पिलाई जिंदगी की खुराक, किया शुभारंभ

❒ 7.33 लाख बच्चों को पूरे जिले में पिलाई जाएगी खुराक, घर-घर जाएंगे कर्मचारी

लखीमपुर खीरी । ''दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार'' के संकल्प के साथ जिले में रविवार से पल्स पोलियो अभियान का बिगुल बज गया। अभियान का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग नगरीय स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) अर्जुनपुरवा में फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने मासूम बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभिभावकों से एक भी बच्चा छूटने न देने की अपील की। डीएम ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी पर स्थायी जीत तभी संभव है, जब पांच वर्ष तक का हर बच्चा बिना चूक पोलियो की खुराक ले। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगे।

डीएम ने बताया कि 28 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष अभियान में जिले के 7 लाख 33 हजार 335 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अवश्य पोलियो की दो बूंद पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करें।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए व्यापक जनजागरूकता चलाई जा रही है। सभी स्वास्थ्य टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि घर-घर पहुंचकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम में डीएम ने शिशु सृष्टि, हरिनंदन, दीपाली, मंशा, काव्यानी, नैना, अयांश, पीहू और लड्डू सहित कई बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह, एसएमओ विकास सिंह, यूनिसेफ से मुकेश चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### जनपद स्तरीय यू.पी. 34 बैडमिंटन प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का हुआ शानदार समापन

सीतापुर। जनपद स्तरीय यू.पी. 34 बैडमिंटन प्रीमियर लीग प्रतियोगिता शानदार समापन हुआ। आज हुए पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में दक्ष पांडेय ने निहाल बुलानी को 21 - 18 से पराजित किया। पुरुष युगल फाइनल मुकाबले में अंश और राजा की जोड़ी ने क्षितिज और मिलन की जोड़ी को 21 - 19 से पराजित किया। मिश्रित युगल फाइनल मुकाबले में डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी और चांदनी की जोड़ी ने क्षितिज और सुगंधी की जोड़ी को 21 - 15 से पराजित किया। चालीस से अधिक आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी और आदित्य गुप्ता की जोड़ी ने राजा और गुंजन की जोड़ी को 21 - 13 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया।

### सीएचसी के चिकित्सक का सरकारी आवास में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कांट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव मेहरोत्रा की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई। रविवार सुबह सरकारी आवास में उनका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है।थाना कांट क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांट के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव मेहरोत्रा की उम्र तकरीबन 63 वर्ष थी और वो कांट स्थित अपने सरकारी आवास में अकेले रहते थे। रविवार सुबह काफी देर तक जब वो आवास से नहीं निकले, तो सीएचसी के कर्मचारियों ने उनका दरवाजा खटखटाया, लेकिन उनका दरवाजा नहीं खुला। कर्मचारियों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला, तो डॉ. राजीव मेहरोत्रा अपने आवास पर मृत पाए गए। मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दे दी है। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांट के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव मेहरोत्रा अपने सरकारी आवास में मृत पाए गए। वो सीतापुर के रहने वाले थे और अकेले सरकारी आवास में रहते थे। बताया कि जानकारी के अनुसार, डॉ. राजीव मेहरोत्रा हाइपरटेंशन और डायवटीज के मरीज थे। उन्होंने उनकी मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई है। बताया कि मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### लो वोल्टेज की समस्या से जन जीवन अस्त व्यस्त

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजली के लो वोल्टेज से रामाभारी गांव के लोग महीनों से जूझ रहे हैं। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के चलते ग्रामीण वैसे ही त्राहि-त्राहि कर रहे हैं दूसरी ओर लगातार लो वोल्टेज के कारण बिजली उपभोक्ता बहुत परेशान हैं।बिजली का वोल्टेज इतना अधिक लो रहता है कि पंखों के केवल पर ही हिलते दिखते हैं लेकिन उनसे हवा नहीं मिलती। बल्वों से उजाला नहीं होता। गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे लोग घरों के बाहर पेड़ों के नीचे शरण लेने को विवश हैं। सारे विद्युत उपकरण शो पीस बनकर रह गये हैं। खंभे पर लटकते जलते बल्व का प्रकाश ऐसा टिमटिमाते हुए दिखता है कि जैसे कोई जुगनू चमक रहा हो। इतने कम वोल्टेज में इन्वर्टर की बैटरी तक चार्ज नहीं हो पा रही हैं। अनेक बार शिकायत करने के बावजूद बिजली कर्मचारीयों व अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। भीषण गर्मी व बिजली वोल्टेज की कमी से बिल्लाये लोग प्रदेश की भाजपा सरकार को पानी पी-पीकर कोस रहे हैं। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार कमलेश मौर्य मृदु, वरिष्ठ भाजपा नेता खुशीराम मौर्य, पूर्व ग्राम प्रधान कबूल अहमद, पूर्व प्रधान निज़ाम अहमद, पूर्व बीडीसी सदस्य राजकुमार मौर्य तथा राकेश कुमार गौतम सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने रामा भारी गांव की लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र से शीघ्र समाधान कराये जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में प्रभारी अवर अभियंता बिसवां ग्रामीण रवी शर्मा ने बताया कि इन दिनों भीषण गर्मी होने व ट्रांसफार्मर की क्षमता से अधिक कनैक्शनों का लोड होने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं।यह पूरे क्षेत्र की समस्या है।ट्रांसफार्मरों की भार क्षमता बढ़ाये जाने तथा एक और ट्रांसफार्मर लगाये जाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही लो वोल्टेज की समस्या का समाधान हो जायेगा।

## 21 दिन बाद आदमखोर तेंदुआ पिंजरे में कैद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ शुभम यादव को बनाया था निवाला, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

❒ वन विभाग की टीम बीते 21 दिनों से लगातार गश्त, ट्रैकिंग और निगरानी कर रही थी

रायपुर, लखीमपुर-खीरी। करीब 21 दिनों से दहशत का पर्याय बने उस तेंदुए को आखिरकार वन विभाग ने रविवार तड़के करीब 3 बजे पिंजरे में कैद कर लिया, जिसने 7 जून को रायपुर क्षेत्र के लालजीपुरवा गांव के छह वर्षीय मासूम शुभम यादव को अपना शिकार बना लिया था। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद पूरे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार, 7 जून को लालजीपुरवा निवासी जवाहरलाल यादव का छह वर्षीय बेटा शुभम घर के पास था, तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुए ने बच्चे की गर्दन दबोच ली और उसे झाड़ियों की ओर घसीटने लगा। बेटे को बचाने के लिए पिता जान की परवाह किए बिना तेंदुए के पीछे दौड़े और शोर मचाया। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए, जिसके बाद तेंदुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। गंभीर रूप से घायल शुभम को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर जाम लगा दिया और जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग की। सूचना पर सीओ, विधायक और वन विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाकर करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुलवाया। इसके बाद वन विभाग ने गांव और आसपास के जंगलों में तेंदुए को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर पिंजरे लगाए और लगातार निगरानी अभियान शुरू किया।

वन विभाग की टीम बीते 21 दिनों से लगातार गश्त, ट्रैकिंग और निगरानी कर रही थी। आखिरकार रविवार सुबह करीब 3 बजे तेंदुआ लगाए गए पिंजरे में फंस गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के बीच तेंदुए को अपने कब्जे में ले लिया। वन दरोगा अभिषेक कुमार और सुनील गुप्ता ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। स्थानीय लोगों के सहयोग और विभाग की कड़ी मेहनत के चलते आखिरकार तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। साथ ही क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियों पर निगरानी अभियान आगे भी जारी रहेगा। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों में खुशी और राहत का माहौल है। लोगों का कहना है कि शुभम की दर्दनाक मौत के बाद बच्चे घरों से बाहर निकलने से डरते थे और किसान खेतों में जाने से घबराते थे। अब तेंदुए के पकड़े जाने के बाद गांव में फिर से सुरक्षा का एहसास लौट आया है। ग्रामीणों ने वन विभाग की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए टीम की सराहना की।

## लहरपुर चेयरमैन हाजी जावेद ने बालाजी मंदिर में कराया विशाल भंडारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर । आपको बताते चले आज लहरपुर नगर क्षेत्र मोहल्ला बेहटी स्थित बालाजी मंदिर पर नगर पालिका अध्यक्ष चैयरमेन हाजी जावेद अहमद के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन एक अत्यंत पुण्यदायी और धार्मिक कार्यक्रम है। इसमें सबसे पहले भगवान बजरंगबली को भोग लगाया गया जिसके बाद भक्तों को पूड़ी-सब्जी, हलवा, और बूंदी जैसे प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर परिसर में आने जाने वाले भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर जमकर प्रसाद का आनंद लिया और जय श्री राम के नारे लगाये लहरपुर के कई हिस्सों में ज्येष्ठ के अंतिम शनिवार को विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया।ज्येष्ठ माह के आखिरी शनिवार पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। अपनी श्रद्धा के अनुसार भक्तों ने पूड़ी सब्जी, छोला-चावल, जमकर प्रसाद ग्रहण किया इस विशेष मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सहित नगर के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

### शाहजहांपुर पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों और महिला पुलिस कर्मियों ने अपने थाना क्षेत्रों के विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों सहित एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर भ्रमण कर छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान एंटी रोमियो टीमों और महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उनको वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर हेल्पलाइन-1930, एम्बुलेंस सेवा-108 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 सहित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर बताए और जागरूकता के लिए पंपलेट वितरित किए। कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराध अथवा महिला संबंधी अपराध होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें अथवा अपराध से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करें। कहा कि शाहजहांपुर पुलिस, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे।

# बच्ची से दरिंदगी का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, चौकी इंचार्ज घायल

❒ पुलिस के अनुसार, मासूम बच्ची की निशानदेही पर आरोपी की पहचान के बाद रविवार तड़के चार बजे पुलिस टीम आरोपी अबरार (60) पुत्र लतीम को पकड़ने पहुंची थी। आरोपी रिश्ते में बच्ची का खालू लगता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। पुलिस ने बच्ची से दरिंदगी का आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में गोली लगने से चौकी इंचार्ज घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आपकों बाता दे कि पुलिस ने बच्ची से दरिंदगी का आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में गोली लगने से चौकी इंचार्ज घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बदायूं में चार वर्षीय मासूम बच्ची से दरिंदगी करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने रविवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी। मुठभेड़ के दौरान ककराला चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक गौरव सिंह भी घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार, मासूम बच्ची की निशानदेही पर आरोपी की पहचान के बाद रविवार तड़के चार बजे पुलिस टीम आरोपी अबरार (60) पुत्र लतीम को पकड़ने पहुंची थी। आरोपी रिश्ते में बच्ची का खालू लगता है। पुलिस को देखते ही उसने अवैध तमंचे से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और मौके से भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। जिससे आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी और वह मौके पर ही दबोच लिया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी की ओर से की गई फायरिंग में ककराला चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक गौरव सिंह घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को भी उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चार वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी करने के बाद से पुलिस टीमें घटना की कड़ी से कड़ी मिलाकर आरोपी की तक पहुंची। रविवार तड़के बच्ची की निशानदेही के आधार पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की, जिसके बाद मुठभेड़ हुई। चार वर्षीय बच्ची की ओर से बताए गए संकेतों और पुलिस की लगातार छानबीन के आधार पर पुलिस आरोपी अबरार तक पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि बच्ची की काउंसलिंग करने के बाद बच्ची ने आरोपी की पहचान की और घटना स्थल पर जाने पर वह फिर सहम गई थी।बच्ची को ले जाते समय आरोपी ने बच्ची को दुकान से मिर्च की पकौड़ी भी दिलाई थी। इसके बाद आरोपी ने बच्ची को ले जा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह बच्ची को खेत में छोड़ कर चला आया। इसके बाद बच्ची के निशानदेही के आधार पर तड़के दबिश दी गई थी। चार वर्षीय मासूम बच्ची से दरिंदगी करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने रविवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

> आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी। मुठभेड़ के दौरान ककराला चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक गौरव सिंह भी घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।
>
> **एसएसपी अंकिता शर्मा**

# डीएम ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

❒ जिलाधिकारी ने जिला (महिला) अस्पताल परिसर से किया पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने जिला (महिला) अस्पताल परिसर के बूथ से पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत बूथ डे के अवसर पर बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को पोलियों मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाएं, शत प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक से आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1672 बूथ बनाए गए हैं जहां पर 0 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जनपद के कुल 367432 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है, जो बच्चे रविवार को पोलियो की खुराक पीने से छूट जाएंगे उन्हें अगले 5 दिनों तक 1167 टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाए समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा द्वारा अवगत कराया गया कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए 31 ट्रांजिट टीम, 38 मोबाइल टीम, 337 सुपर वाइजर को लगाया गया है। जनपद में कुल 19 कोल्ड चेन प्वाइट है। जनपद को 381200 पोलियो वैक्सीन-डोज उपलब्ध है। उन्होंने बताया है कि सभी ब्लाक को पर्याप्त मात्रा में पोलियो वैक्सीन व लॉजिस्टिक उपलब्ध करा दी गयी है। पल्स पोलियो अभियान के सफल कियान्वयन/पर्यवेक्षण हेतु ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। पल्स पोलियो अभियान की सफलता हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित किया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा सहित संबंधित अधिकारीगण/ चिकित्सक उपस्थित रहें।

# लिखनिया दरी में दोस्तों संग नहाते समय युवक डूबा, एसडीआरएफ की तलाश जारी

❒ बंद होने के बावजूद पर्यटन स्थल पर पहुंच रहे लोग, घंटों चला तलाश अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर । अहरौरा थाना क्षेत्र के लिखनिया दरी पर्यटन स्थल पर रविवार को वाराणसी से पिकनिक मनाने आए एक युवक की स्नान के दौरान डूबने से मौत की आशंका है। सूचना के अनुसार जैतपुरा थाना क्षेत्र के अलईपुर निवासी 18 वर्षीय मोहम्मद नसीर पुत्र मतिउर रहमान अपने चार दोस्तों के साथ लिखनिया दरी आया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन एसडीआरएफ की टीम करीब चार घंटे बाद शाम सात बजे घटनास्थल पर पहुंची। अंधेरा होने तक तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन की ओर से रोक लगाए जाने के बावजूद लोग लिखनिया दरी पहुंच रहे हैं। इन दिनों डोंगिया जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण दरी में पानी का बहाव तेज है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने बताया कि युवक के डूबने की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। युवक की तलाश की जा रही है।

# न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह का जनपद सम्भल का प्रथम निरीक्षण भ्रमण सम्पन्न

❒ न्यायमूर्ति के जनपद सम्भल आगमन पर जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं प्रशासनिक न्यायाधीश, जनपद सम्भल का आज दिनांक 28 जून, 2026 को जनपद सम्भल का प्रथम प्रशासनिक भ्रमण सम्पन्न हुआ।

न्यायमूर्ति के जनपद सम्भल आगमन पर जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने जनपद न्यायालय परिसर का निरीक्षण कर न्यायालयों की व्यवस्थाओं एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के उपरांत माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक कार्यों एवं न्यायालय परिसर से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके पश्चात माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर न्यायिक कार्यों की प्रगति, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध न्यायिक निस्तारण तथा न्यायिक प्रशासन से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा की एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। भ्रमण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एम.ए.सी.टी.) का भी निरीक्षण किया तथा अभिलेखों एवं न्यायिक कार्यों का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। न्यायमूर्ति महोदय का यह प्रथम प्रशासनिक भ्रमण जनपद न्यायालय सम्भल के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक रहा। उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश न्यायिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन



**मऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से आज दिन रविवार को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में संत निरंकारी सत्संग भवन पट्टी रोड मुंशीपुरा मऊ उत्तर प्रदेश पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अरशद जमाल द्वारा फीता काटकर किया गया । इस रक्तदान शिविर में लगभग 60 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें सदर अस्पताल मऊ के डॉक्टर सरिता एवं उनके ब्लड कलेक्शन टीम द्वारा समर्पित भाव से कार्य किया गया द्य यह रक्तदान संत निरंकारी मिशन के तीसरे सद्गुरु बाबा गुरबचन सिंह जी के बलिदान 24 अप्रैल 1980 के बाद निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज द्वारा मानव को यह संदेश दिया गया कि रक्त नालियों में नहीं बल्कि मानव के नाड़ीयो में बहेगा। यही संदेश सत्संग की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर रीता यादव जोनल इंचार्ज आजमगढ़ द्वारा मानव एकता और प्रेम का संदेश दिया गया और संत निरंकारी मिशन के महात्माओं को चढ़ बढ़कर रक्तदान करने की प्रेरणा दी। इस शिविर की संपूर्ण व्यवस्था संत निरंकारी सत्संग भवन मऊ के संयोजक परम सुभाष चंद्र वर्मा एवं मऊ की पूरी साथ संगत के समर्पित भाव द्वारा किया गया।

## फखरे अहमद शोबी को नाम से बुलाकर स्वामी अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती ने हलचाल पूछा

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्ते श्वरनंद सरस्वती जी का बदायूं विधान सभा में वरिष्ठ नेता फखरे अहमद शोबी ने कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया उन्होंने बदायूं शहर, बिनावर हाईवे और बनकोटा पर स्वागत किया खास बात यह रही कि बन कोठा पर महाराज ने फखरे अहमद शोबी का नाम पुकारा और हालचाल जाना यह देख कर सभा दंग रह गए। इस मौके पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर सरस्वती ने गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर प्रदेश पर सरकार पर हमला बोला उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनता को जागरूक करना है उन्होंने कहा कि साधु के वेश में रहने वाले लोगों से आप सभी को बचना है। स्वागत कर्ताओं ज़िला अध्यक्ष आशीष यादव, फखरे अहमद शोबी मोद प्रकाश पाल राम मोहन सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, हर्षवर्धन लोधी, राजाराम दिवाकर, राम बाबू सागर आदि लोग मौजूद रहे।

## फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव, हत्या का आरोप

**फिरोजाबाद,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना जसराना क्षेत्र अन्तर्गत रविवार को एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटका मिला है। दो माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जनपद मैनपुरी के थाना दन्नाहार के गांव जवापुर निवासी अमर सिंह ने अपनी पुत्री करिश्मा (20) की शादी दो माह पूर्व थाना जसराना के गांव पारौली निवासी करन पुत्र राकेश के साथ की थी। रविवार को करिश्मा का शव गेट पर फंदे से लटका मिला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मृतका का भाई अभिषेक भी परिजनों के साथ पहुंच गया। मृतका के भाई का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल और सोने की जंजीर की मांग कर रहे थे। भाई का आरोप है कि उसकी बहिन करिश्मा की दहेज की खातिर हत्या की गई है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी जसराना का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षामित्र संघ की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**गोरखपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक आवश्यक बैठक रविवार को पंत पार्क में आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम नगीना निषाद ने की, जबकि संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ने किया। बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय और ऊर्जावान शिक्षामित्रों को जिम्मेदारी देने पर सहमति बनी। इसी क्रम में खोराबार ब्लॉक के शिक्षामित्र सुभाष को ब्लॉक अध्यक्ष तथा सीमा को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष राम नगीना निषाद ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सभी शिक्षामित्रों से रसीद कटवाकर वास्तविक सदस्य संख्या का आकलन किया जाएगा। इससे संगठन के लिए एक कोष भी तैयार होगा, जो भविष्य की गतिविधियों में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों की समस्याओं को संगठन मजबूती से सरकार के समक्ष उठा रहा है और सरकार भी उन पर विचार कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिक्षामित्रों को भी भविष्य में शिक्षकों के समान सम्मान और सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही विभागीय टीईटी में शिक्षामित्रों को शामिल करने की मांग भी दोहराई। बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों ने भाग लिया और संगठन की एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत, सांसद रवि किशन ने पिलाई पहली खुराक

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में रविवार को पल्स पोलियो अभियान की औपचारिक शुरुआत सदर सांसद रवि किशन ने की। उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को हर बार पोलियो ड्रॉप जरूर पिलाएं। सांसद ने कहा कि भारत भले ही पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में वायरस की मौजूदगी को देखते हुए सतर्क रहना जरूरी है। नियमित टीकाकरण ही बच्चों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रख सकता है। कार्यक्रम के दौरान जिले में शुरू किए गए नए नवाचार ल्रमातृ सेवा कार्यक्रमङ्क की भी लॉन्चिंग की गई। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी और जरूरत पड़ने पर समय से उच्च चिकित्सा केंद्रों पर रेफर करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सांसद ने इसे मातृ मृत्यु दर कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 1887 पोलियो बूथों पर रविवार को बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि 29 जून से 3 जुलाई तक टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो से बचाव की खुराक देंगी। अधिकारियों के अनुसार यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों को आजीवन दिव्यांगता से बचाने में प्रभावी है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक और अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

## झाड़ियों में मिला बिहार के युवक का शव

**फर्रुखाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में मोहम्मदाबाद कोतवाली स्थित इटावा-बरेली हाईवे स्थित एक गेस्ट हाउस के पीछे रविवार को झाड़ियों में युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर 112 एवं थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच की गई।

# छिनैती कांड का 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

❒ आरोपित के कब्जे से तमंचा, कारतूस और 20 हजार रुपये नकद बरामद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में दिबियापुर थाना पुलिस ने छिनैती की घटना में वांछित चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा 20,230 रुपये नकद बरामद किए हैं। आरोपित के खिलाफ आयुध अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, 18 अप्रैल 2026 को वादी बृजेश कुमार गुप्ता निवासी बेला रोड दिबियापुर अपने गोदाम सहार से मोटरसाइकिल द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान असैनी बरू के बीच सफ़ेद अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में लैपटॉप, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा एवं पिकअप के कागजात सहित दो दिन की कलेक्शन राशि रखी हुई थी। घटना के संबंध में थाना दिबियापुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों शिवम, आशीष कुमार और असद उर्फ पोपे को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश जारी थी। इसी क्रम में रविवार तड़के थाना दिबियापुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित इनामी अभियुक्त संजय उर्फ संजू उर्फ शुभम पुत्र शिव बालक निवासी गुलखरा (जीवा सिरसानी), थाना सहार, जनपद औरैया को असैनी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा 20,230 रुपये नकद बरामद किए गए।

पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना दिबियापुर में आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, अनिल कुमार एवं दिलीप शर्मा शामिल रहे।

# इंडिया टुडे-एमडीआरए रैंकिंग 2026 में बुवि के भास्कर इंस्टीट्यूट को मिली राष्ट्रीय पहचान

❒ देश में 42वीं और उत्तर प्रदेश के शीर्ष पांच मीडिया संस्थानों में बनाई जगह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी । बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भास्कर इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्यूनिकेशन एंड जर्नलिज्म (बीआईएमसीजे) ने मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इंडिया टुडे-एमडीआरए बेस्ट कॉलेजेस रैंकिंग-2026 में पहली बार शामिल होकर देशभर में 42वीं रैंक प्राप्त की है। स्नातक मास कम्यूनिकेशन एवं जर्नलिज्म श्रेणी में संस्थान ने देश के शीर्ष 50 संस्थानों में स्थान बनाया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के शीर्ष पांच मीडिया संस्थानों में भी अपनी जगह सुनिश्चित की है। इस उपलब्धि के बाद संस्थान आईआईएमसी नई दिल्ली, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय और मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने रविवार को कहा कि यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और गुणवत्ता आधारित शिक्षा का प्रमाण है। वहीं आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुनील कुमार काबिया ने इसे संस्थान के लिए असाधारण उपलब्धि बताते हुए पूरी टीम की सराहना की। संस्थान के समन्वयक डॉ. कौशल त्रिपाठी ने सफलता का श्रेय डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. राघवेंद्र दीक्षित तथा शोधार्थियों देवेंद्र और अतीत विजय के सामूहिक प्रयासों को दिया। यह रैंकिंग शैक्षणिक गुणवत्ता, फैकल्टी, आधुनिक संसाधनों, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, आरओआई और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान की प्रतिष्ठा जैसे मानकों के आधार पर प्रदान की गई है।

# प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी को बंधक बनाकर पीटा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में सुमेरपुर कस्बे के बसंत नगर में रविवार को प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिजनों ने कमरे में बंद करके जमकर पीटा और 112 पुलिस को बुलाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अभी तक किसी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। सुमेरपुर कस्बे के बसंत नगर में एक युवक प्रेमिका के बुलावे पर उसके घर मिलने के लिए पहुंचा था। इसकी भनक प्रेमिका के भाई को लग गयी। घर पहुंचे भाई ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर प्रेमी को घर के अंदर से दबोचकर कमरे में बंद करके जमकर पीटा। पिटाई के बाद 112 को सूचना देकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। 112 की टीम युवक को लेकर थाने पहुंची लेकिन किसी पक्ष द्वारा किसी तरह की तहरीर नहीं देने पर फिलहाल युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने रविवार को शाम बताया कि युवक के साथ मारपीट हुई है लेकिन किसी ने तहरीर नहीं दी है उपचार कराने के बाद युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिभाओं का हुआ भव्य सम्मान

❒ अर्कवंशी युवा एकता मंच ने तीसरी बार सजाया मेधावी सम्मान समारोह

❒ 29 होनहार छात्र-छात्राओं को शील्ड व सम्मान-पत्र से किया गया सम्मानित

❒ शिक्षा, तकनीकी जागरूकता और सामाजिक एकता का दिया गया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । सामाजिक संगठन अर्कवंशी युवा एकता मंच द्वारा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोहऽ2026 का भव्य आयोजन लखनऊ रोड स्थित वृंदा रिज़ॉर्ट एंड वॉटर पार्क, बिनौरा में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2026 में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अर्कवंशी समाज के 29 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवदेवी अर्कवंशी एवं विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह अर्कवंशी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) ने कुल गौरव महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

सम्मानित विद्यार्थियों में प्रिया सिंह अर्कवंशी (91.83%), अनिकेत अर्कवंशी (91.00%), दिव्या दिनकर (90.85%), देवकी अर्कवंशी (89.66%) तथा अबी सिंह अर्कवंशी (88.00%) प्रमुख रहे। वहीं युवा संसद भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देवव्रत अर्कवंशी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, संडीला सहित विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. अर्कवंशी श्रीराम शास्त्री, सतीश सिंह अर्कवंशी (यूपीएससी शिक्षक), देवेंद्र सिंह अर्कवंशी, पत्रकार रामनरेश आर्य, समाजसेवी आनंद सिंह अर्कवंशी, डॉ. मनोज सिंह अर्कवंशी एवं कवि मदन पाल अर्कवंशी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में एचसीएल टेक के सॉफ्टवेयर इंजीनियर मृत्युंजय सिंह अर्कवंशी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह का प्रभावी संचालन धनंजय सिंह अर्कवंशी ने किया। इस दौरान समाज के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विशिष्ट अतिथियों को श्रीमद्भगवद्गीता, अंगवस्त्र एवं सम्मान-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी एडवोकेट आनंद कुमार अर्कवंशी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में शिक्षा का प्रसार, प्रतिभाओं का सम्मान और युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि अर्कवंशी युवा एकता मंच भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष कैप्टन संदीप बाबू अर्कवंशी, प्रमुख महासचिव कुलदीप सिंह अर्कवंशी, पूर्व अध्यक्ष विमल सिंह अर्कवंशी, मीडिया प्रभारी ललित सिंह अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष अमित कुमार अर्कवंशी, जिला उपाध्यक्ष भारत सिंह अर्कवंशी, व वीर सिंह अर्कवंशी सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# लव मैरिज शादी बनी मौत की वजह वजीरगंज में युवक की गला रेत कर हत्या




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में लव मैरिज शादी से जुड़े पुराने विवाद ने एक युवक की जान ले ली। शनिवार क्री रात 35 वर्षीय आजाद सिंह का शव सड़क किनारे मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।पुलिस की शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग के बाद चली आ रही रंजिश से जुड़ा सामने आया है।हत्या के आरोप में एक रिश्तेदार का नाम सामने आया है।जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है,दुर्जनपुर घाट ग्राम पंचायत के चाचा पुरवा गांव निवासी 35 वर्षी य आजाद सिंह का शव शनिवार देर रात सड़क किनारे पड़ा मिला।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में युवक को अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार, मृतक के गले और पेट पर किसी धारदार हथियार से कई वार किए गए थे।शुरुआती जांच में हत्या के पीछे प्रेम विवाह को लेकर चली आ रही पुरानी दुश्मनी को वजह माना जा रहा है।

## प्रेम विवाह की रंजिश में हुई हत्या

जानकारी के मुताबिक,करीब डेढ़ वर्ष पहले आजा द सिंह ने गांव की ही युवती पिंकी सिंह से लव मै रिज शादी की थी।इस शादी के बाद दोनों परिवारों के बीच तनाव पैदा हो गया था।विवाह के बाद आ जाद अपने गांव से अलग होकर पत्नी के साथ न वाबगंज क्षेत्र में रहने लगा था।उसके परिवार के अ न्य सदस्य भी गांव से बाहर रहते हैं, जबकि उसकी मां गांव में अकेली रहती हैं।पुलिस को मिली जान कारी के अनुसार, शनिवार शाम आजाद दुर्जनपुर बाजार में देखा गया था।बताया जा रहा है कि वह कुछ लोगों के साथ समय बिताने के बाद चिलमपुर गांव में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसका सामना कुछ लोगों से हुआ।बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद आरोपी मौके से फ रार हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पो स्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जां च शुरू कर दी है।मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।जबकि उसकी पत्नी की भी तलाश की जा रही है।ताकि उन्हें घटना की जानकारी दी जा सके।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें ल गाई गई है इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि वजीरगंज पुलिस को सूचना मिली कि दुर्जनपुर गांव के चाचा पुरवा में अजीत सिंह नामक व्यक्ति को चाकू मारकर घाय ल कर दिया गया है।इस सूचना पर वजीरगंज पु लिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया।मृत क के भाई की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई है।शव को कब्जे में लेकर पो स्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भ्रष्टाचार हावी,पात्र को अपात्र करने का चल रहा बड़ा खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भ्रष्टाचार पूरी तरह से हावी है,जिम्मेदार लोग पात्र अपात्र का खेल खेल रहे हैं।बगैर दलालों व रिश्वत के बिना किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ लेना मुश्किल हो गया है। गोंडा जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने में बड़ा खेल चल रहा है।आवेदन के बाद लाभार्थि यों को ब्लॉक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।सचिवो के पास बैठे प्राइवेट कर्मी आवेदन को पात्र करने के लिए लाभार्थियों को चक्कर लगवाते हैं।आखि रकार लाभार्थी परेशान होकर दलालों की शरण मे पहुँच ही जाते है।फिर शुरू होता है पात्र और अपा त्र का खेल।फिलहाल,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्राइवेट लोगों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है,रूपईडीह,मुजेहना,इटियाथोक ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतो के लोगो ने अप नी बेटी का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत योजना का लाभलेने के लिए आवेदन कि या था।आवदेन होने के बाद ब्लॉक और मुख्यालय पर काफी दिनों तक पात्र अपात्र का खेल चलता रहा।फिर सचिव के एक प्राइवेट व्यक्ति ने सौदाब जी की और एक दलाल के माध्यम से आवेदन पा त्र करने के लिए सुविधा शुल्क ले लिए,बाद में उसी लाभार्थी को अपात्र दर्शाकर उसका आवेदन निर स्त कर दिया।जब लाभार्थी से सुविधा शुल्क लेकर भी उसे अपात्र कर दिया और लाभार्थी थक हारक र घर पर बैठ गया है। चर्चा है कि समाज कल्याण विभाग में कई ऐसे कर्मचारी हैं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में आपात्रों की शादी करवाने का ठेका भी लेते हैं।यही नहीं यह भी चर्चा है कि एक बार मुख्य मंत्री सामूहिक शादी हो रही समाज कल्याण विभा ग के कर्मचारियों की फजीहत होने के बाद फिर उसी लाभार्थी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योज ना के लिए पात्र भी कर दिया और उन्हें शादी का सामान भी दे दिया गया लेकिन आज तक उनके खाते में पैसा नहीं आया जो चर्चा का विषय बना हुआ है।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर लाभार्थियों के घर का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने व आपात्रों को लाभ मिलना बंद हो जाएगा।शायद ही समाज कल्याण विभाग सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा।ईमानदारी पूर्वक अगर जांच हुई तो समाज कल्याण विभाग में तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।वही इस में समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक से जानकारी लेने की कोशि श की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया है और जा नकारी नहीं मिल पाई है।

# मन्दिर में चैन चोरी करने वाली अंतर्जनपदीय दो महिला गिरफ्तार,भारतीय व नेपाली मुद्रा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । थाना कोतवाली नगर पुलिस ने दुखहरन नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के बहाने श्रद्धालु महिला के गले से सोने की चैन चोरी करने वाली दो अंतर्जनपदीय महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस ने अभियु क्ता के कब्जे से चोरी के सोने की चैन बेचने से प्रा प्त धनराशि 48 हजार आठ बाइस रूपये भारतीय व 15 सौ रूपये नेपाली मुद्रा बरामद किया। घटना 18 मई 2026 सोमवार को दुखहरननाथ मन्दिर में जल चढ़ाने गयी दो महिला श्रद्धालुओं की गर्दन से दो सोने की चैन तीन अज्ञात महिलाओं के द्वारा श्रद्धालु बनकर चोरी कर लिया गया जिसपर थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था।कोतवाली नगर पुलिस के द्वारा मन्दिर में लगे सीसीटीवी कैमरे व बाहर सड़क पर लगे सीसीटी वी कैमरे से प्राप्त फुटेज के आधार पर तीनों महि लाओं की पहचान करायी गयी,जिसमें पूर्व में एक महिला को गिरफ्तार किया है जिसके पास से उक्त अभियोग में चोरी हुए सोने की चैन बरामद हुआ जिसके आधार पर पुलिस ने धारा बढ़ोत्तरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्ता दीपमाला को पूर्व में ही जेल भेज दिया गया था।उसी प्रकरण में प्रकाश में आए वांक्षित अभियुक्ता सरिता पुत्री लोरिक निवा सी बढ्या थाना उरूआ बाजार जनपद गोरखपुर माया पट्टी विजय कुमार निवासी मुन्डेरा थाना धन कटा जनपद संत कबीरनगर को गोंडा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर डग्गामार वाहनों की भरमार,पाबंदी लगाने में



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । डग्गामार वाहनों के चलते हो रही सड़क दुर्घ टनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने डग्गामार वाह नों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था। लेकिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक की सड़ कों पर जमकर मुख्यमंत्री के आदेश का पालन होता नहीं दिख रहा है।सड़कों पर प्रतिदिन ट्रैफिक पुलिस व प्रशासन की नाक के नीचे सैकड़ों की सं ख्या में डग्गामार वाहनों का संचालन किया जा रहा है।वहीं डग्गामार वाहनों के संचालन में यात्रि यों की सुरक्षा का भी कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है,जिसके चलते किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। डग्गामारी पर पाबंदी के लिए परमिट धारी वाहन संचालकों ने हाईकोर्ट में रिट भी दायर की थी जिसकी सुनवायी में एक माह के भीतर डग्गामारी पर अंकुश की बात कही गयी थी।लेकि न प्रशासनिक अवहेलना के चलते हाईकोर्ट में कि ए गए वादे की पूर्ति भी नहीं हो रही है।

## नगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर डग्गामार

वाहनों की भरमार देखने को मिल रही है।मुख्य मार्ग हों या फिर ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाले मार्ग सभी पर दिन भर डग्गामार वाहनों को दौड़ते देखा जा रहा है।मार्गों पर डग्गामारी करते हुए दौड़ रहे मैजिक, मैक्स, ई-रिक्शा, टेंपो आदि में यात्री सुरक्षा मानकों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर यात्रा की जा रही है।जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है।वहीं डग्गामार वाहनों के संचालन के चलते सरकारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। रोडवेज बसों को जहां यात्री नहीं मिल रहे तो वहीं परमिट वाहनों की संख्या कम हो रही है।यात्रियों का आरोप है,कि वाहन स्वामी जबरन किराया भी अधिक वसूल रहे हैं।वहीं विरोध करने पर यात्रियों से बदसलूकी भी की जाती है।कई यात्रियों का कहना है, कि जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की गयी है, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

## ट्रैफिक प्रभारी का प्राप्त है संरक्षण

क्षेत्र में चर्चा है,कि अवैध डग्गामार वाहनों के संचा लकों को ट्रैफिक प्रभारी और आराटीओ का संरक्ष ण हासिल है। जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ सब कुछ देखने के बाद भी अवैध टैंपो, टैक्सी,बस आदि के संचालन पर कोई पाबंदी नहीं लगा रही है।लोगों में पुलिस के प्रति रोष देखने को मिल रहा है।क्षेत्र में डग्गामारी का आलम यह है,कि जिले के विभिन्न तहसील क्षेत्रो से कई अन्य प्रदेशों के लिए बसों का संचालन किया जा रहा है,करनैल
गंज मे गोंडा लखनऊ मार्ग हुजूरपुर तिराहे के पास से संचालित हो रही इन बसों द्वारा यात्रियों को पं जाब,दिल्ली,लुधियाना,गुजरात व मुंबई आदि की यात्रा करवायी जाती है।वहीं इसके एवज में यात्रि यों से मोटी रकम भी वसूली जा रही है। डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परि वहन विभाग,स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन पर है। बावजूद सभी जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने के प्रति उदासीन दिख रहे हैं।चारों विभागों को डग्गामार वाहनों को बंद कराना चाहिए, लेकि न शायद ही कभी कोई कार्रवाई की गई हो। कार्र वाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों के हौंसले बुलंद है।

# जिलाधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ, बच्चों को पिलाई पोलियो की दो बूंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला महिला अस्पताल गोंडा में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने की शुरुआत। उन्होंने बताया है कि इस अभियान के तहत जनपद के शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पोलियो रोधी द वा पिलाई जाएगी। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए व्या पक कार्ययोजना तैयार की है।जिलाधिकारी प्रियं का निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरा न कोई भी पात्र बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे।



**शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा**

**जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई थी।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा था कि पो लियो उन्मूलन की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पहुंचना आवश्यक है।उन्हों ने स्वास्थ्य, बाल विकास एवं अन्य सहयोगी विभा गों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सभी तैयारियां पूरी, टीमें रहेंगी सक्रिय

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई थी। बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। अभियान की निगरानी के लिए 365 सुपरवाइजर तैनात किए गये हैं।आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुइनुद्दीन चिस्ती ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन जिले में 1977 फिक्स्ड बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।इसके बाद छूटे हुए बच्चों तक पहु चने के लिए 1171 हाउस-टू-हाउस टीमें घर-घर भ्रमण करेंगी। वहीं बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 75 ट्रांजिट टीमें तथा दूरस्थ एवं विशेष क्षेत्रों के लिए 45 मोबाइल टीमें तैनात की गई है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों,घुमंतू एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों को अभियान में विशेष प्राथमिकता दी जाए,इन स्थलों पर रहने वाले बच्चों तक पहुंचने के लिए विशेष रणनीति अपनाई जाएगी और मो बाइल व ट्रांजिट टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए।उन्होंने कहा कि अभियान की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन ब्लॉक एवं जिला स्तर पर की जाएगी।साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाने में सहयोग करें।कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल डॉक्टर देवेंद्र सिंह,डॉक्टर पंकज तिवारी, डॉक्टर आरपी सिंह, सहित अन्य सभी डॉक्टर्स एवं सहयोगी अधिकारीगण व कर्म चारीगण उपस्थित रहे।

# बच्चों को पोलियों ड्राप पिलाकर हुआ पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच के एमसीएच विंग में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला अधिकारी बहराइच के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में जन्मे नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए चलाया जाने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाई जानी चाहिए। भारत भले ही पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन दुनिया के कुछ देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आते हैं। ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों को हर बार पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए, ताकि देश की पोलियो पर मिली जीत बरकरार रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। अभियान के पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि अगले चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को भी दवा पिलाएंगी जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए सभी ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाकर पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. वर्मा, जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. पी.के. वर्मा, डब्ल्यूएचओ से डॉ. निखिल, सहायक आचार्य (स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग) डॉ. शिवांगी, अर्बन कोऑर्डिनेटर श्री अरुण, चिकित्सालय प्रबंधक, नर्सिंग अधीक्षिका, एआरओ श्री मुशर्रफ अहमद, श्री दीपक, टीकाकरण कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में मौत को दावत दे रहा है बिजली का यह झुका पोल

**विभाग की लापरवाही आम जनता के जीवन पर पर सकती है भारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । फखरपुर क्षेत्र के इन्दनापुर गांव से आई एक तस्वीर बिजली विभाग के दावों और उनकी कार्यशैली की पोल खोलने के लिए काफी है। यहाँ खेतों के बीच से गुजरने वाली मुख्य बिजली लाइन का एक कंक्रीट का पोल खतरनाक तरीके से एक तरफ झुक चुका है जो किसी भी वक्त एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसी लाइन के थोड़ा पहले एक बाग है जहाँ गर्मी के वजह से लगभग पुरे ग्रामीण इकठ्ठा रहते है। तारों का बढ़ा तनाव, मंडरा रहा है खतरा तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि बिजली का यह भारी-भरकम खंभा करीब 45 डिग्री के कोण पर झुक गया है। पोल झुकने के कारण उस पर से गुजरने वाले हाई-टेंशन वाले तार अत्यधिक खिंच गए हैं। हवा चलने या मौसम खराब होने पर इस पोल के पूरी तरह उखड़ने या तारों के टूटकर गिरने की आशंका बनी हुई है। नीचे हरे-भरे खेत हैं, जहाँ स्थानीय किसान और ग्रामीण रोजाना काम काज करते हैं। ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पोल की स्थिति के बारे में विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों और लाइनमैन को कई बार सूचित किया जा चुका है। इसके बावजूद विभाग की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं हो रही , ग्रामीणों का कहना है, ''क्या विभाग किसी की जान जाने के बाद ही जागेगा? यह पोल मुख्य रास्ते और खेतों के पास है, जहाँ बच्चे और मवेशी भी घूमते रहते हैं।

# धर्मेंद्र तिवारी अध्यक्ष व राकेश कुमार तिवारी महासचिव निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




## कुड़वार में जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की ब्लॉक इकाई का गठन

## पत्रकार हितों और निष्पक्ष पत्रकारिता को मजबूत करने का लिया संकल्प

सुलतानपुर/कुड़वार। विकास खंड मुख्यालय कुड़वार में रविवार को जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (जेसीआई) के तत्वावधान में आयोजित भव्य अधिवेशन एवं संगठनात्मक बैठक में कुड़वार ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन करते हुए पत्रकार धर्मेंद्र कुमार तिवारी को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नई टीम के गठन के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा का संकल्प लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं संरक्षक तेज बहादुर सिंह तथा राकेश कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से की। जिला संरक्षक इंद्र नारायण तिवारी ने नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए धर्मेंद्र कुमार तिवारी को अध्यक्ष, तेज बहादुर सिंह को संरक्षक, राकेश कुमार तिवारी को महासचिव, ओम प्रकाश शर्मा को महामंत्री, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष तथा विजय प्रकाश तिवारी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इसके अतिरिक्त नितिन विश्वास, इन्द्रसेन द्विवेदी, उदय प्रताप सिंह, नीरज श्रीवास्तव, मनोज पांडेय, नीरज विक्रम सिंह, उमेश चंद्र तिवारी, संतोष द्विवेदी, राहुल श्रीवास्तव एवं प्रदीप सिंह को वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित खंड विकास अधिकारी विनय कटियार ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकास खंड प्रशासन पत्रकारों के सम्मान और सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगा। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया समाज को दिशा देने का कार्य करता है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि किसी भी समाचार को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें तथा संबंधित पक्ष का पक्ष अवश्य लें। कार्यक्रम में मंडल महासचिव नीरज तिवारी, जिलाध्यक्ष रामानंद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, महामंत्री फरीद अहमद 'अर्शी', जिलासंगठन मंत्री रामराज पांडेय, मीडिया प्रभारी अनिल निषाद, वरिष्ठ पत्रकार आर.के. मौर्य, ललित शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में नवमनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने सभी सम्मानित अतिथियों और पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, डायरी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों के हितों की सुरक्षा तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# मोहनगंज पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ शिकंजा कसते हुये सरसठ ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान महमूद अली पुत्र रहमत अली निवासी शाहमऊ थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से सरसठ ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कारोबार में लिप्त लोगों को कतई बख्शा नही जायेगा और इसके खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

# रोबोटिक सर्जरी स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य, हाईपरटेंशन पर समय रहते उपचार जरूरी : पदमश्री डॉ. आर.के. धीमान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। स्ववित्तपोषी चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय चिकित्सा सेमिनार में उच्च रक्तचाप (हाईपरटेंशन) की रोकथाम, पहचान और आधुनिक उपचार पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। मुख्य अतिथि पद्मश्री एवं एसजीपीजीआई लखनऊ के निदेशक डॉ. आर.के. धीमान ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा बदलने वाली तकनीक है, जिससे जटिल ऑपरेशन अधिक सटीक और प्रभावी होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा ने सेमिनार को चिकित्सा शिक्षा के लिए उपयोगी बताया। सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने कहा कि हाईपरटेंशन एक साइलेंट किलर है, इसलिए नियमित जांच और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. अविनाश गुप्ता सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लेकर आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और हाईपरटेंशन से बचाव पर विचार साझा किए।

# दहेज हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडाःथाना परसपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे दिवाकर तिवारी पुरवा में 24 जून 2026 को नवविवाहिता निधि तिवारी (25) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी शिवम तिवारी पुत्र राजेश तिवारी निवासी तिवारी पुरवा मौजा पूरे तिवारी थाना परसपुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया है।इस संबंध में वादी श्री राजकुमार पांडे पुत्र स्वर्गीय अमला प्रसाद पांडे निवासी ग्राम कोदरैला मौजा गवरखा थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उनकी पुत्री निधि की शादी 17 मई 2025 को शिवम तिवारी के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी, लेकिन शादी के बाद से ही पति शिवम तिवारी एवं सास शीला पत्नी राजेश तिवारी दहेज से असंतुष्ट रहते हुए उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे जिसकी जानकारी पुत्री द्वारा कई बार मायके पक्ष को दी गई थी।प्रार्थी के अनुसार 24 जून 2026 को ससु राली जनों ने उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी। इस प्रकरण में थाना परसपुर पुलिस ने पति शिवम तिवारी एवं सास शीला के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी।पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्ष क के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी करनैलगंज के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष परसपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी शिवम तिवारी को ग्राम सुकई पुरवा बंधा नन्दौर थाना परसपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी करनैलगंज द्वारा की जा रही है। परस पुर थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई प्रचलित है।

## डायमंड बाल प्रतियोगिता में मझोला की बेटी अवनी अग्रवाल ने किया नाम रोशन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मझोला नगर की बेटी अवनी अग्रवाल ने डायमंड बाल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अवनी की कप्तानी में उत्तराखंड की टीम ने आगरा में 21, 22 और 23 जून को हुई प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। उत्तराखंड की टीम ने लीग मुकाबलों में उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और बंगाल जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उत्तराखंड की टीम उपविजेता रही। अवनी ने कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करते हुए शानदार खेल दिखाया।अवनी के इस प्रदर्शन पर नगर में खुशी की लहर है। व्यापार नेता कपिल अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह, अरुण सिंह, कुलवंत सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी और अवनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि अवनी के पिता विकास अग्रवाल भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं। पिता से मिली प्रेरणा और कड़ी मेहनत के दम पर अवनी ने यह मुकाम हासिल किया है। कोच और परिजनों ने बताया कि अवनी का चयन अब राष्ट्रीय टीम के लिए भी संभावित है,जिससे मझोला का नाम और ऊंचा होगा।

## समाजसेवी अमित मिश्रा ने हादसे में मृत किसान के परिवार को दी 11 हजार की सहायता, हरसंभव सहयोग का दिलाया भरोसा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हुआ गुन्दे गांव में बिजली का तार गिरने से हुई विकास शुक्ला की दर्दनाक मौत के बाद शोकाकुल परिवार को संबल देने के लिए समाजसेवी एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित मिश्रा आगे आए उन्होंने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और आर्थिक सहायता प्रदान कर मानवता का परिचय दिया ज्ञात हो कि महुआ गुन्दे निवासी स्वर्गीय विकास शुक्ला की बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के निकट गन्ने के खेत में पानी लगाते समय अचानक बिजली का तार गिर जाने से करंट लगने के कारण मौत हो गई थी इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई घटना की जानकारी मिलते ही पंडित राजेन्द्र प्रसाद स्मारक फार्मेसी कॉलेज एवं मेडिकेयर हॉस्पिटल के चेयरमैन, समाजसेवी तथा भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित मिश्रा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे उन्होंने दिवंगत की पत्नी राखी शुक्ला, पुत्र आदित्य शुक्ला और पिता ओमप्रकाश शुक्ला से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की अमित मिश्रा ने परिवार को ?11,000 का सहायता चेक सौंपते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी किसी भी आवश्यकता पर वह और समाज परिवार के साथ खड़े रहेंगे उन्होंने कहा कि किसी अपने को खोने की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा इस अवसर पर अचलेन्द्र मिश्र 'अचल', नकुल पाण्डेय, सोनू सिंह एवं ऋषभ पाण्डेय भी मौजूद रहे अमित मिश्रा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की उनकी इस संवेदनशील पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 3.56 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जनपद में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला महिला चिकित्सालय स्थित पल्स पोलियो बूथ पर मुख्य विकास अधिकारी विनय सिंह ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सकों तथा अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, आरएफपीटीसी अयोध्या के प्राचार्य डॉ. रामकिशोर, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा, महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. आर.के. यादव, पुरुष चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. सी.एल. रस्तोगी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके पूर्व शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी विनय सिंह ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह रैली कलेक्ट्रेट गेट से तिकोनिया पार्क तक निकाली गई। रैली का उद्देश्य जनसामान्य को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक करना और प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाने के लिए लोगों को प्रेरित करना था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा विभिन्न संस्थानों के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष तक आयु वर्ग के कुल 3,56,642 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, जिससे कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी के खतरे से वंचित न रह जाए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि छह दिवसीय इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। जनपद में कुल 1,116 पल्स पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही 758 घर-घर भ्रमण टीमें, 35 ट्रांजिट टीमें तथा 28 मोबाइल टीमें गठित की गई हैं, जो छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे रविवार को बूथों तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 29 जून से घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

इसके बाद भी यदि कोई बच्चा छूट जाता है तो 6 जुलाई को विशेष अभियान चलाकर उसे दवा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सुलतानपुर जनपद में पोलियो का अंतिम मामला वर्ष 2008 में अखण्डनगर क्षेत्र में दर्ज किया गया था, जबकि उत्तर प्रदेश में अंतिम पोलियो केस वर्ष 2010 में फिरोजाबाद में पाया गया था।

## हक नहीं मिला तो जाएंगे मुख्यमंत्री के दरबार' 48 घंटे से भूख हड़ताल पर बैठे किसानों का अल्टीमेटम

पूरनपुर।तहसील परिसर में किसानों की जमीन की पैमाइश और कथित अवैध कब्जों को लेकर चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है भारतीय किसान यूनियन (भानू) के बैनर तले किसान पिछले छह दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर डटे हैं, जबकि कई आंदोलनकारी पिछले 48 घंटे से भूख हड़ताल पर बैठे हैं किसानों का आरोप है कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के बजाय लगातार अनदेखी कर रहा है धरनास्थल पर बैठे किसानों का कहना है कि उनकी जमीनों की पैमाइश जानबूझकर नहीं कराई जा रही है, जिससे दबंगों को कथित रूप से अवैध कब्जा करने का अवसर मिल रहा है उनका आरोप है कि कई बार शिकायत और अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद केवल आश्वासन मिले, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों में शिवकुमार (65), गीता देवी (45), सोमवती (60), गीता (50), जगदेवी (65) और मिथिलेश शर्मा (50) शामिल हैं आंदोलनकारियों का कहना है कि वे अपनी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे और पीछे नहीं हटेंगे किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी जमीनों की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे नहीं हटाए गए, तो वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष पूरे प्रकरण को उठाएंगे उनका कहना है कि तहसील स्तर पर कथित भ्रष्टाचार और किसानों के उत्पीड़न से जुड़े मामलों की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से की जाएगी धरनास्थल पर किसानों की बिगड़ती सेहत और बढ़ते आक्रोश के बीच अब सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है प्रशासन की ओर से इन आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## घुंघचाई पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले के दो वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दहेज उत्पीड़न के एक गंभीर मामले में थाना घुंघचाई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाहिता को आत्महत्या के लिए कथित रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में उसके पति और सास को गिरफ्तार कर लिया दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना घुंघचाई पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरहना निवासी छोटेलाल (33 वर्ष) और उसकी मां ज्वाला देवी (55 वर्ष) को कबीरपुर कसगंजा मोड़ से सुबह करीब 8:10 बजे गिरफ्तार किया पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्त थाना घुंघचाई पर दर्ज मुकदमा संख्या 82/2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत वांछित चल रहे थे मामले के अनुसार, वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री उर्मिला देवी को विवाह के बाद लगातार दहेज में अतिरिक्त पांच लाख रुपये लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं लगातार हो रहे उत्पीड़न से आहत होकर उर्मिला देवी ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक निशान्त कुमार, कांस्टेबल शोभित कुमार, आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार तथा महिला आरक्षी मोनिका बोहरा शामिल रहीं।

## चौपाल का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विकासखंड बरखेड़ा की ग्राम पंचायत पतरसिया में चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित ग्रामीणों को परामर्शदाता ,अभिषेक, एवं चाइल्ड लाइन से केस वर्कर संजय सिंह द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य ,निराश्रित पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की विस्तार से जानकारी दी गई, तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर - 1098, 1090,181, 112, 1076, 108 के विषय में भी बताया गया, कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी ,श्रीमती मूर्ति देवी,आंगनबाड़ी,आशा, ए0 एन0 एम0 एवम प्राथमिक विद्यालय की अध्यापक ,ओर ग्राम वासी उपस्थित रहे हैं।

## पंखा ठीक करते समय करंट की चपेट में आया युवक, हुई मौत

लम्भुआ,सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के भवनपुर चौपरिया गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में पंखा ठीक करते समय 35 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार निषाद पुत्र स्वर्गीय शिवप्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार,कृष्ण कुमार रविवार दोपहर घर में पंखा ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए और अचेत होकर गिर पड़े। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी शीला देवी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि कृष्ण कुमार तीन भाइयों में बीच के थे। पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। मृतक के चार बच्चे हैं - दो पुत्री और दो पुत्र। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना पर लम्भुआ पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साइकिल मिस्त्री पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, पत्नी ने नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की लगाई गुहार

पूरनपुर।पंकज कॉलोनी में एक साइकिल मिस्त्री पर कथित रूप से धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है घायल की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है तहरीर के अनुसार, पंकज कॉलोनी निवासी पिंकी रस्तोगी ने बताया कि उनके पति संतोष रस्तोगी डाकखाने के पास साइकिल रिपेयरिंग का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं आरोप है कि 27 जून को दोपहर में जब संतोष रस्तोगी घर पर नहीं थे, तब कॉलोनी निवासी चेतन मिश्रा, उनके पोते लव मिश्रा, कुश मिश्रा तथा अन्य साथियों ने घर पहुंचकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी शिकायत के मुताबिक, शाम करीब पांच बजे जब संतोष रस्तोगी भोजन करने के बाद अपनी दुकान जा रहे थे, तभी पंकज कॉलोनी के

# व्यापारी कल्याण दिवस भामाशाह जयंती पर व्यापारियों को शुभकामनाएं दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। विगत कई वर्षो से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद में भामाशाह जयंती को धूम धाम से मनाता आया है, जबकी विगत तीन वर्षो से भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित किऐ जाने से व्यापारियों का उत्साह दोगुना हो गया है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय, क्षेत्रिय प्रभारी अमर बहादुर सिंह व वरिष्ठ जिला महामंत्री अंबरीश मिश्रा से वार्ता करने पर उनके द्वारा बताया गया कि व्यापारी कल्याण दिवस की मांग अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के द्वारा सन २०००-२००१ में की गई थी, एंव लगभग २३ वर्षो से सतत प्रयास निरंतर जारी रखा, जिसके तहत मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, मायावती एंव अखिलेश यादव से मिल कर उनके समक्ष अपनी मांग रखी किंतु लगभग २३ वर्षो के निरंतर एंव अथाह प्रयास के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापारीयों के संम्मान के लिए व्यापारी कल्यण दिवस की घोषणा व्यापारियों के पितामाह एंव उनके प्रेरणादायक भामाशाह की जयंती के दिन रखा गया,साथ ही इस दिन को शासन की तरफ से सभी जनपदों में भामाशाह जयंती एंव व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाऐ जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## स्कूल से लौट रहीं शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत

बोलेरो की टक्कर से हुई थीं घायल

सुल्तानपुर। शनिवार को स्कूल से घर लौटते समय सड़क दुर्घटना में घायल हुई सहायक अध्यापिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान नीरज के रूप में हुई है, जो कुरेभार क्षेत्र के गलिबहा प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात थीं। शनिवार को विद्यालय से घर लौटते समय धनपतगंज बाजार में एक बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के पिता रामसुंदर, निवासी डोभियारा थाना हलियापुर, ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, हादसे के बाद परिवार एवं शिक्षकों में शोक का माहौल है।

## सम्पादकीय

# भरोसे के रिश्ते का कत्ल

आम भारतीय की स्मृति से एक साल पहले मेघालय में इंदौर की सोनम रघुवंशी द्वारा अपने हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या की घटना अभी मिटी नहीं है। सोनम ने पहाड़ी से अपने पति को धक्का देकर मौत की नींद सुला दिया था। साजिश में उसका प्रेमी राज सिंह भी शामिल था। अब ऐसा ही मामला पुणे में सामने आया है जब सिया गोयल नामक युवती ने अपने मंगेतर केतन अग्रवाल को लौहगढ़ स्थित ऊंची पहाड़ी से धक्का देकर मौत की नींद सुला दिया। दोनों धनाढ्य परिवारों से थे। इस साल की शुरुआत में सगाई हुई थी और इसी साल के अंत में उनकी शादी होने जा रही थी। हत्या की दोनों ही घटनाओं में प्रेम का दूसरा कोण मौजूद रहा। पहली घटना में खलनायक प्रेमी राज सिंह तो दूसरी घटना में चेतन चौधरी। दोनों ही घटनाओं में पति व मंगेतर को कांटा मानकर जीवन से हटाना और प्रेमी के दिखाए सब्जबाग संग जीने की उत्कट चाह थी। लेकिन ये कोई सामान्य दुर्घटनाएं नहीं हैं, एक सुनियोजित साजिश हैं,भरोसे के रिश्तों के कत्ल की। भारतीय समाज में ये घटनाएं अस्वाभाविक हैं और परिवार संस्था में भरोसा रखने वाले हर व्यक्ति को उद्वेलित करती हैं। यह समाज विज्ञानियों के लिये मंथन का विषय है कि कोई स्त्री कैसे अपने पति या होने वाली पति की हत्या करने की सोच बना लेती है? सोच बनाती ही नहीं है बल्कि उसे साजिश रचकर अंजाम भी देती है। यहां सवाल उठता है कि यदि सोनम व सिया परिवार द्वारा तय किए गए रिश्ते में नहीं बंधना चाहती तो ना कहने का साहस तो कर ही सकती थीं? निश्चय ही हत्या करने से ना कहना ज्यादा आसान है। धनाढ्य परिवार के केतन की तो अभी सगाई ही हुई थी, जिसे टाला भी जा सकता था। सिया के न चाहने पर परिवार के लोग केतन को खोने के बजाय रिश्ते को मन मारकर तोड़ देते। निश्चय ही केतन व राजा रघुवंशी की सुनियोजित हत्याएं हमें परेशान करती हैं। भले ही ये घटनाएं इक्का-दुक्का हों, लेकिन समाज के विश्वास को गहरे तक खंडित करती हैं। कोई सोच भी नहीं सकता कि किसी मधुर रिश्ते का ऐसा खौफनाक अंत हो सकता है। जिस सिया के साथ सुनहरे जीवन के सपने केतन ने देखे होंगे, उस पर तब क्या बीती होगी, जब उसने सिया को उसे पहाड़ी से धक्का देते हुए देखा होगा? उसके मां-बाप पर क्या बीत रही होगी, जिन्होंने उसकी शादी के लिये शाही तैयारियां शुरू कर दी थीं। हमारे समाज में वैवाहिक रिश्तों में पैदा होने वाली हिंसा, टकराव, अलगाव और कोर्ट-कचहरी का ट्रेंड गंभीर स्थिति की ओर इशारा करता है। सवाल यह है कि नौ महीने कोख में रखने वाली मां और खून-पसीने से लालन-पालन करने वाले पिता के सोचे-विचारे फैसलों को नई पीढ़ी द्वारा क्यों खारिज किया जा रहा है? क्या समाज में दूषित खानपान, विषाक्त सोच का बाजार, रिश्तों में बढ़ता अविश्वास और एकाकी परिवारों का त्रास युवा पीढ़ी को आक्रामक बना रहा है? मोबाइल संस्कृति की घातकता व तेजी से फैलता नकारात्मक कंटेंट संबंधों में विकृतियां ला रहा है। मोबाइल फोन जो कभी रिश्तों को जोड़ता था, अपराध का साधन बन रहा है। सोनम व राज सिंह की साजिश हो या सिया व चेतन का षड्यंत्र, उसमें मोबाइल भी सहभागी बना है। पुलिस ने भी चेतन से हुई सिया की हजारों कॉलों का विवरण दिया है। आज साजिशें मोबाइल पर ही रची जाती हैं और मोबाइल से ही अंजाम दी जाती हैं। निश्चय ही सोनम व सिया की साजिशें वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने की सोच रहे युवाओं के मन में कई तरह के संशयों को जन्म देंगी। वजह साफ है कि इन हत्याओं से रिश्तों में विश्वास का खून हुआ है। नकारात्मक घटनाएं इक्का-दुक्का ही होती हैं लेकिन ये अप्रत्याशित व असमान्य घटनाएं आम आदमी की सोच को गहरे तक प्रभावित करती हैं। जो समाज में सहज-सरल रिश्तों के प्रति अविश्वास पैदा करती हैं। ऐसी सोच का नकारात्मक परिणाम भारतीय आदर्श स्त्री की प्रतिष्ठा पर भी आंच ला सकता है। यही वजह है कि आज नई पीढ़ी के कई युवा विवाह संस्था में प्रवेश से कतराने लगे हैं।

# मोदी बोलें या मौन रहें, चुभन तो होगी

**अमेरिका–ईरान युद्ध के बीच भी भारतीय तेल टैंकर बंद पड़े होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरकर भारत पहुंचे हैं। हां, कुछेक तेलवाहक जहाजों पर हमले भी हुए हैं। कुछ दूसरे देशों के तेलवाहक जहाजों पर कभी ईरान और कभी अमेरिका की ओर से हमले भी हुए हैं और उस पर तैनात कुछ भारतीय नाविकों की मौत भी हुई है। इस पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। यह जानते हुए भी इसके लिए भारत सरकार कड़ा प्रतिवाद कर चुकी है और अमेरिकी राजदूत को तलब तक कर चुकी है। जबकि कांग्रेस या अन्य विरोधी दलों को पता है कि भारत के लोग दुनिया भर में काम करते हैं। किसी भी देश में कुछ भी होता है तो उसमें भारतीय नागरिकों के हताहत होने का खतरा होता है। भारत को तेल आदि बहुतेरी वस्तुओं को किसी न किसी देश से आयात करना पड़ता है। ऐसे में वह किसी एक देश के पक्ष में बोलकर दूसरे देश से बिगाड़ क्यों करना चाहेगा? लेकिन जिस तरह कांग्रेस या दूसरे राजनीतिक दल मोदी सरकार को घेर रहे हैं, उससे यही लगता है कि या तो वे भारत की आवश्यकताओं और समस्याओं से अनभिज्ञ हैं या फिर जानबूझकर उसे जलती आग में हाथ डालने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि ऐसा करने में चित और पट दोनों विपक्ष के हित में है। देश के हितों की चिंता करने वाला व्यक्ति ऐसी सलाह कभी नहीं देगा। यह इस बात का भी संकेत है कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस के लिए भारत की विदेश नीति से अधिक वोटबैंक की राजनीति महत्वपूर्ण है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब बोलते हैं तो कुछ लोग परेशान हो उठते हैं और जब वे मौन हो जाते हैं, तब भी ऐसा ही कुछ मंजर देखने को मिलता है। देश को प्रेरित करने वाले उनके वाक्यों में भी कुछ लोग राजनीति के दीदार करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरत देखी तिन्ह तैसी। प्रधानमंत्री मोदी के साथ भी कुछ ऐसा ही है। उनके जितने प्रशंसक हैं, उतने ही विरोधी भी हैं। इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता। विरोधियों के आरोपों के कीचड़ में कमल खिलाने के गुर उन्हें पता है। विपक्ष को यह समझना होगा कि पहाड़ जितना ऊंचा होता है, उतनी ही गहरी उसकी खाई होती है। पहाड़ पर चढ़ना आसान होता है लेकिन उसकी छोटी पर बने रहना कठिन क्योंकि शीर्ष से गिरे व्यक्ति को वहां तक पहुंचने में उतना ही श्रम फिर करना पड़ता है। कांग्रेस को यह बात समझनी होगी। दूसरों को कोसने से बात नहीं बनेगी बल्कि अपने गुण-दोष पहचान कर पूरी शक्ति से आगे बढ़ना होगा। मौन साधना है। शक्ति संचय का अवसर है लेकिन किसके लिए। कुछ लोगों का जवाब होगा- साधकों के लिए और कुछ लोग कह सकते हैं कि सबके लिए। वैसे तो दोनों जवाब अपनी जगह सही है। बोलना और मौन रहना दोनों जरूरी है क्योंकि यह हानि-लाभ से जुड़ा मामला है। सुविधा और असुविधा के संतुलन से जुड़ा प्रकरण है। इसलिए इसे हल्के में लेने की कतई जरूरत नहीं है। हर नागरिक को बोलने और न बोलने का औचित्य समझना चाहिए। कब बोलना है, कहां बोलना है। कितना बोलना है, क्या बोलना है और क्यों बोलना है, इसकी वैज्ञानिक योजना तो हर आम और खास के मस्तिष्क में होनी ही चाहिए अन्यथा स्थितियां अनर्थकारी हो सकती हैं। धर्मग्रंथ बताते हैं कि द्रौपदी का एक मजाक महाभारत का सबब बन गया था। वैसे भी जब दो अजीज दोस्तों के बीच झगड़ा हो। दोनों एक-दूसरे के खून के प्यासे हो जाएं तो ऐसी हालत में चुप्पी साध लेना ही श्रेयस्कर होता है। कुछ भी बोलने का मतलब है, एक की नाराजगी मोल लेना। बहुधा देखने को मिलता है कि झगड़ा छुड़ाने के चक्कर में मध्यस्थ की ही जान चली जाती है। दो सांडों के संघर्ष में बचकर निकल लेने में ही भलाई है। नीति कहती है कि ज्यादा बोलना और ज्यादा चुप रहना ठीक नहीं है। 'अति का भला न बोलना, अति का भला न चुप। अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप।' संस्कृत ग्रंथों में 'अति सर्वत्र' वर्जयेत कहकर हर व्यक्ति को सतर्क किया गया है। वीणा के तारों को ज्यादा कसने पर जिस तरह उनके टूटने का खतरा रहता है। ढोलक की डोर कसते हुए उसे सुर में लाते वक्त कस कर ठोंकने पर जिस तरह उसके टूटने का खतरा रहता है, वैसा ही खतरा देश-विदेश में होने वाली घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में होता है। सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों को कुछ भी कहने से पूर्व उसके फलाफल का विचार जरूर करना चाहिए। क्योंकि जितने खतरे बोलने के होते हैं, उससे कम खतरे मौन के भी नहीं है। आजकल विपक्षी दल चाहते हैं कि देश-विदेश में होने वाली हर छोटी-मोटी घटना पर प्रधानमंत्री बिना एक मिनट का विलंब किए जवाब दें। विपक्ष की बात में कुछ हद तक दम हो सकता है लेकिन क्या प्रधानमंत्री को ऐसा करना चाहिए। यह देश के व्यापक हित में होगा, यह गहन आत्म मंथन का विषय है। चुप्पी सभी को खलती है। विपक्ष इसका अपवाद नहीं हो सकता। फिर यह अपेक्षा उस प्रधानमंत्री से है जो बोलते ही रहते हैं। लोग अपने मन की बात छिपाते हैं और वह उसे भी रेडियो पर व्यक्त करते हैं लेकिन महत्व के मुद्दों पर जब वे मौन साध लेते हैं तो किसी भी व्यक्ति का शंकासिक्त हो उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने अपने एक लेख में कहा है कि इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे हमले पर मोदी सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता नैतिक रूप से निंदनीय व राष्ट्रीय हित की दृष्टि से समझ से परे है। उनका आरोप है कि मोदी सरकार ने खुद को अपने पारंपरिक सहयोगियों फिलिस्तीन, ईरान और वृहद पश्चिम एशिया से अलग-थलग कर लिया है। वैश्विक जनमत से दूरी बना ली है और पाकिस्तान को मध्यस्थ की भूमिका निभाने का अवसर दे दिया। कांग्रेस नेता इस तरह की बातें लंबे समय से कर रहे हैं कि मोदी सरकार में भारत की विदेश नीति कमजोर हुई है लेकिन जिस तरीके से प्रधानमंत्री मोदी को अनेक देशों के सर्वोच्च पुरस्कार मिल चुके हैं और अनवरत मिलते जा रहे हैं, उससे ऐसा तो नहीं लगता कि हम वैदेशिक कूटनीति के मोर्चे पर कहीं कमजोर हुए हैं। अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भी भारतीय तेल टैंकर बंद पड़े होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरकर भारत पहुंचे हैं। हां, कुछेक तेलवाहक जहाजों पर हमले भी हुए हैं। कुछ दूसरे देशों के तेलवाहक जहाजों पर कभी ईरान और कभी अमेरिका की ओर से हमले भी हुए हैं और उस पर तैनात कुछ भारतीय नाविकों की मौत भी हुई है। इस पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। यह जानते हुए भी इसके लिए भारत सरकार कड़ा प्रतिवाद कर चुकी है और अमेरिकी राजदूत को तलब तक कर चुकी है। जबकि कांग्रेस या अन्य विरोधी दलों को पता है कि भारत के लोग दुनिया भर में काम करते हैं। किसी भी देश में कुछ भी होता है तो उसमें भारतीय नागरिकों के हताहत होने का खतरा होता है। भारत को तेल आदि बहुतेरी वस्तुओं को किसी न किसी देश से आयात करना पड़ता है। ऐसे में वह किसी एक देश के पक्ष में बोलकर दूसरे देश से बिगाड़ क्यों करना चाहेगा? लेकिन जिस तरह कांग्रेस या दूसरे राजनीतिक दल मोदी सरकार को घेर रहे हैं, उससे यही लगता है कि या तो वे भारत की आवश्यकताओं और समस्याओं से अनभिज्ञ हैं या फिर जानबूझकर उसे जलती आग में हाथ डालने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि ऐसा करने में चित और पट दोनों विपक्ष के हित में है। देश के हितों की चिंता करने वाला व्यक्ति ऐसी सलाह कभी नहीं देगा। यह इस बात का भी संकेत है कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस के लिए भारत की विदेश नीति से अधिक वोटबैंक की राजनीति महत्वपूर्ण है। भारत ने गाजा और फिलिस्तीन के मुद्दे पर कई अवसरों पर अपना स्पष्ट रुख रखा है और ठोस मानवीय सहायता भी उपलब्ध कराई है। संयुक्त राष्ट्र के युद्धविराम संबंधी प्रस्तावों के समर्थन में भारत का रुख किसी से छिपा नहीं है। फिलिस्तीन अगर भारत को अपना विरोधी समझता तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिलिस्तीन का सर्वोच्च नागरिक सम्मान क्यों देता? विचार तो इस पर भी किया जाना चाहिए। भारत ने गाजा और फिलिस्तीन के मुद्दे पर कई अवसरों पर अपना स्पष्ट रुख रखा है और उसे ठोस मानवीय सहायता उपलब्ध कराई है। वैश्विक संघर्षों में आमने-सामने खड़े देशों के साथ भी समान रूप से संबंध बनाए रखने की प्रधानमंत्री मोदी की निरंतर कोशिश रही है। इजराइल, फिलिस्तीन, ईरान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन और पश्चिमी देशों से भारत का सतत संवाद संपर्क इस बात का प्रमाण है। अब तो दुनिया के देश भी यह स्वीकार कर रहे हैं। युद्धरत देशों में शांति बहाल करने में भारत की बड़ी भूमिका हो सकती है। कांग्रेस चाहती तो अपने छह दशक से अधिक के शासनकाल में इजराइल के साथ संबंध विकसित कर सकती थी लेकिन उसने अपनी विदेश नीति में भी वोटबैंक की राजनीति को तरजीह दी। इजराइल से अच्छे संबंध के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने बेंजामिन नेतन्याहू को भी नसीहतों का कड़वा घूंट पिलाने में कभी संकोच नहीं किया। हमले तो इजराइल पर भी कम नहीं हुए, कांग्रेस को उस पर भी बोलना चाहिए था। जिस त्वरा के साथ उसने गाजा और रफा के मुसलमानों के लिए आवाज बुलंद की, वैसा ही कुछ वह यहूदियों की चिंता में करती तो लगता कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी दुनिया में सबके साथ है। कांग्रेस ने दोस्ती की थी चीन से, चीन से उसे क्या मिला- धोखा। तिब्बत भारत के हाथ से चला गया। अक्साईचिन का बड़ा भूभाग चीन ने कब्जा लिया। अरुणाचल प्रदेश पर भी उसकी गिद्ध दृष्टि है। मोदी सरकार ने चीन को भूटान और गलवान में न केवल मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि उसकी हर चाल को बेकार भी किया है। जिन 30 से अधिक देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान दिए हैं, उनमें सर्वाधिक मुस्लिम देश हैं जिन्हें लगता है कि भारत में मुसलमान दुनिया के किसी भी देश की अपेक्षा कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं और भारत में बिना किसी धार्मिक विभेद के सभी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते सोनिया गांधी और उनका परिवार अब भारत विरोध पर आमादा हो गया है। सत्ता से दूर होने का तनाव उसके कार्य व्यवहार पर भी नजर आने लगा है। बेहतर यह होगा कि कांग्रेस आत्मावलोकन करे। कौन कब बोले या मौन रहे, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह होगा कि कांग्रेस क्या बोले और क्यों बोले? बोलने और न बोलने की यह राजनीति देश को कहां ले जाएगी, आज का विचारणीय बिंदु यही है। **–सियाराम पांडेय 'शांत'**

# तीर्थ शिरोमणी महातीर्थ कैलाश यात्रा

**रमाकांत पन्त**

देवभूमि के आंचल में बसा धारचूला केवल एक भौगोलिक सीमा या कस्बा नहीं है, बल्कि उस रहस्यमयी दुनिया का प्रवेश द्वार है जहाँ पहुंचकर इंसानी समझ और विज्ञान के नियम अक्सर मौन हो जाते हैं। काली नदी की गर्जना के बीच स्थित यह स्थान तीर्थ शिरोमणि महातीर्थ कैलाश मानसरोवर यात्रा पथ का महत्वपूर्ण बिंदु है, जहाँ से आगे बढ़ते ही हर कदम पर एक अनजाना रोमांच और गहरा सस्पेंस शुरू हो जाता है। घने कोहरे में लिपटे ऊंचे पहाड़ों को देखकर लगता है मानो वे सदियों से किसी गहरे रहस्य को छुपाए खड़े हों। यात्रियों को यहाँ प्रकृति के ऐसे अनूठे और चमत्कारी रूपों का सामना करना पड़ता है, जो श्रद्धा के साथ मन में अजीब सी सिहरन पैदा कर देते हैं। जैसे-जैसे मार्ग धारचूला से आगे कुमाऊं मंडल की दुर्गम पहाड़ियों और व्यास घाटी की अलौकिक कंदराओं की ओर बढ़ता है, हवा पतली होने लगती है और दिल की धड़कनें तेज हो जाती हैं। स्थानीय लोककथाओं और प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, इस पूरे पथ पर कुछ अदृश्य शक्तियां और सिद्ध योगी निवास करते हैं जो आम नजरों से दूर हैं। कई बार यात्रियों को एकांत वादियों में अनजान मंत्रोच्चार की गूंज या हवाओं में तैरती दिव्य सुगंध का अनुभव होता है, जिसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं मिलता। पथरीले रास्तों, गहरी खाइयों और बादलों को छूती चोटियों के बीच छिपा यह मार्ग रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुनता है, जिसमें हर मोड़ पर नई पहेली मिलती है। यात्रा का चरम सस्पेंस तब गहरा जाता है जब यात्री पावन मानसरोवर और कैलाश के समीप पहुंचता है। सनातन संस्कृति में देवात्मा माने जाने वाले हिमालय के उत्तुंग शिखरों के बीच प्रतिष्ठित महातीर्थ कैलाश केवल भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि चेतना का सर्वोच्च शिखर है जहां मनुष्य का अहंकार शून्य हो जाता है और आत्मा परम सत्ता से एकाकार होने लगती है। पुराणों में इस क्षेत्र की अलौकिक गुफाओं का वर्णन है, जहां माना जाता है कि समय की गति बदल जाती है। शांत मानसरोवर के जल में अचानक उठने वाली तरंगें और रात के सन्नाटे में आकाश से उतरती रहस्यमयी रोशनी इस स्थान को विस्मयकारी बनाती हैं। हिंदू धर्म में यह देवाधिदेव महादेव का साक्षात निवास, जैन परंपरा में प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव का निर्वाण स्थल अष्टापद, और बौद्ध संस्कृति में भगवान चक्रसंवर का वास माना जाने वाला यह वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र अनसुलझे रहस्यों से भरा है। धारचूला से मोक्ष के इस अंतिम बिंदु तक का पथ केवल शारीरिक यात्रा नहीं, बल्कि प्रकृति के अनछुए रहस्यों से आमना-सामना करने का सफर है। यह यात्रा मानसिक दृढ़ता और अगाध श्रद्धा की परीक्षा लेती है, क्योंकि मान्यता है कि शिव की कृपा के बिना कोई इस महामार्ग पर कदम नहीं बढ़ा सकता। इन रहस्यों की गहराई समझने के लिए हमें शास्त्रों की ओर मुड़ना होगा। स्कन्द पुराण के मानसखण्ड के सातवें अध्याय से एक अलौकिक विवरण सामने आता है। कथा का आरंभ राजा जनमेजय और सूत जी के संवाद से होता है। शिव-पार्वती विवाह सुनने के बाद राजा के मन में हिमालय के पुनीत चरित्र को जानने की तीव्र जिज्ञासा उत्पन्न होती है। सूत जी वेदव्यास द्वारा वर्णित उस परम रहस्यमयी गाथा को सामने लाते हैं जो सामान्य बुद्धि से परे है। प्राचीन पृष्ठों से पता चलता है कि महर्षि वेदव्यास ने हिमालय को केवल पर्वत नहीं, बल्कि समस्त पापों को नष्ट करने वाली जीवित चेतना बताया है। मान्यता है कि सूर्योदय के समय जैसे बर्फ पिघलती है, वैसे ही इस पर्वतराज के दर्शन मात्र से करोड़ों जन्मों के पाप विलीन हो जाते हैं। इसी महिमा से आकर्षित होकर योगी दत्तात्रेय सह्याद्रि छोड़कर यहाँ आए, जहाँ स्वर्ण खानें, कस्तूरी मृग और भोजपत्र के वृक्ष रहस्यमयी वातावरण बनाते हैं। दत्तात्रेय के आगमन पर साक्षात हिमालय ने साकार रूप धारण कर उनका स्वागत किया। इस मिलन में दत्तात्रेय ने विन्ध्याचल सहित अन्य पर्वतों की तुलना में हिमालय को सर्वश्रेष्ठ बताया क्योंकि यहाँ स्वयं महादेव का वास है। शिव-पार्वती विवाह की सूचना पाकर वे इस क्षेत्र के गुप्त तीर्थों और शिवलिंगों के दर्शन को आतुर थे। इसके बाद पर्वतराज हिमालय ने दत्तात्रेय को ब्रह्मा की मानस सृष्टि के प्रतीक अलौकिक मानसरोवर के दर्शन कराए। इसके मध्य में भगवान शिव का चमकदार सुवर्णमय लिंग स्थापित था, जहाँ भोलेनाथ राजहंस का रूप धारण कर विचरण करते थे। यहाँ साक्षात गंगा का अवतरण और देवताओं द्वारा रचित गुप्त गुफाओं का जाल था, जिसे देखकर दत्तात्रेय भावविभोर हो उठे।

## सेहत मंत्र

# लिवर को खराब होने से बचाते हैं चाय, पानी और कॉफी, कैंसर में भी है फायदेमंद


हमारे शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग लिवर, जिसे यकृत और जिगर के नाम से भी जाना जाता है न केवल खाने-पीने की क्रिया से संबंधित अनेक काम करता है बल्कि हमारे रक्त से कई प्रकार के हानिकारक पदार्थों को भी बाहर निकालता है। लिवर की कार्यक्षमता बिगड़ने का सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। लिवर हमें जीवित और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। लिवर भोजन में मौजूद सभी पोषक तत्व जैसे- विटामिन्स, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स को अलग-अलग कर शरीर की जरूरत के अनुसार अंगों तक पहुंचाता है। कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनसे लिवर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता है इसलिए अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो इनसे बचना बहुत जरूरी है। लिवर की बीमारी का यदि समय पर इलाज न हो तो यह गंभीर समस्या भी बन सकती है। हम आपको ऐसी छह चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके जरिए आप लिवर को स्वस्थ रख सकते हैं और कैंसर जैसी बीमारियों को दूर कर सकते हैं। ढेर सारे फाइबर वाला फूड आपके लिवर को अपना सर्वश्रेष्ठ देने में मदद कर सकता है। कौन नहीं चाहता कि उसके दिन की शुरुआत एक अच्छे तरीके से हो? इसलिए ओटमीस ट्राई करें। शोध में सामने आया है कि ओटमील आपका वजन घटाने और पेट के आस-पास जमा चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है, जो कि लिवर की बीमारी से दूर रहने का एक अच्छा तरीका है। आपकी डाइट में शामिल बहुत सी सब्जियां आपके लिवर को स्वस्थ रख सकती हैं। ब्रोकली इस रणनीति का हिस्सा हो सकती है। कुछ अध्ययनों में कहा गया कि ये क्रंची फूड आपको गैर अल्कोहल वसा यकृत रोगों से सुरक्षित रख सकती है। अगर आपको भाप वाली ब्रोकली ज्यादा पसंद नहीं है, तो आप इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और उसपर बादाम, सूखे क्रैनबेरी के साथ टॉस करें। इसे गार्लिक के साथ रोस्ट कर भी खा सकते हैं। अगर आप इसके बिना पूरा दिन नहीं गुजार पाते हैं तो आपको ये जानकर खुशी होगी कि इससे आपके लिवर को काफी फायदा पहुंच रहा है। अध्ययन में बताया गया है कि दिन में दो या तीन दिन कप पीने से आपका लिवर अत्यधिक शराब और अस्वस्थकर भोजन से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# पेड़-पौधे लगाने से खुल जाएगी बंद किस्मत धन, वैभव, समृद्धि की नहीं रहेगी कमी

हिन्दू धर्म में पेड़ पौधों की भी पूजा-अर्चना करने का विधान है। केला, पीपल, शमी, बरगद, नीम आदि जैसे पेड़ों की विशेष दिनों में पूजा होती है, इससे उसके प्रतिनिधि देव प्रसन्न होते हैं और भक्तों के मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं तथा उनके संकटों का शमन करते हैं। ज्योतिष में भी पेड़-पौधों का बड़ा महत्व बताया गया है। यदि आप इन पौधों को लगाते हैं, इनको नियमित जल देते हैं और देखभाल करते हैं तो इससे सुख और आरोग्य बढ़ता है। ग्रह दशा बेहतर होती है और स्थितियां आपके अनुकूल बनती हैं, बिगड़े काम बनने लगते हैं, सफलताओं के नए मार्ग खुलते हैं। ज्योतिषाचार्य चक्रपाणि भट्ट आज हमें बता रहे हैं कि किन पेड़-पौधों को लगाने से हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं, दरिद्रता दूर कर सकते हैं, ज्ञान, सुख, भाग्य और आरोग्य को प्रबल कर सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे पेड़-पौधों के बारे में – लाजवंती: लाजवंती का पौधा हमें घर के ईशान कोण में लगाना चाहिए। आप गमले में लाजवंती के पौधे को लगाकर ईशान कोण में रख सकते हैं। इस पौधे को प्रतिदिन जल दें और सेवा करें, इससे आपकी कुंडली में राहु का दोष दूर होगा। आपके घर के धन-धान्य में वृद्धि होगी। शमी: शनि का पौधा घर के पश्चिम दिशा में लगाएं और नियमित तौर पर उसकी सेवा करें। ऐसा करने से भगवान शिव तो प्रसन्न होते ही हैं, शनिदेव और श्री गणेश की भी कृपा प्राप्त होती है। यदि आप पर साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही है तो शमी की पूजा करके शनिदेव को प्रसन्न कर सकते हैं।

## पर्यटन



# सुकून के साथ नेचर के बीच बिताना हो समय तो लैंसडाउन है बहुत ही अच्छी जगह

महानगर के समीप अगर कोई हिल स्टेशन हो, तो आज की भागती जिंदगी के लिए वह सोने पर सुहागे से कम नहीं है। दिल्लीवासियों के लिए उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सबसे पसंदीदा वीकेंड गेटवेज में से एक हैं। खासकर, ऋषिकेश, मसूरी, नैनीताल, शिमला, मनाली आदि। लेकिन यहां कई बार भीड़ छुट्टियों का मजा किरकिरा भी कर देती है। प्रसिद्ध चीनी दार्शनिक लाओ सू ने कहा था कि एक अच्छे यात्री की कोई निश्चित योजना नहीं होती है और न ही वह कहीं पहुंचने की इच्छा या अभिलाषा रखता है। वह बस चलते ही रहना चाहता है। हमारे घुमक्कड़ों का समूह भी कुछ ऐसी ही ख्वाहिश रखता था। इसलिए मौका मिला नहीं कि मन शहर से बाहर निकलने को आतुर हो जाता है। वीकेंड पर लैंसडाउन जाने का प्लान भी यूं ही बन गया। दिल्ली से करीब 270 किमी. की दूरी पर स्थित पहाड़ी स्थल सैलानियों की भीड़-भाड़ से अभी भी काफी हद तक बचा हुआ है। तय हुआ कि अहले सुबह पौ फटने से पहले निकल पड़ेंगे, जिससे ट्रैफिक की बाधा न मिले। हमने दिल्ली-मेरठ-बिजनौर-कोटद्वार रूट लिया। रात का अंधेरा छट रहा था और उजाला होने को था, जिससे शहर से बाहर निकलते देर नहीं लगी। उसके बाद तो धुला-धुला आकाश और हरे-भरे खेत देख मन शांत और हल्का होने लगा। मानो पुराना छूट रहा हो और कुछ नया मिलने वाला हो। लगभग दो घंटे का सफर बीतने के बाद सभी को चाय की तलब सताने लगी। हम सब एक ढाबे पर रुके, जो किसी होटल से कम नहीं था। वहीं, लॉन में टेबल सजा और सबने गर्मा-गर्म चाय-कॉफी-नाश्ता किया और फिर बढ़ चले गंतव्य की ओर। गाड़ी पूरी रफ्तार में हवा से बातें करते हुए आगे बढ़ रही थी। म्यूजिक के साथ कुछ सदस्य नींद का मजा ले रहे थे, तो कुछ यादों में डूब गए थे। वक्त गुजरते देर नहीं लगा और हम कोटद्वार के करीब पहुंचने वाले थे। वहां से लैंसडाउन तकरीबन 40 किमी. दूर था। ग्रुप के ज्यादातर साथी पर्वतप्रेमी थे, लिहाजा सभी पहाड़ों का दीदार होने का इंतजार कर रहे थे। उतावलापन बढ़ रहा था कि अब तक पहाड़ नजर क्यों नहीं आ रहे? लेकिन जैसे ही कोटद्वार पीछे छूटा, भू-दृश्य बदलने लगा। मैदानी इलाका पहाड़ों में गुम हो गया। गाड़ी के शीशे उतारे, तो हवा का स्पर्श भी बदल चुका था।

# योगी सरकार में धर्म और गरीब, दोनों को मिल रहा संरक्षण : महंत बलराम दास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



योगी सरकार में धर्म और गरीब, दोनों को मिल रहा संरक्षणः महंत बलराम दास

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ''योगी सरकार पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास के साथ-साथ गरीबों के इलाज पर भी विशेष ध्यान दे रही है। आयुष्मान कार्ड और जनप्रतिनिधियों की संस्तुति से जरूरतमंदों का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है।'' यह बात अयोध्याधाम हनुमानगढ़ी के महंत बाबा बलराम दास ने पत्रकारों से बातचीत में कही।

महंत बलराम दास सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के खजुरिया गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा के निर्वहन के तहत वह अपने शिष्यों से मिलने उनके घर आए हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में धर्मार्थ विभाग को सीमित बजट मिलता था, जबकि वर्तमान सरकार धार्मिक स्थलों के विकास और संरक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करा रही है।

राम मंदिर से जुड़े चोरी के मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में महंत ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को जरूरत से ज्यादा तूल दे रहा है। चोरी की घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं, इसे अनावश्यक रूप से राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान शिष्यों ने महंत बाबा बलराम दास का पुष्पवर्षा और आरती के साथ भव्य स्वागत किया। महंत ने शिष्यों के घर-घर जाकर उनका कुशलक्षेम भी जाना। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक मनोराम पांडेय, रमसहाय, ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ला सहित क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एआईएसएफ के 90 वर्ष पूर्णता पर होगी राष्ट्रीय सेमिनार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। आल इंडिया स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन (एआईएसएफ) के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 एवं 13 अगस्त को बाराबंकी के गांधी भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद के इतिहास में पहली बार तमिलनाडु से लेकर मणिपुर तक के विभिन्न राज्यों के छात्र प्रतिनिधि इस आयोजन में शामिल होंगे। यह जानकारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में देशभर से 400 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में सांसद पी. संतोष कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, जबकि पूर्व सांसद सैयद अजीज पाशा सहित कई वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अगस्त को गांधी भवन (देवां रोड) से रैली निकालकर किया जाएगा, जो डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू होगी। दो दिवसीय आयोजन के दौरान एआईएसएफ के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 13 अगस्त को छात्र समस्याओं और नई शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार आयोजित होगा, जिसमें देशभर से आए छात्र नेता अपने विचार रखेंगे।

आयोजकों के अनुसार आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, पुडुचेरी, दिल्ली, झारखंड, राजस्थान, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और गुजरात सहित अनेक राज्यों के छात्र नेताओं की भागीदारी की स्वीकृति मिल चुकी है।

प्रेसवार्ता में जिला सचिव बृजमोहन वर्मा, प्रवीण कुमार, प्रेम चंद्र, मुनेश्वर, अमर सिंह प्रधान, राम प्रकाश वर्मा, दीपक वर्मा, दीपक शर्मा, संदीप तिवारी, अभय वर्मा, रीना मौर्य, आदित्य सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अभियान के तहत , बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। इस दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। ब्लॉक के 80 बूथों पर कैंप लगाए गए, जहां लगभग 23 हजार बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा बरदरी, मरकामऊ और कस्बा बदोसराय सिरौलीगौसपुर सहित विभिन्न स्थानों पर कैंप आयोजित किए गए। इन पोलियो बूथों पर एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहुओं ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। सुबह से ही अभिभावक अपने बच्चों को लेकर बूथों पर पहुंचे।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में 23 हजार बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। रविवार को बूथ दिवस पर 80 कैंपों में बच्चों को दवा पिलाई गई।डॉ. सिद्दीकी ने आगे जानकारी दी कि बूथ दिवस के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों की पहचान करेंगी और उन्हें पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

# पसमांदा समाज के अधिकारों की लड़ाई और तेज होगी: वसीम राईन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की एक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष हाजी नूरुल हसन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने पसमांदा मुसलमानों से जुड़े सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से विचार रखे।

उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज को लंबे समय से बराबरी का प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। उनका आरोप था कि कुछ संगठन मुस्लिम समाज के नाम पर राजनीति करते रहे हैं, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी जैसे मूलभूत मुद्दों पर अपेक्षित कार्य नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भावनात्मक और विवादित विषयों के बजाय आम मुसलमानों, विशेषकर पसमांदा वर्ग की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वसीम राईन ने कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों के साथ पसमांदा समाज की आवाज़ बुलंद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन नफरत नहीं बल्कि इंसाफ, बराबरी और भाईचारे की लड़ाई लड़ रहा है तथा देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब को मजबूत करना उसका उद्देश्य है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जुलाई को परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद तथा स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती पर एक गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर जिला महासचिव नूर मोहम्मद, जिला सचिव नसीम अंसारी, नगर अध्यक्ष निसार राईन, महमूद चौधरी, रिजवान राईन, अब्दुल कलाम, गुफरान राईन, इमरान राईन, सलमान राईन, सद्दाम इदरीसी, मुख्तार मंसूरी, शफीक राईन, जावेद राईन, सरुख राईन, नदीम नवाब, अब्दुल्ला, अशफाक, अनीस राईन, वासी, इमरान अंसारी, इरफान अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद जान, मुनीर राईन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## करंट लगने से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत

सिद्धौर, बाराबंकी। थाना जैदपुर क्षेत्र के अंदका गांव में रविवार को करंट लगने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार अंदका गांव निवासी इंद्राज रावत (55), पुत्र स्वर्गीय बजरंग, अपने घर में विद्युत पंखा ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उन्हें तेज करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिद्धौर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र अवधेश और एक विवाहित पुत्री अंजलि को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## रूम नहीं खोला तो चौकीदार को पीटा, सपा कार्यकर्ता समेत 20 पर मुकदमा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के सिविल लाइन स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) गेस्ट हाउस में चौकीदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि देर रात कुछ लोग गेस्ट हाउस पहुंचकर वीआईपी रूम खोलने का दबाव बनाने लगे। चौकीदार सीताराम ने नियमों का हवाला देते हुए कमरा खोलने से इनकार किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद चौकीदार के साथ मारपीट की गई। किसी तरह जान बचाकर चौकीदार वहां से निकला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सपा कार्यकर्ता आलोक यादव समेत 20 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपित खुद को सपा सांसद राम भुआल निषाद का करीबी बता रहे थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा और सरकारी परिसरों में व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से वृद्धा की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम लोधपुरवा के पास रविवार सुबह 5 बजे सड़क हादसे में 62 वर्षीय फूलमती पत्नी पारसनाथ की मौत हो गई।वह पैदल घर लौट रही थीं तभी बदोसराय से रामनगर की ओर जा रहे ट्रक यूपी 42इ टी 4068 ने पीछे से टक्कर मार दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हादसे में घायल पिता-पुत्र की इलाज के दौरान मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार रात लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर प्रेमपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार मुकेश कुमार और उनके पांच वर्षीय पुत्र राज की लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में मुकेश की पत्नी पूजा भी गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के गोडाइचा निवासी मुकेश अपने बीमार बेटे की दवा लेने लखनऊ जा रहे थे। बड्डूपुर पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अघोषित बिजली कटौती से नाराज़ लोगों ने पावर हाउस का घेराव

जैदपुर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे में लगातार अघोषित बिजली कटौती और भीषण गर्मी से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। शनिवार देर रात चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों लोग पावर हाउस पहुंचे और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर घेराव किया। मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला, जिसके बाद कर्मचारियों ने जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। स्थिति को देखते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। सभासद प्रतिनिधि नसीम सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।

## मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि, सुनी 'मन की बात'

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिए गए योगदान को याद किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, राजन बक्सोर, नदीम जैदी, जफरुल हसन, राम सुरेश, राम विलाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## पंखा ठीक करते समय करंट से अधेड़ की मौत

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर क्षेत्र के अंदका गांव में घर का विद्युत पंखा ठीक करते समय 55 वर्षीय इंद्राज रावत करंट की चपेट में आ गए। गंभीर हालत में परिजन उन्हें सीएचसी सिद्धौर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

## 11.48 लाख की लागत से बनी सीसी सड़क का लोकार्पण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के शीतलपुर संपर्क मार्ग से मातन गांव तक 11.48 लाख रुपये की लागत से बनी 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा नायन और भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा ने किया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और बरसात में कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी।

## हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोटवा ओवरब्रिज के पास नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 35-40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को मृतक के पास कोई पहचान पत्र या मोबाइल नहीं मिला। शव को पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे के लिए मर्चरी में सुरक्षित रखकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पेड़ गिरने से 18 घंटे ठप रही बिजली, दो लाख उपभोक्ता रहे परेशान

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार रात तेज आंधी के दौरान मसौली विद्युत उपकेंद्र में शीशम का पेड़ 33 हजार केवी लाइन पर गिरने से करीब आधा दर्जन फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे लगभग 200 गांवों के करीब दो लाख उपभोक्ता 18 घंटे तक बिजली संकट से जूझते रहे। विभाग ने कई स्थानों पर फॉल्ट ठीक कर रविवार अपराह्न आपूर्ति बहाल की, लेकिन बिजली न रहने से पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक कार्य प्रभावित रहे।

## 12वीं मोहर्रम पर शिया मुसलमानों ने मनाया इमाम हुसैन का तीजा, शहर भर से उठे जुलूस

वाराणसी उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में 12वीं मोहर्रम पर रविवार को शिया मुसलमानों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों का तीजा अक़ीदत और एहतराम के साथ मनाया। शिया बहुल इलाकों में परम्परागत रूप से ''या हुसैन'' की सदाएं सुबह से शाम तक हर तरफ़ गूंजती रहीं। लाखों की तादाद में अज़ादारों ने जुलूसों और मजलिसों में शिरकत कर अपने मौला को खिराजे-अक़ीदत पेश किया। हज़रत अली समिति के सदस्य सलमान हैदर ने बताया कि तीजा दरअसल किसी के इंतक़ाल के तीसरे दिन का सोयम होता है, और इसी रवायत के तहत बारहवीं मोहर्रम को इमाम हुसैन व उनके जाँनिसार साथियों का तीजा किया जाता है। सुबह इमाम के फूल की मजलिसें, इमामबाड़े किए गए ठंडे सलमान हैदर ने बताया कि तीजे के दिन सुबह से ही शहर भर के इमामबाड़ों में फ़ातिहा का सिलसिला शुरू हो गया और इमाम के फूल की पुरदर्द मजलिसें मुनअक़िद हुईं।

# आम की दावत, कद्दावर पीडीए नेताओं का जमघट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बड़ागांव स्थित कोठी मे रविवार को आयोजित मैंगो पार्टी मे सर्वदलीय नेताओ एव सामाजिक कार्यकर्त्ताओ ने विभिन्न प्रजातियों के आम का स्वाद लिया। मैंगो पार्टी मे याकुती, जाफ़रान, बेनजीर, हुस्नआरा, चौसा, बंबइया, लखनौवा, आम्रपाली समेत कई किस्मों के आमों के जायकों का लोगो ने लुत्फ लिया।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एव प्रदेश महामंत्री फवाद उर रहमान किदवाई की कोठी मे रविवार को आयोजित मैंगो पार्टी मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व सांसद पी एल पुनिया, विधायक सुरेश यादव, इमरान उर रहमान किदवाई, विधायक रामनगर फ़रीद महफूज किदवाई, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व एम एल सी राजेश यादव राजू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहसिन किदवाई, अलीम किदवाई, पूर्व प्रमुख यासिर आराफत किदवाई, मो0 अहमद शहंशाह, फराज किदवाई, हशमत अली गुड्डू, सरताज चौधरी, सहित वरिष्ठ पत्रकार हश्मतउल्ला, अकील अहमद, अजीज़ अहमद अज्जू, उमेर सिद्दीकी सहित भारी संख्या मे लोगो ने आम का जयका लिया। मैंगो पार्टी के आयोजक फवाद उर रहमान किदवाई, मिस्वाउर रहमान किदवाई, शाद अल्ताफ उर रहमान किदवाई महबूब उर रहमान किदवई, दानिश किदवाई नईम उर रहमान किदवाई ने लोगो का इस्तक़बाल किया।

# रानी लक्ष्मी बाई पर प्रभावशाली मंचन के साथ नाटक कार्यशाला का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं संस्था विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल बाराबंकी शाखा के प्रेक्षागृह में महेंद्र भीष्म द्वारा लिखित ऐतिहासिक नाटक वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का अत्यंत प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसने दर्शकों में राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान का अनूठा जज्बा भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी डॉ0 सत्या सिंह, डॉ0 आदर्श गर्ग व नाटक के लेखक महेंद्र भीष्म, प्रदीप सारंग एवं आदर्श गुलसिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस विशेष कार्यशाला का प्रशिक्षण और नाटक का कुशल निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभाष सिंह ने किया।

नाटक में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और बलिदान को सशक्त रंगमंचीय प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया गया। मंच से जैसे ही रानी लक्ष्मीबाई का प्रसिद्ध उद्घोष *मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी* गूंजा, पूरा सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। प्रस्तुति में बालिका मणिकर्णिका के साहसी व स्वाभिमानी व्यक्तित्व से लेकर झाँसी की महारानी बनने तथा अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध उनके ऐतिहासिक संघर्ष को बखूबी दिखाया गया। ओजपूर्ण संवादों, युद्ध दृश्यों और कलाकारों के जीवंत अभिनय ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। नाटक में रानी लक्ष्मीबाई के साथ-साथ तात्या टोपे, नाना साहेब एवं अन्य क्रांतिकारियों के संघर्ष को भी प्रभावी रूप से मंचित किया गया। अंतिम दृश्य में जब रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान का चित्रण किया गया, तो दर्शकों की आंखें नम हो गईं। यह नाटक नारी सशक्तिकरण का एक मजबूत संदेश देने में सफल रहा।

नाटक में मलक बुशरा, प्राख्या श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, अंशिका रस्तोगी, शुभांगी वर्मा, स्मिता तिवारी, प्राची रस्तोगी, राशि रस्तोगी, श्रद्धा कुमारी, देवेंद्र कुमार, शौर्य मिश्रा, जयगणेश कुमार त्रिवेदी, आदर्श गुलसिया, रजत वर्मा, प्रदीप सारंग, यश श्रीवास्तव, मो. अजीज, युग शर्मा, पार्थ पटेल, विनोद कुमार चौधरी, अयांश गुप्ता, अहेम श्रीवास्तव, अनुनय जैन, साद अहमद एवं अभिनव प्रताप सिंह ने विभिन्न भूमिकाओं में सराहनीय अभिनय कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नाट्य प्रेमियों ने पूरी टीम को बधाई देते हुए प्रस्तुति को प्रेरणादायी और ऐतिहासिक चेतना से ओतप्रोत बताया। इस 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला के सफल आयोजन में बहार सुगम संगीत प्रभाग बाराबंकी, कमला नारायण ट्रस्ट एवं आँखें फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा।

# रेलमेध यज्ञ रेल यात्रियों को जल व मिष्ठान वितरण, धर्मसेवकों का सम्मान






कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी। रेलमेध यज्ञ के अंतर्गत दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को जल एवं मिष्ठान वितरित कर भारतीय संस्कृति की सेवा-परंपरा को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता नेता पवन मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति में राहगीरों को जल और गुड़-बताशा पिलाना सेवा और परोपकार की समृद्ध परंपरा रही है। धर्मजागरण बाराबंकीधाम (उ.प्र.) के संयोजक अमित अवस्थी 'अधिवक्ता' द्वारा जनपद में संचालित रेल यात्रियों को जल पिलाने का अभियान इसी परंपरा का सशक्त संवाहक है।

इस अवसर पर रेल यात्रियों की सेवा में लगे धर्मसेवकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में (सेवानिवृत्त) जेलर विनोद कटियार, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, सुरेश गौतम, सतीश चंद्र सोनी, अतुल कुमार शुक्ल, अजय कुमार सोनी, विनायक सोनी, दीपक दीक्षित, बाबा संदीप दास, उत्तम शुक्ल, अखंड प्रताप सिंह, वीरेंद्र वर्मा, अमरेश, पीयूष वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में धर्मजागरण के दरियाबाद रेलवे स्टेशन प्रभारी रमेश वर्मा ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# फीफा विश्वकप पुर्तगाल के खिलाफ कोलंबिया का गोल रहित ड्रा

एजेंसी



मियामी। कोलंबिया ने पुर्तगाल के खिलाफ कड़े मुकाबले में गोल रहित ड्रॉ खेलकर फीफा विश्वकप के ग्रुप के में शीर्ष स्थान हासिल किया। मैच के आखिरी पलों में वीएआर के दखल की वजह से उन्हें जीत दिलाने वाला गोल नहीं मिल पाया। यहां हार्ड रॉक स्टेडियम में रविवार को हुए मुकाबले में मिले गोल रहित नतीजे के बाद कोलंबिया तीन मैचों में सात अंकों के साथ ग्रुप विनर के तौर पर राउंड ऑफ 32 में पहुंचा, जबकि पुर्तगाल भी पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मैच में कोलंबिया ने बेहतर मौके बनाए, जबकि पुर्तगाल ने भी तेज जवाबी हमला से खतरा पैदा किया, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। सबसे अहम पल स्टॉपेज टाइम के आखिर में आया जब डिफेंडर डेविंसन सांचेज ने एक चालाकी से लिए गए कॉर्नर पर सबसे ऊंची छलांग लगाकर हेडर से गोल किया, जिससे कोलंबियाई समर्थकों में जबरदस्त जश्न का माहौल बन गया। हालांकि, लंबे रिव्यू के बाद गोल को रद्द कर दिया गया क्योंकि रिप्ले में सांचेज का दाहिना पैर थोड़ा सा ऑफ़साइड दिखा, जिससे कोलंबिया को एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। अनुभवी प्लेमेकर जेम्स रोड्रिगेज ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया। दूसरे हाफ में वे कोलंबिया के लिए गोल करने के सबसे करीब पहुंचे, जब उनकी एक 'डिपिंग वॉली' हल्की सी दिशा बदलने के बाद क्रॉसबार के ठीक ऊपर से निकल गई। वहीं, पुर्तगाल ने कुछ समय तक बॉल पर कब्ज़ा बनाए रखा, लेकिन वे इसे साफ़-सुथरे मौकों में बदलने में संघर्ष करते दिखे। ब्रूनो फर्नांडीस ने दूर से शॉट मारा जो बाहर चला गया, जबकि नूनो मेंडेस और जोआओ फ़ेलिक्स कोलंबिया के अनुशासित रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। इसके बाद दोनों टीमों ने जीत की तलाश में आखिरी समय में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी उतारे। गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने डेनियल मुनोज़ को गोल करने से रोकने के लिए आखिरी समय में अहम बचाव किया। वहीं, कोलंबिया ने पेनल्टी के लिए भी अपील की, लेकिन वह सफल नहीं रही; यह अपील तब की गई थी जब नूनो मेंडेस के दबाव में लुइस सुआरेज़ बॉक्स के अंदर गिर गए थे। 25 फीफा वर्ल्ड कप मैचों में पहली बार गोल न कर पाने के बावजूद, कोलंबिया के मजबूत डिफेंस ने यह सुनिश्चित किया कि वे ग्रुप स्टेज में बिना कोई मैच हारे आगे बढ़ें। यह ड्रॉ उन्हें पहला स्थान दिलाने के लिए काफ़ी था।

# मेस्सी का एक और विश्व रिकॉर्ड अर्जेंटीना ने क्लीन स्वीप किया

एजेंसी



अर्लिंगटन। लियोनेल मेस्सी ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया जबकि जियोवानी लो सेल्लो मौजूदा विश्व कप में इस स्टार स्ट्राइकर के अलावा गोल करने वाले अर्जेंटीना के पहले खिलाड़ी बने जिससे मौजूदा चैंपियन ने जॉर्डन को 3-1 से हराकर ग्रुप चरण में तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया। विश्व कप में अपने पहले मैच में खेल रहे लो सेल्सो ने 19वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। मेस्सी ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में दूसरे हाफ में मैदान पर उतरने के बाद एक गोल दागा। इस तरह से मेस्सी लगातार सात विश्व कप मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया। मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर फाउल होने के बाद फ्री किक पर गोल किया। इस टूर्नामेंट में छह गोल के साथ शीर्ष पर चल रहे मेस्सी अर्जेंटीना के उन नौ खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें शुरुआती लाइनअप में नहीं रखा गया था क्योंकि उसकी टीम ग्रुप जे में पहले ही पहला स्थान सुनिश्चित कर चुकी थी। मेस्सी ने अपने 39वें जन्मदिन के तीन दिन बाद 60वें मिनट में मैदान पर प्रवेश किया और फिर गोल करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। उन्होंने सोमवार को इसी स्टेडियम में विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा था। मेस्सी ने अल्जीरिया और ऑस्ट्रिया के खिलाफ जीत में अर्जेंटीना के सभी पांच गोल किए थे, जिसमें विश्व कप में उनकी पहली हैट्रिक और फिर सोमवार को रिकॉर्ड बनाने वाले मैच में दो गोल शामिल थे। उन्होंने लगातार सात विश्व कप मैचों में गोल किए हैं। इससे पहले 39 वर्षीय मेस्सी फ्रांस के स्ट्राइकर जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरज़िन्हो के साथ विश्व कप के लगातार छह मैचों में गोल करने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे। पहले हाफ में, लोटारो मार्टिनेज ने 31वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके अर्जेंटीना को 2-0 की बढ़त दिला दी। जॉर्डन की तरफ से एकमात्र गोल मूसा अल्तमारी ने 55वें मिनट में किया। अर्जेंटीना ने अपने पिछले नौ विश्व कप मैचों में सात जीत और दो ड्रॉ हासिल किए हैं। वह शुक्रवार को वह राउंड ऑफ 32 में केप वर्दे के खिलाफ खेलेगा, जो नॉकआउट राउंड में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश है। यह मैच मियामी में खेला जाएगा, जो मेस्सी की मेजर लीग सॉकर टीम का घरेलू मैदान है।

# जांगू और चेज ने वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

एजेंसी



नॉर्थ साउंड। आमिर जांगू और कप्तान रोस्टन चेज के बीच छठे विकेट के लिए रिकार्ड साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। जांगू ने 233 रन बनाए जबकि चेज ने 194 रन की लाजवाब पारी खेली। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 401 रन की रिकार्ड साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 626 रन बनाकर समाप्त घोषित की। अपनी पहली पारी में 318 रन बनाने वाले श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 15 रन बनाए थे। इस तरह से वह अभी वेस्टइंडीज से 303 रन पीछे है। गांजू और चेज ने छठे विकेट के लिए इंग्लैंड की जोड़ी बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो के 10 साल पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए गए 399 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा। श्रीलंका को तीसरे दिन के आखिर में चार ओवर खेलने का मौका मिला जिसमें उसने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका का विकेट गंवा दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय कसुन राजिथा चार और निशान मदुष्का दो रन पर खेल रहे थे।

# न्यूजीलैंड की तीन दिग्गजों का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त

## खिलाड़ियों ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर दी भावुक विदाई

एजेंसी



नई दिल्ली। इंग्लैंड में खेले जा रहे महिला टी20 विश्व कप 2026 से गत चैंपियन न्यूजीलैंड की टीम बाहर हो गई। इंग्लैंड के खिलाफ जैसे ही टीम को हार मिली, उनकी दिग्गज खिलाड़ियों सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और ली ताहुहू का अंतरराष्ट्रीय करियर भी समाप्त हो गया। इन तीनों को खिलाड़ियों ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर विदाई दी। तीनों खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपने संन्यास का ऐलान कर दिया था। उन्होंने पहले ही साफ कर दिया था कि जून-जुलाई 2026 में होने वाला महिला टी20 विश्वकप उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। मैच के बाद न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर ने तीनों दिग्गजों की विदाई पर कहा कि ब्रेट्स, डिवाइन और तहुहू के जाने के बारे में बात करें तो शायद यही सबसे दुखद बात है। तीन दिग्गज खिलाड़ी हमारे माहौल और महिला क्रिकेट से विदा ले रही हैं। इस टीम के लिए उन्होंने जो योगदान दिया है, उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। केर ने कहा कि मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। जब मैं एक युवा खिलाड़ी के तौर पर न्यूजीलैंड महिला टीम में आई थी, तो वे तीनों वहां मौजूद थीं। उन्होंने मेरा मार्गदर्शन किया और टीम में मेरा स्वागत किया। इस सफर के दौरान, मुझे उनके साथ समय बिताने का सौभाग्य मिला। मैं बहुत आभारी महसूस करती हूं कि मुझे उन तीनों के साथ ड्रेसिंग रूम में इतना लंबा समय बिताने का मौका मिला। न्यूजीलैंड की 36 वर्षीय सोफी डिवाइन ने अंतरराष्ट्रीय करियर में न्यूजीलैंड के लिए कुल 317 मुकाबले (159 वनडे और 158 टी20) खेले। इस दौरान उन्होंने वनडे में 4279 रन और टी20 में 3817 रन बनाए। इसके साथ-साथ उन्होंने दोनों प्रारुप में मिलाकर कुल 241 विकेट भी चटकाए। कीवी टीम की अहम तेज गेंदबाज रहीं ली ताहूहू ने कुल 207 मैचों (103 वनडे और 104 टी20) में टीम का प्रतिनिधित्व किया और 225 विकेट चटकाए। वहीं, सूजी बेट्स ने न्यूजीलैंड के लिए 184 वनडे और 186 टी20 मैच खेले। इस दौरान वनडे में 5982 रन और टी20 में 4758 बनाए हैं। महिला टी20 विश्वकप 2026 के 28वें मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। केनिंग्टन ओवल के मैदान पर खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन बनाए थे। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 17.2 ओवर में एक विकेट पर 164 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

# जीएसटी के 10 साल: अब सरकार का ध्यान एआई आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर

एजेंसी




नयी दिल्ली। देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है। इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरी की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके। साथ ही एआई और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है। जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है। इसने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाया है, करदाताओं का दायरा बढ़ाया है, अनुपालन को मजबूत किया है और सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की है। एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 'गुड एंड सिंपल टैक्स' बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे। जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को बल मिला। इस व्यापक सुधार को लागू करने में तत्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राज्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए लंबी बातचीत की थी। जेटली ने इसे दुनिया की सबसे जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों में से एक के पुनर्गठन की बड़ी उपलब्धि बताया था। जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है। इसे अर्थव्यवस्था के तेजी से संगठित होने का संकेत माना जा रहा है। शुरुआत में जीएसटी में चार कर स्लैब-5, 12, 18 और 28 प्रतिशत थे। वहीं विलासिता वाली वस्तुओं और अहितकर उत्पादों मसलन तंबाकू आदि पर 28 प्रतिशत के कर के अलावा अतिरिक्त उपकर भी लगाया गया। बाद में कर प्रणाली में सुधार के तहत 22 सितंबर, 2025 से नई दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था लागू की गई। इसके तहत अधिकांश आवश्यक वस्तुओं को पांच प्रतिशत और सामान्य वस्तुओं एवं सेवाओं को 18 प्रतिशत कर स्लैब में रखा गया। वहीं केवल लक्जरी और अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की उच्च दर लागू रखी गई। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से अधिकांश वस्तुएं सस्ती हुई हैं और उपभोक्ताओं के हाथ में अधिक नकदी बच रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नई जीएसटी व्यवस्था का उद्देश्य आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाना है। जीएसटी की दरों का निर्धारण जीएसटी परिषद करती है, जिसमें केंद्र और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। वर्ष 2017-18 में जीएसटी लागू होने के समय औसत मासिक जीएसटी संग्रह 89,700 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 1.85 लाख करोड़ रुपये प्रति माह पर पहुंच गया। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में यह 9.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी लागू करते समय केंद्र और राज्यों के बीच इस बात पर सहमति बनी थी कि पेट्रोलियम उत्पादों को भी संविधान संशोधन के तहत जीएसटी के दायरे में शामिल किया जाएगा। हालांकि, यह फैसला जीएसटी परिषद पर छोड़ दिया गया था कि कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन (एटीएफ) और प्राकृतिक गैस को किस तारीख से जीएसटी के तहत लाया जाए।

# बीज कंपनियों के पास खरीफ के लिए अतिरिक्त भंडार उपलब्ध, आपूर्ति की चिंता: एफएसआईआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की निजी बीज कंपनियों ने खरीफ फसल सत्र के लिए 20-30 प्रतिशत अतिरिक्त भंडार रखा है, लेकिन इस साल अल-नीनों के कारण मानसून के कमजोर और देरी से आने के खतरे के बीच बारिश की कमी वाले मुख्य इलाकों में समय पर बीज पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। फ़ेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने यह बात कही। एफएसआईआई के चेयरमैन अजय राणा ने कहा कि मक्का, धान और मोटे अनाज (मिलेट्स) के रिकॉर्ड बीज उत्पादन से इस वर्ष उद्योग पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एक हजार किसानों पर किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 75 प्रतिशत किसान पहले ही बीज खरीद चुके हैं, जबकि 25 प्रतिशत किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बुवाई की अवधि समाप्त होने से पहले अतिरिक्त भंडार वाले क्षेत्रों से प्रभावित जिलों तक बीज पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण होगा। राणा ने दिए साक्षात्कार में कहा, ''हम आम तौर पर 15 से 20 प्रतिशत बफर रखने की योजना बनाते हैं, लेकिन इस वर्ष बेहतर उत्पादन के कारण कई कंपनियों के पास 20 से 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त बीज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि चुनौती बीज की उपलब्धता नहीं, बल्कि सही समय पर सही क्षेत्रों तक उसकी आपूर्ति सुनिश्चित करना है। सरकार के अनुसार, खरीफ मौसम के लिए प्रमाणित बीज की उपलब्धता 192.43 लाख क्विंटल है, जबकि आवश्यकता लगभग 173 लाख क्विंटल है। इस प्रकार 11.2 प्रतिशत अतिरिक्त बीज उपलब्ध है। निजी क्षेत्र देश में 10 लाख से अधिक खुदरा विक्रेताओं के माध्यम से लगभग 70 प्रतिशत बीज की आपूर्ति करता है और उसने इसके अतिरिक्त भी पर्याप्त भंडार तैयार किया है।

# औद्योगिक आंकड़ों, मानसून की प्रगति से तय होगी बाजार की दिशा

## शेयर समीक्षा

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों के साथ घरेलू स्तर पर जारी होने वाले औद्योगिक आंकड़ों और मानसून की प्रगति पर रहेगी।अमेरिका और ईरान के बीच अंतिम शांति समझौते की दिशा में प्रगति का सीधा असर शेयर बाजार पर दिखेगा। साथ ही मानसून की प्रगति भी अहम कारक होगा। मानसून 10 दिन तक अटकने के बाद पश्चिमी भारत में तो आगे बढ़ा है, लेकिन पूर्वी भारत में आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे निवेश धारणा पर नकारात्मक असर हो सकता है।

अगले सप्ताह कई महत्वपूर्ण औद्योगिक आंकड़े जारी होने हैं। औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े, पीएमआई के आंकड़े और वाहन कंपनियों के बिक्री के आंकड़े भी निवेशकों के रुख को प्रभावित करेंगे।

बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 297.57 अंक (0.39 प्रतिशत) चढ़कर 77,100.47 अंक पर पहुंच गया। इसमें दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट देखी गयी।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 24,056 अंक पर बंद हुआ।

वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.03 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।



सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक तेजी और अन्य 15 में गिरावट रही। पश्चिम एशिया शांति स्थापित होने से विमान सेवा कंपनी इंडिगो का शेयर सबसे अधिक 8.48 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.48 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 3.05 फीसदी, मारुति सुजुकी में 2.60, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.53 और एचडीएफसी बैंक में 2.06 फीसदी की तेजी रही।

बजाज फाइनेंस का शेयर 1.93 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.83, एक्सिस बैंक का 1.38, सनफार्मा का 1.36 और अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.08 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट और एलएंडटी के शेयर भी हरे निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 5.13 फीसदी की गिरावट रही। बीईएल का शेयर 4.76 प्रतिशत, एनटीपीसी का 3.72, इटरनल का 3.39, एशियन पेंट्स का 3.22 और भारती एयरटेल का 3.06 और टाइटन का 3.02 प्रतिशत टूट गया।

पावरग्रिड में 2.89 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.51, अडानी पोर्ट्स का 2.11, टीसीएस का 1.45, आईटीसी का 1.14, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.03 प्रतिशत और इंफोसिस का 0.99 प्रतिशत फिसल गया।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 88,678 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 88,678.10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,588.75 करोड़ रुपये बढ़कर 9,95,610.74 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 24,718.30 करोड़ रुपये बढ़कर?12,25,981.44 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 12,043.96 करोड़ रुपये बढ़कर 17,83,926.92 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का 11,580.28 करोड़ रुपये बढ़कर 6,10,081.53 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 9,322.93 करोड़ रुपये बढ़कर 9,64,738 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो का 1,423.88 करोड़ रुपये बढ़कर 5,80,550.83 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 35,615.21 करोड़ रुपये घटकर 11,27,348.09 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह एलआईसी की बाजार हैसियत 21,188.74 करोड़ रुपये घटकर 5,35,537.56 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 11,143.71 करोड़ रुपये घटकर 7,58,206.42 रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 5,321.83 करोड़ रुपये घटकर 5,10,624.92 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# 16वां केंद्रीय स्वास्थ्य परिषद सम्मेलन : जेपी नड्डा सोमवार को लॉन्च करेंगे 'समग्र शिशु एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के नवजात और छोटे बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के कार्यक्रम के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद (सीसीएचएफडब्ल्यू) के 16वें सम्मेलन में समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (एसएसबीएसके) का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम जन्म से लेकर 36 माह तक के बच्चों को घर और समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि यह कार्यक्रम 'पहले तीन साल सम्पूर्ण देखभाल' की अवधारणा पर आधारित है। इसका उद्देश्य जीवन के शुरुआती तीन वर्षों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, विकास और मस्तिष्क के प्रारंभिक विकास को सुदृढ़ करना है। यह कार्यक्रम प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (एचबीएनसी) और होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड (एचबीवाईसी) जैसी दो प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य पहलों को एकीकृत किया जाएगा। इससे जन्म से लेकर तीन वर्ष की आयु तक बच्चों की देखभाल के लिए एक समग्र ढांचा तैयार होगा और स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतरता बनी रहेगी।

कार्यक्रम के तहत पहली बार जोखिम आधारित देखभाल व्यवस्था लागू की जाएगी। जिन नवजात शिशुओं और बच्चों को 'एट रिस्क' श्रेणी में चिन्हित किया जाएगा, उन्हें अतिरिक्त निगरानी और विशेष देखभाल प्रदान की जाएगी। ऐसे नवजात शिशुओं को जन्म के बाद पहले 42 दिनों के दौरान अधिकतम नौ घरेलू दौरे और जोखिम वाले बच्चों को 36 माह की आयु तक अधिकतम आठ अतिरिक्त घरेलू दौरे उपलब्ध कराए जाएंगे।

मंत्रालय के अनुसार, कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता, सहायक नर्स दाई (एएनएम), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संयुक्त रूप से घर-घर जाकर सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा, प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर 'वेल बेबी सेशन' आयोजित किए जाएंगे तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में हर महीने 'शिशु शिविर' लगाए जाएंगे, जहां जोखिम वाले बच्चों की पहचान, मूल्यांकन और उपचार की व्यवस्था होगी। समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्रसवोत्तर मातृ मानसिक स्वास्थ्य जांच को भी सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा बनाया गया है।

साथ ही, प्रारंभिक बाल विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्तरदायी पालन-पोषण, प्रारंभिक सीखने की गतिविधियां, आयु अनुरूप खेल, बाल सुरक्षा और परिवार की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

कार्यक्रम डिजिटल तकनीक का भी व्यापक उपयोग करेगा। इसके तहत निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस), बाल ट्रैकिंग एप्लीकेशन, रेफरल प्रणाली और अलर्ट तंत्र विकसित किए जाएंगे। इन प्रणालियों को जननी पोर्टल, यू-विन पोर्टल, एमपीसीडीएसआर पोर्टल, आरबीएसके 2.0 पोर्टल और पोषण ट्रैकर से जोड़ा जाएगा। एबीएचए और बाल-एबीएचए आईडी के माध्यम से बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और डेटा आदान-प्रदान को आसान बनाया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम में शहरी क्षेत्रों, विशेषकर झुग्गी बस्तियों, प्रवासी परिवारों और वंचित समुदायों के बच्चों के लिए भी विशेष रणनीति तैयार की गई है। साथ ही डिजिटल युग से जुड़ी नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए छोटे बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और मानसिक विकास को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया जाएगा।

# सूरत में पावर बैंक ब्लास्ट, यूट्यूबर का घर जलकर राख

एजेंसी

सूरत। सोशल मीडिया पर 'लिटिल ग्लव्स' के नाम से मशहूर कंटेंट क्रिएटर और यूट्यूबर शिवानी कपिला के सूरत के जहांगीरपुरा स्थित घर में पावर बैंक ब्लास्ट होने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में उनके यूट्यूब के प्रतिष्ठित डायमंड, गोल्डन और सिल्वर प्ले बटन, महंगे सामान और लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। शिवानी ने अपने सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में बताया कि घटना के समय वह अपनी सास को तेज बुखार के कारण अस्पताल लेकर गई थीं। घर पर उनके पिता मौजूद थे। इसी दौरान बेडरूम में चार्जिंग पर लगे एक वायरलेस पावर बैंक में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे पूरे कमरे में आग फैल गई। उन्होंने बताया कि जब उन्हें आग लगने की सूचना मिली तो पहले लगा कि मामूली घटना होगी, लेकिन घर पहुंचकर देखा कि पूरा कमरा जल चुका था। आग इतनी भीषण थी कि कमरे में लगा एयर कंडीशनर तक पिघल गया। उनके महंगे कपड़े, बैग, एक्सेसरीज़, अलमारी, बेटी आध्या की बचपन की यादें और यूट्यूब से मिले डायमंड, गोल्डन और सिल्वर प्ले बटन भी आग की भेंट चढ़ गए।

पालतू डॉग 'कोको' का चमत्कारिक बचाव हादसे के समय शिवानी का पालतू डॉग 'कोको' भी उसी कमरे में बंद था। कमरे में एसी चलने के कारण उसे वहीं रखा गया था। आग लगने के बाद शिवानी के पिता और उनके मैनेजर राजीव ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और धुएं के बीच से कोको को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कोको को केवल हल्की चोट और कुछ बाल झुलसने के अलावा कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

# पेज एक का शेष

## अखिलेश...

उसका पूरा एजेंडा केवल तुष्टिकरण की राजनीति तक सीमित है। अखिलेश जी, आपमें हिम्मत नहीं है। आप तो मुल्ला-मौलवियों के सामने घुटने टेकने के अलावा कोई ऐसा एजेंडा नहीं रखते जो प्रदेश के विकास, अयोध्या, मथुरा और काशी के उत्थान तथा उनकी पौराणिक पहचान को मजबूत करने का हो। जनता की आंखों में धूल झोंकना बंद करिए। 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' वाली कहावत को चरितार्थ मत करिए। अयोध्या की पहचान पूरी दुनिया में है और उसे किसी राजनीतिक दल के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

2017 से पहले दंगे, कर्फ्यू और माफिया थे पहचान, आज यूपी विकास और सुरक्षा का मॉडल बना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास केवल वहीं संभव है, जहां सुरक्षा और कानून व्यवस्था का मजबूत वातावरण हो। तीनों विधानसभा क्षेत्रों को लगभग 548 करोड़ रुपये की परियोजनाएं उपहार स्वरूप मिली हैं, जिसके लिए सभी क्षेत्रवासियों को बधाई देता हूं। सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही विकास की आशा और आकांक्षाएं पूरी होती हैं। जहां दंगे, उपद्रव और बार-बार कर्फ्यू लगता हो, वहां विकास और उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की यही स्थिति थी। कौन-सा ऐसा जिला था, जहां दंगे नहीं हुए। मथुरा के जवाहरबाग की घटना, कोसीकलां के दंगे, मेरठ, अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर के दंगे प्रदेश की पहचान बन गए थे। हर दूसरे-तीसरे महीने कर्फ्यू लगता था, व्यापार ठप हो जाता था, नौजवानों को रोजगार से हाथ धोना पड़ता था और प्रदेश की छवि पूरे देश में खराब होती थी। लेकिन पिछले 9 वर्षों में तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। अब उत्तर प्रदेश में न दंगे होते हैं, न कर्फ्यू लगता है और न ही गुंडागर्दी बर्दाश्त की जाती है। मोहर्रम के दौरान प्रदेशभर में करीब 12 हजार जुलूस निकले, लेकिन कहीं भी दंगा, उपद्रव या कर्फ्यू जैसी स्थिति नहीं बनी। हाथरस अब विकास से वंचित नहीं रहेगा। यहां औद्योगिक क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। मथुरा-बरेली फोरलेन से जुड़ने के कारण निवेश बढ़ रहा है और उद्योग स्थापित हो रहे हैं।

2017 से पहले उत्तर प्रदेश के युवा छिपाते थे अपनी पहचान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अच्छी सरकारें विकास के साथ गरीबों का कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और व्यापारियों को सुरक्षा देती हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। एक वोट का निर्णय प्रदेश का भविष्य बदल सकता है। जब जनता कमल का बटन दबाकर भाजपा और एनडीए के प्रत्याशियों को जिताती है तो बदले में व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बेटियों की सुरक्षा मजबूत होती है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। आज उत्तर प्रदेश का नौजवान जब दूसरे राज्यों में जाता है तो उसे अपनी पहचान छिपानी नहीं पड़ती। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के युवा अपनी पहचान बताने से बचते थे, क्योंकि पिछली सरकारों ने प्रदेश की छवि खराब कर दी थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों दुर्गेश कुमार, चंद्र प्रकाश, प्रीति, सोनिया, ज्योति, मीना देवी, राधा देवी, विमल राजू, ममता, मार्गश्री को अपने हाथ से आवास की चाभी, चेक, आयुष्मान कार्ड स्मार्टफोन फोन दिया। इस अवसर पर सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि, विधायक अंजुला सिंह माहौर, विधायक बीरेंद्र सिंह राणा, विधायक प्रदीप कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा, लोकदल के जिलाध्यक्ष श्याम चौधरी, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष रवि सारस्वत आदि मौजूद रहे।

## श्री अकाल...

सोमवार को वहां उपस्थित होंगे। वे एक विनम्र सिख के रूप में श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष सरकार की स्थिति स्पष्ट करेंगे तथा अपना पक्ष रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मुझे पहले श्री अकाल तख्त साहिब ने बुलाया था, तब मैं वहां उपस्थित होने के लिए भारत के राष्ट्रपति के एक कार्यक्रम को भी छोड़कर गया था।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब भी मैं गांवों, सामाजिक कार्यक्रमों और जनसभाओं में जाता हूं, वहां भारी जनसमर्थन मिलता है। विपक्षी दल इसे सहन नहीं कर पा रहे क्योंकि वे स्वयं ऐसा जनसमर्थन जुटाने में असमर्थ हैं। इस ज़ोरदार समर्थन से इसी निराशा में वे मेरे विरुद्ध निराधार आरोप लगाने लगे हैं। पंजाब के लोग ऐसी राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा, कांग्रेस और अकाली दल मुझे धार्मिक रूप से बदनाम कर राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, जबकि मैं केवल रोजगार, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास जैसे मुद्दों पर लोगों के हित में कार्य कर रहा हूं। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य सरकार शीघ्र ही जत्थेदार साहिब को पत्र लिखकर बताएगी कि किस प्रकार मेरी छवि खराब करने के लिए मेरी नकल करने वाले व्यक्ति की फर्जी वीडियो का उपयोग किया गया। पत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हमारे मंत्रियों और विधायकों के श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश होने के बाद आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। सिख पंथ में संगत ही सर्वोच्च है और प्रत्येक निर्णय उसकी इच्छा के अनुरूप लिया जाएगा, क्योंकि संगत हर निर्णय का न्याय करने में पूरी तरह सक्षम है।'' महाराष्ट्र सरकार द्वारा 70 वर्ष पुराने ''नांदेड़ सिख गुरुद्वारा सचखंड श्री हजूर अब चलनगर साहिब अधिनियम, 1956'' को निरस्त करने के निर्णय पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार को सिख कौम के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। महाराष्ट्र की भाजपा सरकार को ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए जिनसे सिख समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों। जो किसी के हित में नहीं हैं। राजनीति और धर्म दोनों अलग-अलग विषय हैं और इन्हें किसी भी स्थिति में आपस में नहीं मिलाया जाना चाहिए।''

## खनऊ...

को बढ़ावा दिया, अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया तथा बिना अनुमति सोशल मीडिया का उपयोग कर उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया नीति-2023, उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम 3, 6, 7 एवं 27 तथा उत्तर प्रदेश वर्दी विनियम का उल्लंघन किया। इस गंभीर दुराचार सिद्ध होने के फलस्वरूप आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला को पुलिस सेवा से बर्खास्त किया गया है। कार्रवाई होने के बाद बर्खास्त सिपाही ने कहा कि आज मुझे सच बोलने का इनाम मिला है।

## महाराष्ट्र...

ही मौत हो गई। मृतकों में आरती जीवने (40), भास्कर जीवने (57), महादेव जीवने (42), लता जीवने (43) और त्रिशा जीवने (12) (सभी डी.एड. कॉलेज, बाबूपेठ, चंद्रपुर निवासी) शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही हाइवे पुलिस, स्थानीय पुलिस, एम्बुलेंस और आपातकालीन बचाव दल मौके पर पहुंचा। इसके बाद बचाव दल ने कार में फंसे शवों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। शुरुआती जांच में पुलिस ने शुरुआती अनुमान जताया है कि तेज रफ्तार होने के कारण कार ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस घटना की गहन जारी है।

## असम :...

योजना बना रहे थे। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर इस संभावित हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि हम इस साजिश को विफल करने में सफल रहे हैं। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखी गई है। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आरोपितों के कब्जे से एके-सीरीज की दो राइफलें, 172 राउंड गोला-बारूद, दो ग्रेनेड, बैकपैक, जंगल में जीवित रहने का सामान, खाद्य सामग्री, दवाइयां तथा नकदी बरामद की। इसके बाद पुलिस ने एक अन्य अभियान चलाकर उग्रवादियों को लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में पानीटोला निवासी बिटु बोरा और कल्प बोरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, बिटु बोरा की स्विफ्ट कार (एआर-20ए-5892) का इस्तेमाल कथित तौर पर गिरफ्तार दोनों कैडरों ने किया था। वहीं, 'ऑल असम मटक युवा छात्र परिषद' के सह महासचिव कल्प बोरा पर उल्फा (आई) को सहयोग देने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान दोनों ने कथित तौर पर कबूल किया कि जब्त कार उल्फा (आई) के वरिष्ठ कैडर ऐसेंग आसोम के कहने पर मंगवाई गई थी। पुलिस ने पूरे तिनसुकिया जिले में सुरक्षा बढ़ा दी है और इस कथित साजिश व बड़े सपोर्ट नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के लिए आगे की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि, 26 जून को केंद्रीय एजेंसियों और सुरक्षा बलों की मदद से तिनसुकिया पुलिस द्वारा चलाए गए एक खुफिया-आधारित अभियान में लेखापानी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जागुन से उल्फा (आई) के दो सक्रिय कैडरों को पकड़ा गया था। जिनकी पहचान स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट सियोर आसोम उर्फ हुमेनज्योति बरुवा (27) और स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट मनोज आसोम उर्फ पापु मोरान (30) के रूप में की गयी है। ये दोनों वर्ष 2018 में उल्फा (आई) में शामिल हुए थे और कई आतंकी घटनाओं में शामिल पक्के कैडर थे।--

## जन आंदोलन...

उसके महत्वपूर्ण योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने देश की सेवा के लिए समर्पित स्वास्थ्य पेशेवरों की कई पीढ़ियां तैयार की हैं। उन्होंने इस बात पर ख़ुशी व्यक्त की कि बड़ी संख्या में छात्रों ने बेंगलुरु, कर्नाटक और अंततः पूरे भारत को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह प्रतिबद्धता नशा मुक्त भारत अभियान को नई शक्ति प्रदान करेगी। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत शिशुओं को पोलियो की खुराक भी पिलाई। उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतियों को संस्थान के विकास और उन्नति में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया।कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सैयद अब्दुल नजीर, कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. शरण प्रकाश आर. पाटिल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यू.टी. खादर फरीद, आरजीयूएचएस के कुलपति डॉ. भगवान तथा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## मन की बात...

सोना खरीदने के बजाय पुराने आभूषणों को पुनर्चक्रित कर उपयोग करने का निर्णय लिया है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी विदेश यात्राएं स्थगित की हैं और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी है। लोग कार पूलिंग को अपना रहे हैं, जिससे पेट्रोल और डीजल की बचत हो रही है। विभिन्न राज्यों से प्राकृतिक उर्वरकों के उपयोग में वृद्धि की रिपोर्ट भी प्राप्त हो रही है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्हें कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है। इन युद्धपोतों की डिजाइनिंग से लेकर निर्माण तक का संपूर्ण कार्य भारत में हुआ है। यह उपलब्धि केवल रक्षा क्षेत्र की सफलता नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, इंजीनियरिंग कौशल और आत्मनिर्भरता का भी प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में देश ने विमानन क्षेत्र में भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।'मेड इन इंडिया' सी-295 परिवहन विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी की है। ऐसे 40 विमान भारत में ही निर्मित किए जा रहे हैं। इससे देश के एमएसएमई क्षेत्र, एयरोस्पेस उद्योग और कौशल विकास को नई गति मिल रही है। साथ ही, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह उपलब्धि डीआरडीओ और भारतीय उद्योग जगत के साझा प्रयासों का परिणाम है। इससे भारत की रक्षा क्षमता और अधिक मजबूत हुई है तथा देश समुद्र से लेकर आकाश तक अपनी सुरक्षा को और सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही है। डोमिनिकन रिपब्लिक में 'ब्रह्मकमल डोमिनिकाना' नामक समूह के सदस्य वैदिक साहित्य का अध्ययन कर रहे हैं और वैदिक मंत्रों का उच्चारण सीख रहे हैं। यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय के जीवित जड़ पुल भारत की अद्वितीय धरोहर हैं। दशकों की मेहनत से तैयार ये पुल प्रकृति और मानव के बीच संतुलन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। भारत ने इन्हें यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय समुदाय 120 से अधिक जड़ पुलों के संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पद्म सम्मान से सम्मानित हाली वार के योगदान का भी उल्लेख किया, जिन्होंने अपना जीवन इन पुलों के संरक्षण को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस बार भी पूरी दुनिया को भारत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में सफल रहा। दुनिया भर में 2,500 से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत में भी करोड़ों लोगों ने योग दिवस में भागीदारी की। उन्होंने कहा कि योग आज केवल भारत की परंपरा नहीं, बल्कि वैश्विक जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैम्पियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। भारत ने कुल 114 पदक जीते, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि देश के लिए गौरव का विषय है और यह दर्शाती है कि योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में भी दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार ने सामाजिक सरोकार का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। विवाह समारोह के अवसर पर परिवार ने लगभग 3,500 ग्रामीणों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की और प्रत्येक व्यक्ति को एक लाख रुपये का बीमा कवर उपलब्ध कराया। यह पहल दर्शाती है कि व्यक्तिगत खुशियों को सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से भी जोड़ा जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार भी करोड़ों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत केवल 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाता है। अब तक 58 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं, जिनमें लगभग 28 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। इस योजना के माध्यम से अब तक प्रभावित परिवारों को 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस में बीटेक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इससे भारतीय भाषाओं के लिए नई तकनीक विकसित करने, प्राचीन ग्रंथों को डिजिटल स्वरूप में संरक्षित करने और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के बियावरा की महिलाओं ने प्लास्टिक कचरे को ईको-ब्रिक्स में बदलकर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जो प्लास्टिक कभी प्रदूषण का कारण था, वही अब सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण में उपयोग हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी गणेश उत्सव के अवसर पर लोगों को मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने लोगों से प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से बचने और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित प्रतिमाएं खरीदने का आग्रह किया। 'वोकल फॉर लोकल' केवल आर्थिक अभियान नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक और सामाजिक शक्ति को बढ़ाने का माध्यम भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने 'कैच द रेन' अभियान को और मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्षा जल की एक-एक बूंद बचाना देश के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने देशवासियों से जल संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का रविवार को रेडियो से प्रसारण हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में माध्यम से मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा की बहनों के पर्यावरण क्रांति के अनुकरणीय प्रयासों का उल्लेख किया।

दरअसल, मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की ब्यावरा शहर की बहनों के अनूठे प्रयास का जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में 'प्लास्टिक मुक्त अभियान' का उल्लेख किया तो इस पल ने यहां के वाशिंदों के मन में गौरव और सम्मान भर दिया। प्रधानमंत्री ने ब्यावरा की बहनों एवं पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े इस अनुकरणीय प्रयास के लिए मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने अभियान को 'जनभागीदारी से सामाजिक परिवर्तन' और 'वेस्ट टू वेल्थ' का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए इसे पूरे देश के लिए प्रेरणादायी बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले के हिल स्टेशन ग्राम कुकरू में ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भैंसदेही के विधायक महेन्द्र केशर सिंह चौहान, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन नागर एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उद्बोधन में मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा की उन सभी बहनों की सराहना की, जो प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल कर इको-ब्रिक्स तैयार कर रही हैं। यह सराहनीय पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ ही महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरणादायी उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आगामी गणेश महोत्सव में देशवासियों से मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं लेने का आग्रह भी किया है, जिससे हमारी आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी और सशक्त हो।

आखिर क्या है यह अभियान

ब्यावरा की पर्यावरण प्रेमी संस्था के संयोजक अनिल कुशवाहा के नेतृत्व में पिछले कई महीनों से नगर में घर-घर से निकलने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन को एकत्र कर ईको ब्रिक्स तैयार की जा रही हैं। इन ईको ब्रिक्स से पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों के लिए बेंच, सजावटी संरचनाएं, गार्डन फर्नीचर तथा अन्य उपयोगी सामग्री निर्मित की जा रही है। यह पहल 'वेस्ट टू वैल्यू' की अवधारणा को साकार कर 'प्लास्टिक कचरे को बहुपयोगी संसाधन' में बदल रही है।

उन्होंने बताया कि अभियान की सबसे बड़ी ताकत जन सहभागिता है। यहां शहर की सभी गृहिणियां अपने घरों से निकलने वाली पॉलीथीन अलग से एकत्र कर रही हैं, व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों का प्लास्टिक इस संस्था को सौंप रहे हैं और शहर के युवा समय निकालकर प्रतिदिन पर्यावरण संरक्षण के इस मिशन से जुड़ रहे हैं। संस्था द्वारा नगर में प्लास्टिक बैंक एवं बोतल बैंक स्थापित किए गए हैं, जहां नागरिक आसानी से प्लास्टिक्स जमा करा सकते हैं। शहर के विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम करके नई पीढ़ी को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

संस्था के सदस्य तरुण सेन बताते हैं कि वर्तमान में 40 से 50 युवाओं एवं महिलाओं की टीम रोजाना स्वैच्छिक रूप से अभियान में काम कर रही है। अब तक 2 क्विंटल से अधिक प्लास्टिक को ईको ब्रिक्स में बदल कर नगर के विभिन्न स्थानों में इनका उपयोग किया जा चुका है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का सहयोग भी दिनों-दिन बढ़ रहा है, इससे अभियान एक व्यापक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। नगरपालिका ब्यावरा ने भी इस अभिनव पहल से जुड़कर भविष्य में ईको ब्रिक्स से निर्मित उत्पादों का सार्वजनिक स्थलों पर अधिकाधिक उपयोग करने की मंशा जाहिर की है।

## सेशेल्स....

शुभकामनाएं लेकर आए हैं। साल 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंद महासागर क्षेत्र में उनकी पहली यात्रा सेशेल्स की ही थी और एक दशक बाद यहां लौटने पर उनका यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि हिंद महासागर के लिए भारत के दृष्टिकोण में सेशेल्स की विशेष और केंद्रीय भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सेशेल्स की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती के अवसर पर यहां उपस्थित होकर प्रसन्न हैं। भारत और सेशेल्स का रिश्ता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि यह साझा इतिहास, विश्वास, समुद्री सहयोग और जन-जन के संबंधों पर आधारित है। भारत और सेशेल्स का भविष्य परस्पर जुड़ा हुआ है और दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र को सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध बनाने के लिए साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष भारत-सेशेल्स संबंधों की गहराई का महत्वपूर्ण प्रतीक है। 50 वर्ष पहले जब सेशेल्स स्वतंत्र हुआ था, तब भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि मित्रता और एकजुटता के प्रतीक के रूप में पोर्ट विक्टोरिया में मौजूद था। आज स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती के अवसर पर भारतीय नौसेना के आईएनएस इक्षक और आईएनएस तरकश पोर्ट विक्टोरिया में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों में बहुत कुछ बदला है, लेकिन दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना नहीं बदली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेशेल्स रक्षा बलों की पेशेवर क्षमता और समर्पण का सम्मान करता है। दशकों से दोनों देशों की सेनाएं, तटरक्षक बल और समुद्री एजेंसियां साथ प्रशिक्षण लेती रही हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए मिलकर कार्य करती रही हैं। उन्होंने सेशेल्स की सांस्कृतिक विविधता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सेशेल्स की सबसे बड़ी शक्ति उसके लोग हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने यहां अपनी भाषाएं, परंपराएं, रीति-रिवाज और विश्वास लेकर एक साझा सेशेल्वा पहचान का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि नेशनल असेंबली का आदर्श वाक्य 'यूनिटी इन डाइवर्सिटी' भारत की मूल भावना से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह विविधता क्रियोल संगीत की धुनों में सुनाई देती है, माउत्या नृत्य की लय में दिखाई देती है और फ़ेस्टिवल क्रियोल के उत्सव में महसूस की जा सकती है। भारत और सेशेल्स के सांस्कृतिक संबंध रोजमर्रा के जीवन में भी दिखाई देते हैं। करी कोको, समोसा और चटनी के स्वाद से लेकर दीपावली, थाई पोंगल और नवरात्रि के गरबा तक दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यही क्रियोल भावना दोनों देशों की मित्रता को भविष्य में और मजबूत बनाने का आधार है।

प्रधानमंत्री ने नेशनल असेंबली की नई संरचना को बधाई देते हुए आठवीं नेशनल असेंबली के नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महिला स्पीकर को सदन की पहली महिला अध्यक्ष बनने पर विशेष बधाई भी दी।

इस दौरान नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता बर्नार्ड जॉर्जेस ने कहा कि देश अपनी स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती मना रहा है लेकिन राजनीतिक स्तर पर अभी भी विभाजन की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष स्वर्ण जयंती समारोहों में भाग नहीं लेगा क्योंकि उसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा को लेकर चिंताएं हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा कई दृष्टियों से ऐतिहासिक मानी जा रही है। वह 29 जून को सेशेल्स की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भाग ले रही है, जबकि भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तरकश और हाइड्रोग्राफिक सर्वे पोत आईएनएस इक्षक भी समारोह का हिस्सा हैं।

यात्रा के दौरान भारत ने सेशेल्स के विकास और आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 1,651 करोड़ रुपये) के आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। साथ ही भारत ने सेशेल्स को भारत में निर्मित फास्ट पेट्रोल वेसल 'पीएस लेस्पवार' भी भेंट किया है, जिसे समुद्री सुरक्षा और निगरानी क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। यह उनके द्वारा संबोधित की गई 20वीं विदेशी संसद है। इससे पहले वह भूटान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, फिजी, मॉरीशस, श्रीलंका, मंगोलिया, ब्रिटेन, अफगानिस्तान, अमेरिका, युगांडा, मालदीव, गुयाना, घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, नामीबिया, इथियोपिया और इजराइल की संसदों को संबोधित कर चुके हैं। इससे पहले इस साल फरवरी में वह इजराइल की संसद 'नेसेट' को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे।

इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सेशेल्स के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'गार्जियन ऑफ ब्लू होराइजन' से भी सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें अब तक 34 देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। सम्मान स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने सेशेल्स की जनता, सरकार और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

सेशेल्स सरकार ने यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से मुकाबले और सतत विकास को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए प्रदान किया है। पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी को इससे पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। मई 2026 में संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने उन्हें 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किया था, जबकि वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें अपना सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड' प्रदान किया था। इन सम्मानों को भारत की पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं और वैश्विक जलवायु नेतृत्व की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

## राम ...

भेजकर पूछताछ करनी चाहिए। उनसे पूछा जाए कि 'हजारों करोड़ की चोरी' के दावे का आधार क्या है और वे इससे जुड़े दस्तावेज व जानकारियां उपलब्ध कराएं। यदि वे सबूत नहीं दे पाते और निश्चित रूप से उनके पास कोई सामग्री नहीं है तो उन्हें कानूनन दंडित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जितने आरोपों में कोई तथ्य है या हो सकता है, उनसे हमें कोई शिकायत नहीं है। लेकिन जो अतिवादी लोग इस बहती गंगा में हाथ धोने के लिए राजनीतिक विद्वेष के कारण ऊल-जलूल बोल रहे हैं, उन्हें अपने किए का दंड भुगतना ही चाहिए।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उस बयान पर भी आलोक कुमार ने जमकर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार आने पर वे अयोध्या को 'सियाराम धाम' बना देंगे।

उन्होंने अखिलेश यादव के पिछले कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा कि चुनाव के समय नेता अक्सर ऐसे वादे करते हैं जैसे आसमान के तारे तोड़ लाएंगे या धरती पर स्वर्ग उतार देंगे। 'सियाराम धाम' का नारा भी बिल्कुल वैसा ही है।

आलोक कुमार ने कहा कि अखिलेश यादव पूरे 5 साल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उस दौरान वे न तो खुद कभी अयोध्या दर्शन करने गए और न ही वहां के विकास के लिए कुछ किया। उनके समय में अयोध्या धूल, टूटी सड़कों और बदहाली से जूझता हुआ एक भूला-बिसरा गांव जैसा था।

जनता इनका पिछला रिकॉर्ड नहीं भूलेगी। जब इनके पिता मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे, तब इसी अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलवाई गई थीं और वे मारे गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावों में केवल राम जी के नाम पर वैतरणी पार करने के लिए ऐसे मनमोहक नारे देना अब काम नहीं आएगा। जनता पूरी असलियत जानती है और राम जन्मभूमि को बदनाम करने की इन चेष्टाओं का जवाब वह सही समय पर देगी।

# दिल्ली सरकार ने 1.4 लाख से अधिक ई-फाइलें और 9.2 लाख से अधिक ई-रसीदों का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 1 जुलाई को दिल्ली सरकार में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने का एक वर्ष पूरा हो जाएगा। अब सरकार की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में व्यापक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। 1 जुलाई 2025 से 12 अप्रैल 2026 के बीच सरकारी विभागों में 1,14,603 ई-फाइलों और 7,14,091 ई-रसीदों का निस्तारण किया गया। पहले अधिकांश काम कागजी फाइलों के माध्यम से होता था, जबकि अब फाइलों का संचालन, पत्राचार और अनुमोदन ऑनलाइन होने लगा है। इससे फाइलों के निस्तारण में तेजी आई है, कामकाज अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बना है और लोगों को सरकारी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने रविवार को विज्ञप्ति के जरिए बताया कि ई-ऑफिस व्यवस्था के माध्यम से अब यह आसानी से पता चल जाता है कि कोई फाइल किस अधिकारी के पास लंबित है और उस पर क्या कार्रवाई हुई है। इससे रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है, अनावश्यक देरी कम होती है और विभागों के बीच कामकाज पहले की तुलना में अधिक सुचारु ढंग से होता है। यही कारण है कि दिल्ली सरकार लगातार अधिक से अधिक विभागों और संस्थानों को इस व्यवस्था से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च 2025 तक दिल्ली सरकार के 198 विभागों एवं कार्यालयों के 5,005 अधिकारी और कर्मचारी ई-ऑफिस के माध्यम से सरकारी फाइलों और कार्यालयी कामकाज का ऑनलाइन निस्तारण कर रहे थे। 27 जून 2026 तक यह संख्या बढ़कर 235 विभागों एवं कार्यालयों के 15,748 अधिकारी और कर्मचारी हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों और संस्थानों की कार्यप्रणाली एक जैसी नहीं होती। इसी कारण दिल्ली सरकार ने ई-ऑफिस व्यवस्था को तीन



अलग-अलग श्रेणियों में विकसित किया है। पहली श्रेणी पूर्ण रूप से सरकारी विभागों के लिए, दूसरी सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों, निगमों, आयोगों, समितियों, स्वायत्त व स्थानीय निकायों के लिए तथा तीसरी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए बनाई गई है। इससे प्रत्येक श्रेणी की आवश्यकताओं के अनुरूप कामकाज अधिक प्रभावी ढंग से हो रहा है। इसी के मद्देनजर 1 जुलाई 2025 से दिल्ली सरकार के सभी सरकारी विभागों में ई-ऑफिस का उपयोग अनिवार्य किया गया था। वर्तमान में 132 शुद्ध सरकारी विभाग इस व्यवस्था से जुड़ चुके हैं, जहां 11,940 सक्रिय उपयोगकर्ता कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 जुलाई 2025 से 12 अप्रैल 2026 के बीच सरकारी विभागों में 1,14,603 ई-फाइलों और 7,14,091 ई-रसीदों का निस्तारण किया गया। वहीं नई ई-ऑफिस व्यवस्था शुरू होने के बाद 13 अप्रैल से 27 जून के बीच ही लगभग 23,767 ई-फाइलों और 1.53 लाख ई-रसीदों का निस्तारण किया गया, जिससे स्पष्ट है कि विभागों में इस व्यवस्था का उपयोग तेजी से बढ़ा है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों, निगमों, आयोगों, समितियों और अन्य स्वायत्त एवं स्थानीय निकायों की 55 संस्थाओं में 3,090 सक्रिय उपयोगकर्ता ई-ऑफिस के माध्यम से काम कर रहे हैं। इन संस्थाओं में 15 अप्रैल से 27 जून के बीच 4,672 ई-फाइलों और 55,132 ई-रसीदों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों की 48 संस्थाओं में 718 सक्रिय उपयोगकर्ता ई-ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं। 17 अप्रैल से 27 जून के बीच इन संस्थानों में 1,267 ई-फाइलों और 3,051 ई-रसीदों का निस्तारण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य सभी सरकारी कार्यालयों में ऐसा कार्य वातावरण विकसित करना है, जहां कामकाज तेज, पारदर्शी और जवाबदेह हो तथा लोगों को सरकारी सेवाओं के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। ई-ऑफिस व्यवस्था इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। आने वाले समय में इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा ताकि दिल्ली में सुशासन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस का दायरा लगातार बढ़ रहा है। 13 अप्रैल के बाद 132 सरकारी विभागों में से 120 विभाग नियमित रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से काम कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने यमुना घाट स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान, बोलीं - यमुना दिल्ली की जीवनधारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को चिल्ला गांव में यमुना घाट स्वच्छता अभियान में बड़ी संख्या में युवा साथियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों के साथ श्रमदान किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि यमुना दिल्ली की स्मृति, संस्कृति और जीवनधारा है। इसे स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए दिल्ली सरकार वैज्ञानिक, स्थायी और व्यापक स्तर पर निरंतर कार्य कर रही है। स्वच्छ घाट उसी संकल्प का सजीव प्रमाण हैं। उन्होंने सेवा के इस अभियान से जुड़े प्रत्येक स्वयंसेवक को हृदय से धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के प्रत्येक परिवार से आग्रह किया कि किसी भी दिन थोड़ा समय यमुना के नाम अवश्य निकालें। अपने बच्चों का हाथ थाम कर किसी घाट पर चल रहे स्वच्छता अभियान से जुड़ें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां यमुना को वैसा ही पाएंगी, जैसा हम आज उसे सौंपेंगे। यही हमारी जिम्मेदारी है, यही हमारी विरासत है।

## दधीचि देहदान समिति, बिहार की भागलपुर शाखा का गठन पदाधिकारियों ने ली शपथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर के श्री श्री गौशाला सभागार, भागलपुर में रविवार को दधीचि देहदान समिति, बिहार ऽ भागलपुर शाखा की स्थापना सभा सह विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नेत्रदान (कॉर्निया दान), अंगदान एवं देहदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा मानव सेवा के इस महान अभियान को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षकों, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शांति मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता तथा स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। डॉ. प्रमोद सिंघानिया की अध्यक्षता एवं रतन सांथालिया के संचालन में कार्यक्रम गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। स्वागत भाषण में डॉ. प्रमोद सिंघानिया ने कहा कि नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है तथा समाज के प्रत्येक नागरिक को इस पुनीत कार्य से जुड़ना चाहिए। दधीचि देहदान समिति, बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निर्मल कुमार जैन ने संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समिति पूरे बिहार में जागरूकता अभियान चलाकर अधिकाधिक लोगों को नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के लिए प्रेरित करेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पटना उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अरुण सत्यमूर्ति ने नवगठित भागलपुर शाखा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, सह सचिव, वित्त सचिव सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा संगठन के उद्देश्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि भागलपुर के विधायक रोहित पाण्डेय ने कहा कि नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने समिति के इस जनकल्याणकारी अभियान की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री श्री गौशाला, भागलपुर के महामंत्री गिरधारी केजरीवाल ने समिति के गठन का स्वागत करते हुए इसे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष मालू जैन, सह सचिव चांद झुनझुनवाला, चिंटू अग्रवाल सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया तथा नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद् के 35 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीवान। जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद्, सीवान के तत्वावधान में रविवार को महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवा और समर्पण की भावना से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, पूर्व छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जागरूकता अभियान के बाद 35 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

शिविर के आयोजन में भारत विकास परिषद्, देशरत्न शाखा, सिवान तथा प्रभा कम्पोनेन्ट ब्लड सेंटर, सिवान का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पूर्व छात्र परिषद्, सीवान के संयोजक समर प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर में विद्यालय के पूर्व छात्रों सहित 75 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को रक्तदान के महत्व, उसके स्वास्थ्य लाभ तथा जरूरतमंद मरीजों के





जीवन बचाने में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूकता के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। पूर्व छात्र परिषद्, उत्तर बिहार प्रांत के मार्गदर्शक अनिल कुमार राम ने कहा कि विद्या भारती के पूर्व छात्र शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से आयोजित यह रक्तदान शिविर पूरी तरह सफल रहा। ऐसे आयोजन लोगों में सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को रक्तदान जैसे महादान के लिए प्रेरित करते हैं। रक्तदान शिविर का शुभारंभ विद्या भारती के सिवान विभाग निरीक्षक एवं पूर्व छात्र परिषद् के प्रांतीय मार्गदर्शक अनिल कुमार राम, संयोजक समर प्रताप सिंह, भारत विकास परिषद्, देशरत्न शाखा के अध्यक्ष रोहित कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार, विद्या भारती, बिहार के प्रचार-प्रसार संयोजक नवीन सिंह परमार तथा अभिभावक दंपति अमित कुमार सिंह एवं गिन्नी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में अनिल कुमार राम, समर प्रताप सिंह, रोहित सिंह, ईदल कुमार सिंह, आकाश कुमार अग्रवाल, डॉ. विपुल कुमार, अर्पित कुमार सिंह, अमित कुमार, गिन्नी सिंह, प्रीति सिंह, डॉ. हरदीप सिंह, सत्यम कुमार, जिउत कुमार चक्रवर्ती, अतुल कुमार श्रीवास्तव, भास्कर कुमार, रोहित कुमार परमार, विवेक कुमार यादव, सौरभ कुमार, त्रिभुवन प्रसाद, हृत्विक कुमार, रवि कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, श्रवण सिंह, डॉ. संजय सिंह, रंजीत कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह एवं रवींद्र राय सहित कुल 35 रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## युवाओं की आवाज़ दबाने के बजाय संवाद करे सरकार : कुमारी सैलजा

चंडीगढ़। हरियाणा में एचपीएससी पीजीटी भर्ती से जुड़े ओबीसी एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के धरने पर सांसद कुमारी सैलजा ने सरकार के रवैये पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यदि अभ्यर्थी लंबे समय से शांतिपूर्वक आमरण अनशन पर बैठे थे, तो सरकार का पहला दायित्व उनसे संवाद कर समाधान निकालना था। आधी रात धरना स्थल खाली कराना तथा महिला अभ्यर्थियों सहित प्रदर्शनकारियों के साथ कथित बल प्रयोग और हिरासत में लेने जैसी घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। सुश्री सैलजा ने कहा कि रोजगार, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और आरक्षण से जुड़े मुद्दे लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़े हैं। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए संविधान प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करना चाहिए और सभी पक्षों के साथ बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोहर्रम जुलूस में नियमों के उल्लंघन पर आयोजकों के विरुद्ध अभियोग दर्ज, एसएसपी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नगर में बीते शुक्रवार 26 जून को मोहर्रम के जुलूस के दौरान निर्धारित शर्तों और समय-सीमा का उल्लंघन किए जाने पर नैनीताल पुलिस ने आयोजकों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करने की बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। नैनीताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहर्रम के जुलूस से पूर्व पुलिस एवं प्रशासन की ओर से आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर रात्रि 9 बजे तक जुलूस समाप्त करने



सहित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद आयोजकों द्वारा निर्धारित समय-सीमा का उल्लंघन करते हुए देर रात तक जुलूस निकाला गया। पुलिस का कहना है कि देर रात तक चले जुलूस के कारण नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। कानून व्यवस्था बनाए रखने में अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इससे स्थानीय नागरिकों तथा नगर भ्रमण पर आए पर्यटकों को भी काफी असुविधा हुई। पुलिस के अनुसार आयोजकों ने पूर्व निर्धारित निर्देशों का पालन नहीं किया, जिसके कारण कोतवाली मल्लीताल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 223, 285 एवं 3(5) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने स्पष्ट कहा कि नैनीताल जिला मुख्यालय होने के साथ-साथ एक प्रमुख पर्यटन नगरी भी है और यहां किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जो कोई निर्धारित नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 'मन की बात' राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है: संजय सरावगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने रविवार को पटना स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का श्रवण किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद का मंच नहीं, बल्कि देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता, जनभागीदारी और सेवा के लिए प्रेरित करने वाला एक सशक्त माध्यम बन चुका है। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत की विभिन्न उपलब्धियों और जनकल्याणकारी अभियानों का उल्लेख किया। उन्होंने भारतीय नौसेना में शामिल किए गए स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का जिक्र करते हुए कहा कि इनकी डिजाइन से लेकर निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया भारत में ही पूरी हुई है। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान और देश की बढ़ती रक्षा क्षमता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवशाली ज्ञान परंपरा और भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत का भी उल्लेख किया। इसके माध्यम से नई पीढ़ी को देश की सांस्कृतिक और शैक्षणिक धरोहर से जोड़ने का संदेश दिया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जरिए वैश्विक स्तर पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के प्रयासों की भी चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया, जिससे स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और उद्यमियों को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता, विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी और युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर भी प्रेरणादायी विचार रखे। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक 'मन की बात' कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को सकारात्मक सोच, सेवा भावना और राष्ट्रहित में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उनके अनुसार यह कार्यक्रम देशवासियों को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन गया है। इस बीच भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में भी 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन, पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू सहित पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद शंभू शरण पटेल, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचन्द्र प्रसाद सिंह, सुरेश रुंगटा, पूर्व विधान पार्षद मनोज सिंह, राधा मोहन शर्मा, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, मुख्यालय प्रभारी अक्षय कुमार, सतीश यादव, कार्यालय मंत्री विनय केशरी, उपेंद्र सिंह, विकास कुमार, विनोद शर्मा, आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेशों को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रेरणादायी बताया।

## हजूर साहिब एक्ट पर राजनीति कर रहे हैं केजरीवाल और भगवंत मान, तथ्यों से कर रहे हैं परहेज: ख्याला

**अमृतसर।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रवक्ता प्रोफ़ेसर सरचांद सिंह ख्याला ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तख्त श्री हजूर साहिब से जुड़े प्रस्तावित एक्ट को लेकर सिख भावनाओं के साथ राजनीतिक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि जिस प्रस्तावित कानून का मसौदा अभी तक सार्वजनिक ही नहीं हुआ, उसके बारे में भ्रम और डर फैलाना पंथक चिंता नहीं बल्कि राजनीतिक अवसरवाद है। प्रो. ख्याला ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री मान बिना मसौदा देखे ही महाराष्ट्र सरकार पर राजनीति करने के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही सरकार पहले श्री गुरु ग्रंथ साहिब से जुड़े कानूनी मामलों में व्यापक पंथक सहमति के बिना संशोधन कर चुकी है और उस विवाद का समाधान आज तक नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग स्वयं पंथक सहमति की परवाह नहीं करते, उन्हें दूसरों को सीख देने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों द्वारा सिख समाज की चिंताओं को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष रखने के बाद संवाद की प्रक्रिया शुरू हुई।

# रुड़की में मुख्यमंत्री धामी ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बात का 135वां संस्करण

**जनभागीदारी को बताया राष्ट्र निर्माण का आधार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रुड़की में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण को भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम जनभागीदारी को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा देने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक संबोधन में देशभर में जनसहयोग से हो रहे प्रेरणादायी कार्यों, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन, नवाचार, युवाओं की





सहभागिता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सामने लाते हैं, जिससे नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का सबका प्रयास का संदेश विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग और सहभागिता से ही विकसित भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जनकल्याण, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, महिला व युवा सशक्तिकरण, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन व सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष मधु सिंह, रुड़की नगर निगम की मेयर अनीता अग्रवाल, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, श्यामवीर सैनी, आदेश सैनी, शोभाराम प्रजापति, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063